BIHHIN/2021/85413

# चौथी वाणी

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

एक अखबार, पूरा हिन्दुस्तान

पटना (बिहार) से प्रकाशित



आईपीएल 2026 : गिल-बटलर की फिफ्टी, जीटी ने एलएसजी को 7 विकेट से हराया

वर्ष : 05 | अंक : 103 | सोमवार 13 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 02 | ई मेल : chauthivanii@gmail.com | WWW.chauthivani.com

# नीतीश कल देंगे इस्तीफा, 15 को शिवराज करेंगे नए सीएम चेहरे का ऐलान

## 12 घंटे में सम्राट चौधरी दूसरी बार नीतीश से मिलने पहुंचे

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार में नई सरकार को लेकर हलचल तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 14 अप्रैल को कैबिनेट की आखिरी बैठक करेंगे। इसी दिन सीएम पद से इस्तीफा भी दे सकते हैं। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक यानि ऑब्जर्वर बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, 15 अप्रैल को शिवराज सिंह नए सीएम फेस का ऐलान करेंगे।

इधर, 12 घंटे में सम्राट चौधरी दूसरी बार नीतीश कुमार से मिलने सीएम हाउस पहुंचे। इस दौरान जदयू

### निशांत को सीएम बनाने की मांग के लगे पोस्टर

के वरिष्ठ नेता व मंत्री विजय चौधरी भी साथ थे। तीनों के बीच करीब 20 मिनट बातचीत हुई। बैठक के बाद मंत्री विजय चौधरी ने सीएम फेस पर कहा कि ये तो बीजेपी को तय करना है, उसके बाद एनडीए की बैठक में सहमति बनेगी। इस दौरान संजय झा भी सीएम से मिलने पहुंचे। वहीं बीजेपी और जदयू के विधायकों को पटना में रहने का निर्देश दिया गया है।



सूत्रों के अनुसार, अगले दो दिनों में सभी मुद्दों पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। इधर, निशांत कुमार को सीएम बनाने की मांग करते हुए पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर में लिखा है, बिहार में ना तो बुलडोजर बबाल और ना ही फिर से दंगा-फसाद चाहिए। आपके परछाई स्वरूप निशांते कुमार चाहिए। ये पोस्टर सीएम हाउस और जदयू कार्यालय के बाहर लगाया गया है।

**आधा दर्जन मंत्री भी लेंगे शपथ :** सूत्रों के मुताबिक 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। इसके बाद 15 अप्रैल को नई सरकार के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। नए सीएम के साथ ही आधा दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे। ये शपथ राज्यपाल रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन के मौजूदगी में लोक भवन में होगा। हालांकि, नई सरकार बनने और शपथ ग्रहण के लिए अधिकारिक रुप से कोई सूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन, सभी विभागों के अधिकारियों को इसके लिए अलर्ट किया गया है।

### नीतीश कुमार को जबरन हटाना चाह रही भाजपा : तेजस्वी

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार में नई सरकार को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठे दो लोग ही सरकार तय करेंगे। कहाकि नए सीएम के नाम से हमको क्या लेना देना है, जनता का मैंडेट इन लोगों के पास नहीं है। जब से सरकार बनी है, सरकार ही फिर से सरकार बनवा रही है। 2 महीने से कैबिनेट की बैठक नहीं हुई, कोई निर्णय नहीं हुआ। बिहार पीछे जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार चाहते थे कि मुख्यमंत्री वही रहें, लेकिन अब उनके चाहने से कुछ भी नहीं होगा। लेकिन जिस प्रकार से भाजपा ने उनके साथ किया, उनको पहले से मालूम था। नीतीश को पद से भाजपा हटा रही है। इधर, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि अब बिहार सरकार रिमोट कंट्रोल से चलेगी। असली फैसले दिल्ली में लिए जाएंगे।

# नहीं रहीं सुरों की 'आशा', हर आंख हुई नम

## आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन



**मुंबई (एजेंसी)।** संगीत जगत की महान हस्ती आशा भोसले का निधन हो गया है। 92 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की पुष्टि उनके बेटे आनंद भोसले, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार और मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉक्टर प्रतीत समदानी ने की। इस दुखद खबर के सामने आते ही फिल्मी सितारों और आम लोगों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि आशा भोसले की तबीयत पिछले कुछ समय से खराब चल रही थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से बाहर आकर बेटे आनंद ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अंतिम दर्शन होंगे और 4 बजे शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं डॉक्टर प्रतीत समदानी ने कहा कि यह बड़ी दुख की खबर है कि आशा भोसले जी का निधन हो गया है। उनको मल्टी ऑर्गन फेलियर था, जिसके चलते उन्होंने अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार ने मीडिया से बात करते हुए बताया, "आज पूरा देश शोक में डूबा है। आज एक युग का अंत हो गया है।"

### सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले का निधन देश के लिये अपूरणीय क्षति : नीतीश



**चौथी वाणी/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है। सीएम ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. आशा भोसले प्रख्यात पार्श्व गायिका थीं। उन्हें पद्म विभूषण तथा दादा साहब फाल्के जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में याद रखेंगी, जिनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी। उनका जाना भारतीय संगीत के एक युग का अंत है। उनका निधन देश के लिये अपूरणीय क्षति है। सीएम ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेंगलुरु और मुंबई के बीच शुरू होगी नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने को मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री ने सांसद पीसी मोहन को इसको मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया है कि कर्नाटक के केएसआर बेंगलुरु स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। उम्मीद है कि अगले माह इस नई ट्रेन सेवा की शुरूआत हो सकती है। इससे दक्षिण और पश्चिम भारत के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। साथ ही यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्लीपर कोच में आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

### इस हफ्ते सोने की चमक बढ़ी, चांदी करीब 12 हजार रुपए महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में इस हफ्ते तेजी देखने को मिली है। सोने का दाम 3,700 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी की कीमतों में करीब 12,000 रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,50,327 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पिछले हफ्ते इसी दिन 1,46,608 रुपए प्रति 10 ग्राम था। यह दिखाता है कि सोने की कीमतों में बीते एक हफ्ते के दौरान 3,719 रुपए प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,37,700 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,34,293 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 1,09,130 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,12,745 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

### गोली मारकर वृद्ध किसान की हत्या

**भागलपुर।** नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी भिट्ठा गांव के वार्ड संख्या 4 निवासी 65 वर्षीय किसान बुट्टन मंडल की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बुट्टन मंडल अपने बासा पर सोए हुए थे। इसी दौरान बीते रात करीब दो से तीन बजे के बीच अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी, जो छाती को चीरते हुए निकल गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी रविवार की सुबह तब हुई जब उनका बड़ा बेटा मवेशी को चारा खिलाने बासा पर पहुंचे, तो देखा पिताजी सोए हुए हैं। जब उन्हें जगाने की कोशिश किया तो अपने पिता को खून से लथपथ देखा। पिता को मृत अवस्था में देख वह दंग रह गया। इसके बाद परिजन ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है कि घटना स्थल मृतक के घर से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। हत्या की खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और उनका किसी से कोई विवाद भी नहीं था।

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन की मौत

**रोहतास (एजेंसी)।** जिले में सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बढ़ैयाबाग में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों मृतक सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के रहने वाले हैं, जिनमें परमानंद कुमार (25), खुशबू देवी (30) एवं लगभग काव्या कुमारी (02) शामिल है।ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार भिड़ंत में यह घटना घटी '

पुलिस के अनुसार बाइक सवार तीनों लोग सासाराम से कोचस की तरफ जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर हीं तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाने की पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से भाग रहे ट्रैक्टर को पकड़कर जब्त कर लिया गया है । आगे की कार्रवाई चल रही है। बताया जाता है कि तीनों लोग दादी के श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक मृतक परमानंद कुमार के दादी की हाल हीं में मौत हो गई थी, जिसको लेकर गांव में श्राद्धकर्म की तैयारी चल रही थी। इसी कर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

# लक्ष्य से अधिक नेत्र ऑपरेशन कर बिहार ने बनाई नई मिसाल : मंगल

**पटना ।द्व।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार नेत्र रोगों की रोकथाम, जांच एवं उपचार के प्रति पूरी तरह सजग है। राज्य में प्रखंड स्तर तक कुल 455 स्वास्थ्य संस्थानों में नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क चश्मा वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 1 अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 10,81,928 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 2,73,264 दृष्टिदोष से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करायी

### अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 10.81 लाख नेत्र परीक्षण
### 6.11 लाख मोतियाबिंद के ऑपरेशन, 2.73 लाख को मिला निःशुल्क चश्मा

है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के 26 जिला अस्पतालों सहित राजेन्द्र नगर स्थित अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 11 महीनों (अप्रैल 2025 से फरवरी 2026) में 6 लाख 11 हजार से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 5,55,000 ऑपरेशन के लक्ष्य के विरुद्ध फरवरी 2026 तक 6,11,889 ऑपरेशन कर राज्य ने तय लक्ष्य को पार कर लिया है। बिहार में नेत्र सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए नेत्र सहायक के 220 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शीघ्र ही चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिनियुक्त किया जाएगा, जिससे मरीजों को और अधिक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी। श्री पांडेय ने कहा कि आमजनों को उन्नत नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजेन्द्र नगर स्थित अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल कार्यरत है। इसके अतिरिक्त आईजीआईएमएस परिसर में क्षेत्रीय चक्षु संस्थान का नया भवन भी क्रियाशील है, जहां अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा आई बैंक का संचालन भी किया जा रहा है। पीपीपी मोड में शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से कंकड़बाग में एक और अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने पर राज्य के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।

# कांग्रेस बोली-सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। साथ ही महिला आरक्षण कानून में बदलाव के जरिए देश को गुमराह कर रही है।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- सरकार अनुच्छेद 334-अ में संशोधन की बात कर रही है। यह तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा। लेकिन बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने 6 महीने से कम समय में जाति सर्वे पूरा

### जयराम रमेश ने कहा- महिला आरक्षण में बदलाव से देश को गुमराह किया जा रहा

किया है। उन्होंने कहा कि ये सरकार का छिपा हुई एजेंडा है। सरकार का असल मकसद जाति जनगणना नहीं कराना है। अनुच्छेद 334-अ में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने को जनगणना और परिसीमन से जोड़ा गया है। सरकार अब इसे अलग करने की कोशिश कर रही है, ताकि इसे जल्द लागू किया जा सके।

# भाजपा के सभी कार्यालयों में मनेगी डॉ. अंबेडकर जयंती : लखेंद्र पासवान

**चौथी वाणी/पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र पासवान ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती पूरे देश

### कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का किया अपमान

में बड़े स्तर पर मनाई जाएगी और इसे जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी की गई है।

मंत्री ने कहा कि पार्टी जयंती समारोह को बूथ स्तर तक मनाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। यह आयोजन केवल



एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लगभग 20 दिनों तक देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को भाजपा के सभी कार्यालयों में जयंती कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा बापू सभागार में भी एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया और उनके योगदान को नजरअंदाज किया। वर्ष 1954 के चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहेब के खिलाफ उम्मीदवार खड़ा कर उन्हें हराने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल चुनाव के समय ही संविधान की बात करती है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बीजेपी के समर्थन से ही मिला, जबकि कांग्रेस ने उन्हें कभी उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाबा साहेब के निधन के बाद कांग्रेस और उस समय के वाम दलों ने उन्हें सम्मानजनक तरीके से दफनाने के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं कराई।

# इस्लामाबाद वार्ता विफल, ईरान से अमेरिका का नहीं हो सका समझौता, उपराष्ट्रपति वेंस स्वदेश रवाना

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद शांति वार्ता विफल हो गई। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच करीब 21 घंटे तक बातचीत हुई।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान से स्वदेश रवाना हो गए हैं। पहले यह कहा गया था कि आज भी बातचीत होगी। अमेरिका रवाना होने से पहले वेंस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए। उनकी नजर में यह अमेरिका के मुकाबले ईरान के लिए कहीं ज्यादा बुरी खबर है। इसलिए, वह बिना किसी समझौते के अमेरिका लौट रहे हैं। फॉक्स



न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उपराष्ट्रपति जेडी वैंस रविवार को स्थानीय समय अनुसार सुबह 7:09 बजे एयर फोर्स टू में सवार होकर पाकिस्तान से अमेरिका के लिए रवाना हो गए। उन्होंने ईरानी अधिकारियों के साथ 21 घंटे तक चली बातचीत पूरी करने के बाद यह कदम उठाया। यह बातचीत बिना किसी समझौते पर पहुंचे ही समाप्त हो गई। जेंस ने रविवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि ईरान ने शर्तें स्वीकार न करने का फैसला किया है। अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ़्यूरी' शुरू किए जाने के एक महीने से भी अधिक समय बाद उपराष्ट्रपति शनिवार सुबह ईरान के साथ बातचीत का नेतृत्व करने के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। डॉन अखबार के अनुसार, वेंस ने दोनों देशों के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। वेंस ने कहा, "हम पिछले 21 घंटों से इस पर काम कर रहे हैं और हमने गंभीर चर्चा की हैं। बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं।" उपराष्ट्रपति ने कहा, "हमने यह साफ कर दिया है कि हमारे लक्ष्य क्या हैं। हमने यह भी साफ कर दिया कि ईरान की किन बातों को हम मानने को तैयार हैं। मगर ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने हमारी शर्तें मानने से इनकार कर दिया है।" वेंस संवाददाता सम्मेलन की शुरूआत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ की उन्होंने बेहतरीन मेजबान बताया। उन्होंने यह भी साफ किया कि मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान ने बढ़िया काम किया और सचमुच मदद करने की कोशिश की, ताकि हमारे बीच की खाई पट सके और कोई समझौता हो सके।

## आवश्यकता

चौथी वाणी के लिए मुजफ्फरपुर, अरवल, किशनगंज, गया, खगड़िया, भागलपुर एवं अन्य जिलों में जिला ब्यूरो प्रभारी की आवश्यकता है

इच्छुक पत्रकार Chauthivanii@gmail.com पर अपना पूरा डक्यूमेंट के साथ संपर्क करें।

ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना

संपर्क : 9835055017/7004145686

## संक्षिप्त खबरें

### सभापति ने आशा भोसले के निधन पर जताया शोक

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत जगत की एक महान हस्ती के रूप में आशा भोसले का नाम सदैव सम्मान के साथ लिया जाएगा। उन्होंने अपने लंबे कैरियर में सैकड़ों यादगार गीतों को अपनी आवाज दी। उनका जाना संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनकी आवाज और उनके गीत हमेशा हमारे बीच ज़िंदा रहेंगे।

### गर्मियों में कुत्तों के लिए हल्का और ठंडा आहार जरूरी

**चौथी वाणी/पटना।** अक्सर भीषण गर्मी वाले महीनों के दौरान पालतू जानवरों में पानी की कमी (डीहाइड्रेशन) और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती है। इस दौरान कुत्ते शरीर में पानी की कमी, गर्मी से पैदा तनाव, भूख में कमी और पाचन संबंधी परेशानी के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। मनुष्यों की तरह ही, मौसम के साथ उनकी आहार से जुड़ी जरूरतें बदल जाती हैं, इसलिए पालतू जानवरों के मालिकों के लिए खान-पान की आदतों पर पुनर्विचार करना और हल्के, ठंढी तासीर वाले और आसानी से पचने योग्य भोजन को प्राथमिकता देते हुए गर्मी के मौसम के मुताबिक आहार में बदलाव करना जरूरी हो जाता है। उक्त जानकारी डॉ. अशोक पट्टनायक, अनुसंधान एवं विकास प्रमुख, गोदरेज पेट केयर ने दी।

### गैस किल्लत से गुस्साए लोगों ने एम्स मुख्य मार्ग किया जाम

**चौथी वाणी/फुलवारीशरीफ।** रसोई गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं ने रविवार सुबह बोचाचक के समीप फुलवारीशरीफ-एम्स मुख्य मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एजेंसी द्वारा बार-बार गैस लेने के लिए बुलाया जाता है, लेकिन पहुंचने पर उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इसी से नाराज होकर लोगों ने सड़क जाम कर एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गैस न मिलने के कारण घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों को खाना बनाने के लिए लकड़ी या अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि एजेंसी की मनमानी लंबे समय से जारी है और इस बार समस्या लगातार बढ़ रही है। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। फुलवारीशरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि, ह्यगैस एजेंसी के मालिक से बातचीत हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही गैस सिलेंडर का ट्रक आने वाला है और पुलिस सुरक्षा में वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियां पूरी, तेजस्वी करेंगे उद्घाटन

**चौथी वाणी/पटना।** राजद प्रवक्ता एजाज अहमद बताया कि 14 अप्रैल को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 135वां जयंती समारोह राजद कार्यालय के कपूरी सभागार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए तैयारी समिति के अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी बनाए गए हैं और उनके देखरेख में कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने पत्र जारी कर पटना, मगध प्रमंडल के साथ-साथ तिरहुत प्रमंडल के वैशाली जिला के साथियों को अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में शामिल होने का निर्देश दिया है, साथ ही अन्य जिलों में जिला स्तर पर बाबा साहेब का जयंती समारोह मनाने की बातें कही है। साथ ही 15 अप्रैल से बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर का जयंती समारोह सभी प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा।

### पूर्व एमएलसी डॉ. अजय सिंह ने थामा जदयू का दामन

**चौथी वाणी/पटना।** मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की दूरदर्शी नीतियों एवं जनकल्याणकारी विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में



जदयू का दामन थामा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने डॉ. सिंह को सदस्यता पर्ची प्रदान कर उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने डॉ. सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जदयू परिवार में शामिल होने से भोजपुर-बक्सर क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. सिंह के लंबे सामाजिक एवं राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा न्याय के साथ विकास की नीति को और अधिक बल मिलेगा। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, दुलाल चंद गोस्वामी, अनिल कुमार, वासुदेव कुशवाहा सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मासूम बच्ची से दुष्कर्म के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग दोषियों को फांसी देने की मांग

**चौथी वाणी/फुलवारी शरीफ।** राजधानी के परसा बाजार थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना के विरोध में रविवार को फुलवारीशरीफ में जनआक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों महिलाओं और समाजसेवियों ने सड़क पर उतरकर विरोध मार्च निकाला और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री सुधा वर्गीज के नेतृत्व में निकला यह मार्च नया




टोला से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक, थाना मोड़ और पेठिया बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर मासूम को न्याय दो और अपराधियों को फांसी दो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीते 3 अप्रैल की रात हुई इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। आरोप है कि मासूम बच्ची के साथ उसके सगे चाचा और उसके साथी ने दुष्कर्म किया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। पद्मश्री सुधा वर्गीज ने कहा कि जब घर के भीतर ही इस तरह की घटनाएं होंगी, तो बेटियां कैसे सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल नारे देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इस मामले में त्वरित सुनवाई कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही सरकार ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। पूरे मार्च के दौरान माहौल आक्रोशपूर्ण लेकिन शांतिपूर्ण बना रहा।

# अबेकस बच्चों के समग्र मानसिक विकास का प्रभावी माध्यम : राज्यपाल

**चौथी वाणी/पटना।** ज्ञान भवन में राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आये विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सैयद अता हसनैन, विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, जिनियो एक्टिव अकेडमी के निदेशक मधु चौरसिया, डॉ. प्रणिता प्रभाशु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते



**ज्ञान भवन में राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता-2026 का**

हुए राज्यपाल ने कहा कि अबेकस केवल गणना का एक साधन नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र मानसिक विकास का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि अबेकस दिमाग को तेज बनाकर रचनात्मक सोच और नए विचारों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अबेकस के माध्यम से बच्चों में ज्ञान का विकास होता है और उनकी निर्णय लेने की क्षमता भी सशक्त होती है जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

वहीं विशिष्ट अतिथि गंगा प्रसाद ने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों को भविष्य के लिए सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रश्नपत्र लांच कर अबेकस एवं मेन्टल मैथ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट गति, सटीकता, एवं आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

## भामाशाह जयंती समारोह की सफलता को ले वाणिज्य प्रकोष्ठ की



**चौथी वाणी/पटना।** भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाशपति मिश्र सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 29 अप्रैल को राजधानी के रविंद्र भवन में आयोजित होने वाले दानवीर भामाशाह जयंती समारोह की सफलता सुनिश्चित करना था। बैठक में पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को आयोजन को भव्य एवं प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में प्रेरणा का कार्य करते हैं और दानवीर भामाशाह के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का यह एक सशक्त माध्यम है।

**पर्यटन मंत्री ने दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव**

वहीं प्रदेश संयोजक डॉ. गुप्ता ने कहा कि 29 अप्रैल को आयोजित होने वाले समारोह का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी करेंगे। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल एक दानवीर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और समर्पण के प्रतीक थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में वाणिज्य प्रकोष्ठ के सह संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता, सुशील कुमार सिंह, अजय गुप्ता, अंजनी गुप्ता, संजीव पाल, मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समाज को बदलना है तो युवा वर्ग को आगे आना ही होगा : डीएम

**चौथी वाणी/पटना।** सपनों को हकीकत में बदलने और नन्हीं प्रतिभाओं को नई पहचान देने के उद्देश्य से चंचल चिरईयां फाउंडेशन द्वारा प्रेरणादायक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पंखों की उड़ान का आयोजन राजधानी के आईएमए हॉल में किया गया। यह आयोजन उन बच्चों के लिए समर्पित था, जिन्होंने शहर की विभिन्न बस्तियों में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, लगन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, महापौर सीता साहू एवं पद्मश्री विमल जैन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस मौके पर डीएम ने कहा कि समाज को सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से विकसित करने में युवाओं को आगे आने की जरूरत है। समाज को बदलना है तो युवा वर्ग को आगे आना ही होगा। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद इन बच्चों



**सांस्कृतिक कार्यक्रम पंखों की उड़ान का आयोजन**

ने जो जज्बा दिखाया है, वह न केवल सराहनीय है बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। महापौर सीता साहू ने कहा कि फाउंडेशन ने समाज के उन क्षेत्रों तक पहुंचकर, जहां अक्सर अवसरों की कमी होती है, बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया, यह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। वहीं संस्था के संयोजक और सुपर 30 फिल्म के बाल कलाकार रौशन राज ने कहा कि संस्था समाज के वंचित और पिछड़े समुदाय के बच्चों के लिए शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन करती है। नन्हीं प्रतिभाओं के हुनर को उड़ान देती है। इस मौके पर पटना के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को सेवा अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसमें डॉ. राजेश रंजन, शरद चतुर्वेदी, अभिजीत कश्यप, हरि ओम उत्तम, आरजे शशि, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रवि मेहता, धीरज कुमार आदि शामिल रहे।

## चार लेबर कोड व ओल्ड पेंशन स्कीम का छाया रहा मुद्दा




**चौथी वाणी/पटना।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लॉयज यूनियन (ईसीआरईयू) का 12-13 अप्रैल को दो दिवसीय छठा राष्ट्रीय महाधिवेशन की शुरूआत रविवार को वद्यापति भवन में हुआ। महाधिवेशन चार लेबर कोड व पुरानी पेंशन स्कीम की वापसी, निजीकरण-निगमीकरण, आउटसोर्सिंग तथा ठेका प्रथा पर रोक, लाखों रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली, आठवें वेतन आयोग में वेतन भत्तों में सुधार जैसे लोकप्रिय मुद्दों पर आहूत किया गया। महाधिवेशन के मुख्य अतिथि सांसद राजाराम सिंह, उद्घाटनकर्ता ऐक्टू महासचिव राजीव डिमरी, इंडियन रेलवे एंप्लॉयज फेडरेशन (आईआरईएफ) महासचिव सर्वजीत सिंह, खेग्रामस महासचिव धीरेन्द्र झा, ऐक्टू बिहार राज्य महासचिव आरएन ठाकुर, सरोज चौबे सहित यूनियन से जुड़े अन्य कई नेताओं ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। ईसीआरईयू का 6वें दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन की शुरूआत पटना जंक्शन से डाकबंगला, कोतवाली, आयकर चौराहा होते हुए अधिवेशन स्थल तक केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ मार्च के साथ हुआ। तत्पश्चात अधिवेश स्थल पर झंडातोलन एवं शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईसीआरईयू अध्यक्षत कॉ. संतोष पासवान ने किया। उसके बाद खुला सत्र की शुरूआत हुई।

**ईसीआरईयू का दो दिवसीय 6वां केंद्रीय अधिवेशन शुरू**

मुख्य वक्ता आईआरईएफ महासचिव सर्वजीत सिंह ने पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने तथा ओपीएस-यूपीएस रद्द करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इस सवाल पर किसान संगठनों की तरह तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ के तर्ज पर आंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने अधिवेशन के सफलता की शुभकामना देते हुए दिल्ली सरकार व रेल मंत्रालय में रेलकर्मियों की समस्याओं को पहुंचाने के लिए इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बिहार में पलायन और भ्रष्टाचार नहीं रुकेगा : प्रशांत

**मधेपुरा।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने प्रदेश के अगले सीएम को लेकर एनडीए पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अब शारीरिक और मानसिक रूप से मुख्यमंत्री पद संभालने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव से पहले ही जन सुराज ने कहा था कि नीतीश कुमार इस बार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। मधेपुरा में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि कोई जीते, कोई हारे, लेकिन नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उनके अपने दल के साथी भी यह जानते हैं, सिर्फ जनता को धोखा दिया गया। 25 से 30 नीतीश कुमार का नारा सिर्फ एक जुमला था, जनता को ठगा गया। उन्होंने कहा कि 202 सीटें जीतकर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पद छोड़कर राज्यसभा गए हैं तो समझना चाहिए कि उन्हें बिहार की चिंता नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की जनता के पैसे से वोटरों में 10 हजार रुपए बांटकर वोट खरीदा गया। जिसने बहुमत दिलाने में मदद की। बिहार में अगला मुख्यमंत्री जो भी बनेगा वह बिहार का विकास नहीं करेगा सिर्फ गुजरात का विकास होगा। बिहार के युवा गुजरात की फैक्ट्रियों में काम करने जाएंगे। सीएम की चाबी केंद्र सरकार के पास होगी।

## शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की मांग के समर्थन में जुटे सैकड़ों समर्थक

**चौथी वाणी/पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक समरसता अभियान के तहत प्रतिमा स्थापित करने के लिए रविवार को मरीन ड्राइव पर सैकड़ों महिला-पुरुषों ने एकजुट होकर रैली निकाली और सरकार से जमीन आवंटन की मांग के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये शिवाजी परिवार को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और दिल्ली के समर्थकों का भी साथ मिला। गंगा स्नान संकल्प महासंगम के बाद निर्धारित स्थल पर शिवाजी महाराज परिवार की ओर से काफी संख्या में जलाभिषेक कर माल्यार्पण किया। मालूम हो कि भाजपा नेता



प्रणव प्रकाश के नेतृत्व में पिछले कई वर्षो से छत्रपति शिवाजी महाराज की गगनचुंबी प्रतिमा लगाने के लिए जमीन आवंटन की मांग की जा रही है। पिछले साल भी मरीन ड्राइव पर ही इनके नेतृत्व में जमीन आवंटन की मांग करते हुए हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। आयोजक प्रणव प्रकाश ने कहा शिवाजी का गवर्नेंस माडल, ग्राम स्वराज, पिछड़ों-वंचितों को आवाज तभी मिलेगी, जब शिवाजी के आदर्शों को नयी पीढ़ी अपनायेगी।

## धनिष्ठा नक्षत्र व शुभ योग में वरुथिनी एकादशी आज

**चौथी वाणी/पटना।** वैशाख कृष्ण एकादशी में सोमवार को धनिष्ठा नक्षत्र व शुभ योग में वरूथिनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। इस एकादशी को पुण्यदायिनी, सौभाग्य प्रदायिनी एकादशी भी बताया गया है। इस एकादशी को करने से श्रद्धालुओं के समस्त पाप व ताप दूर हो जाते हैं। इसके अलावे उन्हें अनंत अलौकिक शक्ति, स्वर्गादि, उत्तम लोक प्राप्त होते हैं। एकादशी के दिन सुपात्र ब्राह्मण को दान देने से करोड़ों वर्ष तक ध्यान मग्न तपस्या करने व कन्यादान के फल से बढ़कर वरुथिनी एकादशी का व्रत बताया गया है। वरुथिनी शब्द संस्कृत भाषा के वरुथिन से बना है, जिसका मतलब प्रतिरक्षक, कवच या रक्षा करने वाला होता है। ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि वैशाख कृष्णपक्ष की एकादशी यानि वरुथिनी एकादशी पर सोमवार की दोपहर 12:42 बजे तक जयद् योग व धनिष्ठा नक्षत्र उसके बाद पूरे दिन शतभिषा नक्षत्र रहेगा। एकादशी पर दोपहर 2:20 बजे तक शुभ फिर शुक्ल योग का संयोग बन रहा है। साधु, संत एवं सन्यासी के साथ साथ गृहस्थों की एकादशी भी आज ही मनायी जाएगी। इसमें स्नान-दान के अलावे भगवान नारायण के वराह रूप में की पूजा-अर्चना की जाएगी। पद्म पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इस एकादशी के महात्म्य के बारे में युधिष्ठिर को बताया कि पृथ्वी के सभी मनुष्यों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त भी इस व्रत के पुण्य का हिसाब-किताब रख पाने में सक्षम नहीं हैं।

**वराह रूप में होगी भगवान विष्णु की पूजा**

**एकादशी पूजन का शुभ मुहूर्त**

: एकादशी तिथि : रात्रि 09:39 बजे तक

अमृत योगः प्रातः 05:30 से 07:05 बजे तक

शुभ योग मुहूर्त : सुबह 08:40 से 10:15 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 11:25 से 12:15 बजे तक

## बिहार यक्ष्मा संघ खुशी राम शील्ड से सम्मानित

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार राज्य यक्ष्मा संघ के कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार शाखा के सभागार में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र नारायण विद्यार्थी ने की। बैठक में डॉ. प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष, डॉ. आसिफ रजा, महामंत्री सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्य डॉ. एसएम सहाय, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. प्यारे लाल, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. कुमार विजेन्द्र सौरव, डॉ. रजनीश कुमार चौधरी एवं अंजना सिंह आदि उपस्थित थे। श्री विद्यार्थी ने कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यक्ष्मा नियंत्रण एवं उन्मूलन के क्षेत्र में सतत सक्रिय योगदान




के लिए बिहार यक्ष्मा संघ को अखिल भारतीय यक्ष्मा संघ द्वारा खुशी राम शील्ड से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय समिति द्वारा यह सम्मान देश भर के राज्य क्षेत्र ईकाई के कार्यों की समीक्षा के उपरान्त यक्ष्मा कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। एसएम सहाय ने इस सम्मान पर हर्ष प्रकट करते हुए संघ के लिए उसे गर्व की बात बतायी। तदोपरांत निर्धारित कार्य सूची पर विचार विमर्श हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना के जिलाधिकारी का मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में भव्य स्वागत

**पटना (चौथी वाणी)/** पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम का राजेंद्र नगर स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस



संबंध में एमपी जैन ने बताया कि जिलाधिकारी आज मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, पूर्व अध्यक्ष रमेश अग्रवाल और सचिव दिनेश अग्रवाल ने जिलाधिकारी त्यागराजन एस एम का पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अमित बंका , डॉ पूनम नंदन, डॉ श्रवण कुमार, डॉ प्रवीण कुमार सहित कई चिकित्सकों ने वहां आए मरीजों का इलाज किया।

### कहलगांव में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, ब्राउन शुगर व नशीली गोलियों के साथ चार गिरफ्तार

**चौथी वाणी/कहलगांव।** कहलगांव में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कहलगांव थानाध्यक्ष के नेतृत्व में शिव पार्वती नगर पहाड़ी स्थित विजय तांती के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से चार



आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ की पैकिंग करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से 58.028 ग्राम ब्राउन शुगर, 270 पीस नशीली टैबलेट, मोबाइल फोन, नगद राशि, सिल्वर पेपर और इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन सहित अन्य सामग्री बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना कुमार, गोविंद कुमार (दोनों पिता—विजय तांती), सोनू कुमार (पिता—कारू तांती) और राजा कुमार (पिता—बैजू तांती) शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, इस कार्रवाई को नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की सख्त मुहिम का हिस्सा बताया जा रहा है।

### बाइक की ठोकर से 13 वर्षीय छात्रा घायल, सदर अस्पताल रेफर

**वीरपुर (ग्रामीण) सुपौल ।** भीमनगर थाना क्षेत्र के भीमनगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 में शनिवार को एक 13 वर्षीय बच्ची सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 13 के रोड नंबर 16 से कोचिंग के लिए जा रही चुन्नी कुमारी को 10+2 स्कूल के समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल सवार दीपक कुमार, पिता कपिलदेव पासवान, निवासी भीमनगर वार्ड संख्या 11, की बाइक से यह दुर्घटना हुई। टक्कर में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक को भी चोटें आई है । घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत भीमनगर थाना को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर एस रहमान ने प्राथमिक उपचार के बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है ।

### गिदराही में लगी आग, चार घर सहित सामान जले

**पिपरा (सुपौल)।** थाना क्षेत्र के कटैया माहे वार्ड 9 स्थित गिदराही गांव में शुक्रवार को देर शाम अचानक आग लग जाने से दो लोगों का चार घर एवं घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटे इतना तेज था कि जबतक लोग कुछ समझ पाते और आग पर काबू पाते या घटना स्थल पर फायरबिग्रेड की गाड़ी पहुंचती तब-तक मनीष कुमार और प्रभु मंडल का घर एवं घर में रखा 20 पेकेट गेहूं सहित सभी घरेलू सामान जल गया। मनीष कुमार टेंट का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था सो टेंट का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी देते हुए पीडित गृह स्वामी मनीष कुमार ने बताया किसी असमाजिक तत्व के बिडी सिगरेट या गांजा पीने के यह घटना घटित हुई है। आगलगी की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई और स्थानीय लोगों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया लेकिन तब-तक काफी विलंब हो चुकी थी आग की लपटे इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में चारों घर स्वाहा हो गया। इस घटना में गृह स्वामी मनीष कुमार और प्रभु मंडल को लाखों रुपए का नुकसान हुआ हैं घटना को लेकर प्रखंड प्रशासन को आवेदन देकर स्थिति से अवगत कराया गया है और पीडित परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग की गई है। आवेदन के आलोक में हल्का कर्मचारी द्वारा क्षति का आकलन कर अंचल कार्यालय को रिपोर्ट समर्पित करने की बात कही गई है।

### सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा को लेकर डीएम ने की बैठक, कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर दिए कई दिशा निर्देश

**सुपौल ।** विज्ञापन संख्या 87/2025 के अंतर्गत आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (AEDO) प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में श्री सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, सुपौल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुपौल, वरीय कोषागार पदाधिकारी, सुपौल, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), सुपौल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे । बता दें कि जिले में कुल 09 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। परीक्षा का आयोजन दिनांकः 14.04.2026, 15.04.2026, 17.04.2026, 18.04.2026, 20.04.2026 एवं 21.04.2026 को किया जाना है । परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजीत की जाएगी । जिसमेसामान्य भाषा, सामान्य अध्ययन, सामान्य योग्यता (Geerail Aptitude) सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाए रखने हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सघन जांच से गुजरना होगा। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ की जन्मभूमि राजगीर में भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव भव्यता के साथ संपन्न

**पटना (चौथी वाणी)** जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव राजगीर सिद्धक्षेत्र में भगवान के जन्मभूमि मंदिर में अपार हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमे भाग लेने पटना से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण राजगीर पहुंचे तथा कार्यक्रम में भाग लिया। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर एक ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान के तहत प्रथम चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर जी महाराज* एवं युगद्दष्टा *आचार्य



विद्यासागर जी महाराज* के चरण चिह्न नवनिर्मित विशाल चरण छत्री में मंत्रोच्चार के बीच विराजमान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल जन्मभूमि स्थित मूलनायक मंदिर में भगवान के अभिषेक के साथ हुआ। प्रभु

**पटना के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया**

**आचार्य शांतिसागर एवं आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिह्न नवनिर्मित छत्री में हुए विराजमान**

के जन्म कल्याणक के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का मंगलाष्टक के पश्चात अभिषेक किया। इसके पश्चात विश्व शांति की मंगल कामना हेतु शांतिधारा संपन्न हुई, जिसका सौभाग्य गया (बिहार) जैन समाज को प्राप्त हुआ। गुरुमाता के मुखारबिंद से शांतिधारा सम्पन्न हुई जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शांतिधारा के उपरांत *श्री दिगम्बर जैन धर्मशाला* से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथों में जैन धर्म का प्रतीक 'जिन ध्वज' थामे श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। अष्टधातु से निर्मित दोनों महान आचार्यों के चरण चिह्नों को पूरे विधि-विधान के साथ दिगम्बर जैन धर्मशाला से जन्मभूमि मंदिर लाया गया। मौके पर पटना से पधारे एम पी जैन ने बताया कि यहाँ वेदी शुद्धि की प्रक्रिया के पश्चात नवनिर्मित चरण छत्री में दोनों

## आयकर विभाग के छापेमारी की अफवाह से सोनबरसा बाजार दिनभर रहा बंद



**चौथी वाणी/सीतामढ़ी:** सोनबरसा प्रखंड मुख्यालय स्थित सोनबरसा बाजार में आयकर विभाग की कथित छापेमारी की अफवाह से दिनभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अफवाह के कारण अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं, जिससे बाजार की गतिविधियां लगभग ठप हो गईं और ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सोनबरसा बाजार में आग की तरह सुबह से ही बाजार में यह चर्चा फैल गई कि आयकर विभाग की टीम अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है। कुछ लोगों ने लालबन्दी पूर्वी और सहरोबा में रेड होने की बात कही, कई लोगों ने परिहार की दिशा में अधिकारियों की गाड़ी जाते देखने का दावा किया। देखते ही देखते यह सूचना पूरे बाजार मेंआग की तरह फैल गई और दुकानदारों में भय का माहौल बन गया। झूठे अफवाह का कारण इतना बड़ा रहा कि कपड़ा, किराना, कॉस्मेटिक, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, कबाड़ा, बालू, सीमेंट, छड़ सहित लगभग सभी प्रकार की दुकानें बंद रहीं। कई दुकानदार ने दुकान का शटर गिराकर दुकान के अंदर बैठे रहे। कुछ व्यापारी थोड़ी देर के लिए दुकान खोलते, लेकिन फिर तुरंत बंद कर देते। दिनभर यही स्थिति बनी रही और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बाजार बंद रहने से खरीदारी के लिए आए ग्राहकों को काफी कठिनाई हुई। खासकर नेपाल से आए कई ग्राहक बिना खरीदारी किए ही वापस लौट गए। इससे जहां आम लोगों को आवश्यक सामान नहीं मिल सका, वहीं व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आम दिनों में चहल-पहल रहने वाला सोनबरसा बाजार रविवार को लगभग सूना दिखाई दिया। हालांकि देर शाम तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक छापेमारी की पुष्टि नहीं हो सकी। प्रशासन या आयकर विभाग की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई।

## शिविर के माध्यम से दूसरे दिन 170 दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग वितरण के लिए हुआ जांच



**पटना (चौथी वाणी)/** पटना।समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य, पटना (डिस्ट्रिक्ट 3250) द्वारा शिविर के दूसरे दिन रविवार 12 अप्रैल 2026 को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर में 170 मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर के दूसरे दिन महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड, पटना झ्र 800004 में 70 एक पैर वाले, 10 दोनों पैर वाले 15 हाथ से निशक्त, 25 कमर व पैर दोनों से निशक्त दिव्यांगजनो का जांच और अंग को माप कर कृत्रिम अंग बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके बाद सोमवार को जरूरतमंद एवं दिव्यांगजन को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को चलने-फिरने में सक्षम बनाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और नई आशा का संचार करना भी है। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम ने लाभार्थियों का परीक्षण, माप एवं फिटिंग की जाएगी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक अपूर्व एवं प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन कमल बिदासरिया ने आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सेवा कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस अवसर का लाभ उठा सकें। मौके पर एमपी जैन ने कहा कि यह एक छोटा सा नेक प्रयास किसी के जीवन में फिर से चलने की ताकत और जीने की नई दिशा दे सकता है। इस मौके पर सचिव राखी शर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक स्वरूप, प्रोजेक्ट इंचार्ज कमल बिंदासरिया पंजीयन में रोहित बोहरा और प्रशांत महेसरिया उपस्थित होकर दिव्यांग जनों की सहायता की। इसके अलावा विशाल टेकरीवाल, अर्चना जैन, ईशान जैन, डॉक्टर अशोक कुमार, सुजाता टिंबरेवाल, संजय वैद्य, मनीष मखड़िया, राहुल कार्यवाल, प्रशांत महासदिया, अश्वनी गुप्ता, राजकुमार मेहनौत, गिरधारी झुनझुनवाला, विशाल कुमार, रुपेश अग्रवाल, विवेक कुमार, डॉक्टर संजीव, ललित डालमिया, राखी शर्मा, रोहित बोहरा, हरीश होरा, संजीव मुनका और संजीव बजाज सहित अन्य मौके पर मौजूद थे।

## देश की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का परिणाम : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि देश की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा उनके नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद केंद्र सरकार ने एलपीजी से देश का संचालन किया है, जिससे नागरिकों को इस संकट के प्रभाव से बचाया जा सका है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक शांति वार्ता सफल नहीं होती, तब तक अनिश्चितताएं बनी रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत की कूटनीतिक उपलब्धि इस



आपूर्ति को कुशलता से संभाला है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'अन्य देशों में भारत को लेकर धारणा में बहुत बड़ा बदलाव आया है।' उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की त्वरित निर्णय क्षमता और देश के नागरिकों के योगदान को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, '2014 में ह्यफ्रैजाइल फाइवह्व अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत आज शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।' पश्चिम एशिया संघर्ष का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'इस संकट के दौरान भारत ने बहुत संतुलित भूमिका निभाई है।' उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के कारण सभी देशों को एलपीजी और ईंधन आपूर्ति में बाधा का सामना करना पड़ा है, लेकिन भारत में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहा है। उन्होंने कहा, "लगभग सभी देशों में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ।" राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुशलता बात से समझी जा सकती है कि संघर्ष क्षेत्र से भारत के एलपीजी टैंकर नियमित रूप से सुरक्षित रूप से निकल रहे हैं। इससे पहले दिन में उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा संग्रहालय का दौरा किया और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल की यादों को ताजा किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'आज मुझे उत्तर प्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास और लोकतांत्रिक परंपराओं को नए रूप में समझने का अवसर मिला। परिसर में बना ऑडियो-विजुअल संग्रहालय इस विरासत को बहुत प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करता है।' उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादों की एक विशेष यात्रा जैसा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा की सराहना करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए लगातार अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे इस संग्रहालय का एक बार अवश्य दौरा करें और इस पहल के लिए उत्तर प्रदेश सरकार तथा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को बधाई दी।

## 24 घंटे में 52.3 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए : केंद्र

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को बताया कि देश में घरेलू एलपीजी का वितरण सामान्य बना हुआ है, शनिवार को 52.3 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए और किसी भी वितरण केंद्र पर एलपीजी की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। मंत्रालय द्वारा जारी एक अपडेट के अनुसार ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 98 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) के आधार पर डिलीवरी में लगभग 93 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 4.24 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों को गैसीफाइड किया जा चुका है और लगभग 4.66 लाख अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है। उपभोक्ताओं को पीएनजी और इलेक्ट्रिक कुकटॉप जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मंत्रालय ने दोहराया कि सभी नागरिकों से वर्तमान स्थिति में ऊर्जा संरक्षण करने का आग्रह किया जाता है। 30,000 से अधिक पीएनजी उपभोक्ताओं ने वेबसाइट के माध्यम से अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। नागरिकों को पेट्रोल,



डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी न करने और जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने की सलाह दी जाती है। एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे डिजिटल बुकिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करें और वितरकों के पास जाने से बचें। मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी और पीएनजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी है, विशेष रूप से अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए। फरवरी महीने में प्रतिदिन औसतन 77,000 एलपीजी सिलेंडरों की तुलना में देश भर में 1 लाख से अधिक 5 किलो के एलपीजी सिलेंडर बेचे गए, जिससे 23 मार्च से अब तक बेचे गए इन छोटे एलपीजी सिलेंडरों की कुल संख्या 13 लाख से अधिक हो गई है। आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल के कार्यकारी निदेशकों की तीन सदस्यीय समिति व्यावसायिक एलपीजी वितरण की योजना बनाने के लिए राज्य अधिकारियों और उद्योग निकायों के साथ समन्वय कर रही है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर डीएम ने की बैठक

**सुपौल ।** डीएम सावन कुमार, द्वारा कार्यालय वेश्म में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही इच्छुक आवेदकों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने के लिए प्रेरित एवं सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक के दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता, सुपौल आलोक रंजन को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित करने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा करने की बात कही । जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम जनता के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, राघोपुर, सभी सहायक अभियंता एवं सभी कनीय अभियंता, सुपौल जिला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर बैठक में भाग लिए।

## खबरें एक नजर में

### जलालदी टोला में मीट काटकर अपने बहनोई के साथ वापस लौट रहा था नासीर

**उचकागांव/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** उचकागांव थाना क्षेत्र का पेंदुला खास गांव निवासी नासीर मियां सऊदी अरब में रहकर वेल्डर का काम करते थे। काम खत्म होने पर पांच माह पहले ही कंपनी द्वारा उन्हें वापस घर भेजा गया था। इसके बाद वे उचकागांव थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी अपने बहनोई फिरोज आलम के साथ श्यामपुर बाजार में रहकर खस्सी का मीट बेचने का काम करते थे। शनिवार की शाम उचकागांव थाना क्षेत्र के जलालदी टोला गांव में उन्हें खस्सी का मीट डिलीवरी करने का काम मिला था। जहां से वे मीट पहुंचा कर अपने बहनोई के साथ बाइक पर सवार होकर वापस श्यामपुर बाजार लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक श्यामपुर बाजार रोड पर विजय सिनेमा हाल के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आ गई। जिसमें नासिर मियां की मौत हो गई। जबकि हरपुर गांव निवासी उनके बहनोई फिरोज आलम बूरी तरीके से घायल हो गए। घटना के बाद से नासिर के घर पर चीख-पुकार मची हुई है। इस दौरान उनकी पत्नी शाहजहां खातून, मां शायदा खातून, ससुर अब्दुल मन्नान, सास सुबुकतारा खातून, बहन अब्राना खातून सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि नासिर मियां का विवाह लगभग नौ वर्ष पहले थावे थाना क्षेत्र के पैठानपट्टी गांव के अब्दुल मन्नान के बेटी शाहजहां खातून के साथ हुआ था। शादी के बाद उनका पांच साल का बेटा एहसान और चार साल की बेटी अफ्रीना है। दोनों एक निजी विद्यालय में यूकेजी में पढ़ते हैं। दोनों बच्चे इस बात से बेखबर है कि उनके सर के ऊपर से उनके पिता का साया उठ चुका है। घटना के बाद से पत्नी शाहजहां खातून को समझ में नहीं आ रहा है कि अब उनका पूरा जीवन किसके सहारे गुजरेगा। इस दौरान स्वजन के चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो जा रहा था। जिसे मनाने के लिए आसपास के लोग एवं सगे संबंधी लगे हुए थे।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, विरोध करने पर युवक पर हमला

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्यानपुर गांव से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां विदेश भेजने के नाम पर एक एजेंट द्वारा ठगी और फिर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार, गांव के एक युवक से एजेंट अजलील मियां ने विदेश भेजने का झांसा देकर करीब एक लाख रुपये ले लिए। युवक को बाहर भेज भी दिया गया, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उसे कोई काम नहीं मिला। परेशान होकर जब परिजनों ने युवक को वापस बुलाने की बात कही, तो एजेंट ने और पैसे की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि अतिरिक्त पैसा देने से इनकार करने पर एजेंट अजलील मियां ने युवक के परिजनों को झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी। इसी बात को लेकर एजेंट और मनोज कुमार के बीच विवाद बढ़ गया। बताया जाता है कि विवाद के दौरान अजलील मियां ने मनोज कुमार की दुकान पर रखी हथौड़ी से उन पर हमला कर दिया, जिससे मनोज कुमार का सिर फट गया। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत भोरे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### भारतीय नंबर प्लेट वाले वाहनों पर प्रतिबंध के खिलाफ सर्वदलीय चेतावनी

**चौथी वाणी/सलार्ही।** भारतीय नंबर प्लेट वाले वाहनों के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ सलार्ही में 7 दलों ने कड़ा विरोध जताया है। आज जिले में आयोजित सर्वदलीय बैठक ने नेपाल सरकार के इस निर्णय पर गंभीर आपत्ति व्यक्त करते हुए इसे तुरंत पुनर्विचार करने की मांग की। बैठक में कहा गया कि भारतझ्रनेपाल के बीच सदियों से चले आ रहे ह्लबेटीझ्ररोटीह्व संबंधों पर इस निर्णय का नकारात्मक असर पड़ेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के दैनिक जीवन, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ने की बात भी कही गई। सर्वदलीय प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि लंबे समय से सलार्ही के स्थानीय लोग 30 किलोमीटर क्षेत्र के भीतर भारतीय नंबर प्लेट वाले वाहनों




का सहज आवागमन करते आ रहे हैं। ऐसे में जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा शांति सुरक्षा के नाम पर इस व्यवस्था को बंद करने की कोशिश पर आपत्ति जताई गई है। साथ ही बिना भंसार (कस्टम) के वाहन संचालन पर रोक लगाने की मानसिकता पर भी असंतोष व्यक्त किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन कार्यालय से भारतीय नंबर प्लेट वाले वाहनों को पूर्ववत संचालन की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी गई है। विज्ञप्ति पर नेकपा (एमाले) के जिला अध्यक्ष राजनारायण साह, नेकपा के जिला इंचार्ज अच्युतम काफ्ले, राप्रपा नेपाल के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के जिला अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, राष्ट्रीय मुक्ति पार्टी नेपाल के जिला अध्यक्ष गणेश कुमार यादव, जसपा के जिला अध्यक्ष शम्भु यादव तथा उज्यालो नेपाल के जिला उपाध्यक्ष राम स्वार्थ महतो ने हस्ताक्षर करते हुए करा विरोध जताया हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पैनल चर्चा का हुआ आयोजन

**पटना चौथी वाणी।** इग्नू रीजनल सेंटर, पटना एवं इग्नू स्टडी सेंटर, टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वाधान में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के अंतर्गत विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर उषा विद्यार्थी, प्रिंसिपल, महिला कॉलेज, खगौल, पूर्व विधायक एवं पूर्व सदस्या, बिहार महिला आयोग ने अपने विचारोत्तेजक व्याख्यान में ह्लनारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023ह्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर उन्हें नीति-निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।



कार्यक्रम के अध्यक्ष, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, पटना के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कृष्णा राव ईशरला ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण समग्र सामाजिक विकास का आधार है। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश इग्नू अध्ययन केंद्र, टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्रभारी समन्वयक डॉ. प्रशांत कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विषय की ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व इतिहास से प्राप्त एक संरचनात्मक चुनौती है, जिसे दूर करने के लिए व्यापक सामाजिक परिवर्तन आवश्यक है।

# समाजिक योद्धाओं का हुआ भव्य सम्मान: चौथी वाणी अखबार के मंच पर शिक्षा और सेवा को मिला सलाम










**गोपालगंज में गूंजा सम्मान का स्वरः चौथी वाणी अखबार ने समाज के असली नायकों को किया सम्मानित**

**सेवा, शिक्षा और समर्पण को नमनः चौथी वाणी अखबार का सम्मान समारोह रहा यादगार**

**जब समाज के नायकों को मिला सम्मानः चौथी वाणी अखबार का भव्य आयोजन बना मिसाल**

**समाजिक योद्धाओं का हुआ सम्मान, चौथी वाणी का आयोजन सराहा गया**





**गोपालगंज/बिहार(चौथी वाणी)।** चौथी वाणी राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार एवं मीडिया हाउस एडमिशन सॉल्यूशन के तत्वावधान में आयोजित ह्लसमाजिक योद्धा सह शिक्षण सम्मान समारोहह्व का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के समाजसेवी, शिक्षक, डॉक्टर, जीविका दीदी एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुनील कुमार रंजन सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष प्रमोद पटेल, अधिवक्ता धीरज पाठक, अधिवक्ता राहुल श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता विक्रांत कुमार श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर रितेश कुमार सिंह ने अतिथियों को बुके, डायरी व पेन स्टैंड भेंट कर सम्मानित किया। वहीं एमवीएन यूनिवर्सिटी हरियाणा से आए संदीप कुशवाहा तथा पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा से आए पवन देव ने भी उपस्थित समाजसेवियों, शिक्षकों, जीविका दीदियों एवं पत्रकारों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चौथी वाणी अखबार की ओर से सभी सम्मानित व्यक्तियों को ट्रॉफी प्रदान करना रहा। सम्मान प्राप्त करने वाले लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस आयोजन की पूरी तैयारी मीडिया हाउस के प्रबंधक नौशाद अली एवं ब्यूरो प्रमुख राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कटेया से अंशु त्रिपाठी, भोरे से अजित श्रीवास्तव, उचकागांव से विनेश कुमार राय, फूलवरिया से विपिन राय, बैकुंठपुर से विद्याभूषण सिंह, बरौली से रामेश्वर सिंह, कुचायकोट से संतोष पाठक, विजईपुर से संग्राम ओझा, पंचदेवरी से रमंजय सिंह एवं सिधवलिया से प्रवीर पांडेय शामिल रहे। इसके अलावा रेडियो रिमझिम के संचालक कृपाशंकर श्रीवास्तव, क्राइम खबर के मनीष कुमार तथा कान्हा न्यूज के अनीश कुमार उपाध्याय को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## श्यामपुर बाजार के समीप ट्रैक्टर व दो बाइक की टक्कर में दो की मौत, एक घायल

**उचकागांव/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** उचकागांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर बाजार- दहीभाता मुख्य पथ पर असंदापुर पेट्रोल टंकी के समीप दो बाइक और एक ट्रैक्टर की आमने-सामने की हुई टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक बुरी तरीके से घायल हो गया।घटना शनिवार की रात की है। बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के जलालदी टोला गांव निवासी व्यास पांडेय के बेटे सुजीत कुमार और पेंदुला खास गांव के सिद्दीकी साई के बेटे नासिर



मियां व हरपुर गांव के फिरोज आलम दो अलग-अलग बाइक पर सवार होकर श्यामपुर बाजार में गए हुए थे। इसी दौरान असंदापुर पेट्रोल टंकी के समीप दो बाइक व एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार तीन युवक बुरी तरीके से घायल हो गए। सूचना मिलने पर गस्ती में निकले उचकागांव थाने के जमदार आशिक रसूल खान ने मौके पर पहुंच कर पुलिस बल के सहयोग से दो घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अस्पताल ले जाने के क्रम में एक युवक की रास्ते में जबकि एक युवक की सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। जबकि तीसरे युवक को स्थानीय लोगों द्वारा श्यामपुर बाजार के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां गोरखपुर के एक नीजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के पेंदुला खास गांव के सिद्धिकी साई के बेटे नासिर मियां और जलालदी टोला गांव के व्यास पांडेय के बेटे सुजीत कुमार के रूप में की गई है। जबकि घायल युवक की पहचान हरपुर गांव के फिरोज आलम के रूप में की गई है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। जिसे पुलिस ने छापेमारी कर जब्त कर लिया। घटना के बाद से मृतक युवकों के घर पर चीख-पुकार मची हुई है। सूचना मिलने पर दल-बल के साथ सदर अस्पताल पहुंच कर उचकागांव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने मृतकों को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया। वैसे समाचार लिखे जाने तक मामले में थाने में कोई प्राथमिकी नहीं कराई गई थी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में जांच कर रही है।

## पिता बेटे का करते रहे इंतजार, घर पहुंचा बेटे का शव

**उचकागांव/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** उचकागांव थाना क्षेत्र के जलालदी टोला गांव निवासी पिता व्यास पांडेय अपने छोटे बेटे सुजीत कुमार का श्यामपुर बाजार से लौटने का इंतजार कर रहे थे। परंतु विधि को ये मंजूर नहीं था। देर होने पर पिता ने उनकी खबर लेनी चाही। परंतु दुर्घटना में बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद पिता व परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम जलालदी टोला निवासी ब्यास पांडेय अपने बाइक से क्षेत्र में एक नेवता में जाने वाले थे। परंतु उनके बेटे सुजीत कुमार ने कहा कि पिताजी मैं बाजार से लौट कर आता हूं उसके बाद आप नेवता करने जाइएगा। इसी दौरान बाजार से लौटने के क्रम में ही विजय सिनेमा हॉल के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से उनके पिता व्यास पांडेय, पत्नी काजल कुमारी, बड़े भाई संदीप पांडेय सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि सुजीत कुमार का वर्ष 2020 में कुचायकोट थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के काजल कुमारी के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद उनका दो वर्ष की बेटी है। अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए वह विदेश में रहकर कमाते थे। कंपनी से छुट्टी मिलने पर दो माह पूर्व ही वे अपने घर आए हुए थे। इसी दौरान खाड़ी देशों में लगे युद्ध के कारण अपने घर पर रह रहे थे। दो दिन पूर्व ही उन्होंने अपने परिवार के साथ अपनी दो वर्षीय बेटी का बड़े ही धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाया था। परंतु यह किसी को खबर नहीं थी कि अब सुजीत से परिवार के लोगों का साथ छूटने वाला है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी काजल कुमारी के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा है कि वह अपना पूरा जीवन किसके सहारे गुजरेंगी। इस दौरान स्वजन के चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो जा रहा था।जिसे बनाने के लिए आसपास के लोग लगे हुए थे।

## भव्य रूप में मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती, 19 अप्रैल को होगा आयोजन

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** स्थानीय प्रखंड के जलालपुर बाजार में रविवार को आगामी भगवान परशुराम जयंती को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 19 अप्रैल 2026, दिन रविवार को श्री राम जानकी मंदिर, अमवां बथना में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य एवं श्रद्धापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा विभिन्न जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं। सदस्यों ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया।इस दौरान आयोजन स्थल की साफ-सफाई, सजावट, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय के साथ बिरेन्द्र पांडेय, अमोद पांडेय, विनय पांडेय, मंजीत त्रिपाठी, श्री राम तिवारी,



भोला दुबे, नागवली तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं।

## उत्पाद पुलिस ने 13 लोगों को शराब के नशे में किया गिरफ्तार

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** शनिवार की देर शाम उत्पाद विभाग द्वारा चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान बलथरी चेक पोस्ट से 13 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। यह अभियान विभागीय निर्देश के आलोक में चलाया गया, जिसमें वाहनों के चालकों एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई।उत्पाद निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि जांच के दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन का उपयोग किया गया, जिससे सभी आरोपितों के शराब सेवन की पुष्टि हुई। पुष्टि होने के बाद सभी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों से पूछताछ के बाद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। रविवार को सभी को न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।

## कर्मठ जनप्रतिनिधि थीं अल्पना शाही, उनकी कमी लंबे समय तक खलेगी : उपेंद्र कुशवाहा

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी) ।** राष्ट्रीय लोकमोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा रविवार को कुचायकोट प्रखंड के बलथरी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मुखिया स्व. अल्पना शाही के पति राकेश शाही एवं परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि अल्पना शाही एक कर्मठ, ईमानदार एवं समर्पित जनप्रतिनिधि थीं। उन्होंने दो बार पंचायत की मुखिया के रूप में दायित्व निभाते हुए पूरी निष्ठा से जनता की सेवा की। अपने कार्यकाल में उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी और इस दिशा में हमेशा सक्रिय रहीं। उनके निधन से न सिर्फ भोपतापुर पंचायत बल्कि पूरे



प्रखंड ने एक सशक्त नेतृत्व खो दिया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।उन्होंने आगे कहा कि इस दुखद घड़ी में राष्ट्रीय लोकमोर्चा परिवार पूरी तरह से शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है और हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।ज्ञात हो कि भोपतापुर पंचायत की मुखिया अल्पना शाही का मंगलवार की देर शाम गोपालगंज स्थित आवास पर हृदयघात से निधन हो गया था।इस अवसर पर राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष अंगद कुशवाहा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मदन चौधरी, पुत्र डॉ अंकित शाही, अभिराज शाही सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्री नारायण मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल सहरसा द्वारा लगाए गए शिविर

**सहरसा नगर ( चौथी वाणी)।** जिले के बनमाईटहरी प्रखंड अंतर्गत परसबन्नी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर परसबन्नी विश्वकर्मा शर्मा चैक के समीप चन्द्र साह के दरवाजे लगया गया। जिसका संचालन श्री नारायण मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल, सहरसा द्वारा किया। शिविर



में आंख, कान, नाक, गला, दांत, हड्डी, नस, गठिया, वात और साइटिका सहित विभिन्न रोगों की सैकड़ों मरीजों की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श के साथ जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई। वहीं आयोजकों राजीव कुमार सिंह व पिंटू कुमार के द्वारा इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था, ताकि गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके। पब्लिक रिलेशन ऑफिसर पिंटू कुमार, चित्रा झा, डॉक्टर रंजन सहित अन्य सहयोगियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### रघुनाथपुर में जनवितरण प्रणाली के 200 क्विंटल अनाज गमन के आरोप में डीलर गिरफ्तार

**सोनवषार्राज (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** बसनही थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत में जन वितरण प्रणाली मे बड़े अनियमितता के मामले का खुलासा हुआ है। जांच के दौरान खाद्यान्न के विचलन की पुष्टि होने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित डीलर मनबोध पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधान सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 2141 खाद्य, दिनांक 28.08.2025 तथा जिला पदाधिकारी, सहरसा के आदेश ज्ञापांक 544 आ०, दिनांक 28.08.2025 एवं ज्ञापांक 559 दिनांक 04.09.2025 के आलोक में जीरो ऑफिस डे के तहत जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया था। जिसके दौरान दिनांक 05.09.2025 को पीडीएस परख ऐप के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न दुकानों की जांच की गई, जिसमें रघुनाथपुर पंचायत के डीलर मनबोध पासवान के यहां भारी अनियमितता पाई गई। जांच प्रतिवेदन में लगभग 200 क्विंटल खाद्यान्न के गबन का आरोप सामने आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डीलर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि विभागीय निर्देश के अनुसार इस मामले में ,टीआर भी अपलोड करने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही अन्य संबंधित दुकानों की जांच भी जारी है ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त न किया जाए। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आम उपभोक्ताओं ने प्रशासन की इस सख्ती का स्वागत किया है और पारदर्शी वितरण व्यवस्था की मांग की है।

### 7.86 ग्राम स्मैक के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, डीआईजी कुमार आशीष के निर्देश और एसपी हिमांशु के नेतृत्व में हो रही लगातार छापामारी नशे के कारोबार पर हो रहा लगातार छापामारी

**सहरसा( चौथी वाणी)।** इन दिनों कोसी रेंज के डीआईजी कुमार आशीष के निर्देश पर सुखा नशा मुक्ति अभियान एसपी हिमांशु के नेतृत्व में जिला पुलिस टीम द्वारा चलाया जा रहा है। जिसका फलाफल भी काफी सुखद दिख रहा है।शनिवार की देर शाम जिला के बिहरा थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के लौकही गांव जाने वाली सड़क स्थित मंदिर के निकट कुछ लोग सुखा नशा का कारोबार कर रहे हैं। जिसके बाद वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी की गई। जिसमें एक कारोबारी को गिरफ्त में लिया गया। जिनके पास से 7.86 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया।बिहरा थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के बिहरा गांव, वार्ड 5 निवासी स्व गणेश साह के पुत्र त्रिभुवन शाह उर्फ नारायण शाह के स्मैक बेचने की सूचना मिली थी। जिसके बाद उनके घर पर छापामारी की गई।जिसमें उनके नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार और सशस्त्र बल के साथ छापामारी की गई थी। पुलिस टीम को देख लौकहा गांव जाने वाली



सड़क पर स्थित गणेश मंदिर के निकट एक व्यक्ति भगाने का प्रयास किया। जिसे शक के आधार पर खदेड़ कर पकड़ा गया। उक्त व्यक्ति थाना क्षेत्र के बिहरा गांव, वार्ड पांच निवासी स्व गणेश शाह के पुत्र त्रिभुवन शाह उर्फ नारायण शाह थे। जिनकी तलाशी लिए जाने पर उनके पास से 7.86 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। जिसको लेकर बिहरा थाना कांड संख्या 138/26 दर्ज की गई। गिरफ्तार आरोपी को अग्रतर कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

### एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन सह विद्यापति पर्व समारोह का हुआ आयोजन

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** विद्यापति चेतना समिति द्वारा रविवार को जिला परिषद के सभागार में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन सह विद्यापति पर्व समारोह का आयोजन किया गया। समिति सदस्यों द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो जिला परिषद से निकलकर डीबी रोड, शंकर चैक, थाना चैक होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस अवसर पर समिति द्वारा सभी अतिथियों को पाग चादर एवं फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, मैथिल दधीचि बैजनाथ झा बैजू, अध्यक्ष राधाकांत ठाकुर, महेंद्र नारायण राम, बुजुर्ग पासवान, अमरनाथ शर्मा, प्रो विनोद झा, प्रो चंद्रशेखर झा, डोमीराम, ज्योतिषाचार्य पंडित अरुण झा, प्रो गणेश कांत झा, हरिश्चंद्र झा, संरक्षक विभूतिभूषण झा, डॉ संजय वशिष्ट, अधिवक्ता राघव झा, शिव शिष्य भाई परमेश्वर, अधिवक्ता जीतेन्द्र नाथ झा, ललित नारायण मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात रानी झा द्वारा विद्यापति लिखित गोसाउनिक गीत जय जय भैरवि असुर भयाउनि और



स्वागत गीत मंगलमय दिन आजू हे गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेन्द्र नारायण राम ने कहा मैथिली भाषा विश्व की सबसे प्राचीन एवं मधुरतम भाषा है। भाषा कला साहित्य संस्कृति की जननी व धरोहर है। जो रामायण काल से जुड़ी हुई है। माता सीता का दुसरा नाम मैथिली है। मैथिली भाषा 2003 मे संविधान की अष्टम अनुसूची मे शामिल किया गया। संविधान का अनुवाद मैथिली भाषा मे किये जाने से हर्ष का माहौल है। अंतर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन के माध्यम से मैथिली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने तथा राष्ट्रीय जनगणना में मातृभाषा मैथिली लिखवाने का आह्वान किया गया। मंच संचालन जयराम झा एवं स्वागत भाषण डोमी राम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ मनोज झा एवं शांतिमिशन के डायरेक्टर विभूतिभूषण झा को मिथिला रत्न एवं नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा को मिथिला सम्मान से सम्मानित किया गया। बैजनाथ चैधरी बैजू ने कहा कि मिथिलावासियों को आर्थिक आजादी,सामाजिक आजादी, राजनीतिक आजादी, भाषिक आजादी, औद्योगिक आजादी के लिए संविधान में अलग मिथिला राज की मांग करते हैं ताकि मिथिला को बाढ़ से सुखार से निजात मिल सके।

# दर्दनाक सड़क हादसे ने कई घरों की खुशियां छीन लीं, 40 वर्षीय युवक की मौत

**बड़हरा कोठी ( चौथी वाणी)।** कटिहार जिले के गेड़ाबाड़ी में शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कई घरों की खुशियां छीन लीं। एक साथ कई जिंदगियां उजड़ गईं और पूरा इलाका शोक में डूब गया। इस हादसे में पूर्णिया जिले के बीकोठी प्रखंड के ठाढ़ी पंचायत स्थित महादेव टोला निवासी 40 वर्षीय राजेश मुर्मू की भी मौत हो गई, जिससे उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी के मुताबिक, राजेश मुर्मू अपने बड़े बेटे की शादी तय करने के लिए पत्नी, बेटी और भतीजों के साथ तीन बाइक से गेड़ाबाड़ी के पास एक गांव गए थे। परिवार में खुशी का माहौल था—शादी पक्की हो चुकी थी और सभी चेहरे मुस्कान से भरे थे। लेकिन वापसी के दौरान गेड़ाबाड़ी के समीप तेज रफ्तार बस ने उनके काफिले को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में राजेश मुर्मू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी





पत्नी उर्मिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनकी बेटी भी घायल है, जबकि अन्य परिजन मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। राजेश मुर्मू एक साधारण किसान थे, जो खेती और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके सपनों का केंद्र उनके बच्चे थे—वे उन्हें पढ़ाकर एक बेहतर जिंदगी देना चाहते थे। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। जिस बेटे की शादी की खुशखबरी लेकर वे लौट रहे थे, उसी बेटे के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। रविवार सुबह जब उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो माहौल गमगीन हो उठा। गांव की गलियां सिसकियों से भर गईं। हर आंख नम थी, हर दिल भारी। उनकी 85 वर्षीय मां, जो एक दिन पहले तक पोते की शादी की तैयारी में लगी थीं, आज बेटे के शव के पास बैठी बिलख रही थीं—यह दृश्य हर किसी को झकझोर देने वाला था।

ग्रामीणों के अनुसार, राजेश मुर्मू बेहद सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके जाने से गांव ने एक सज्जन इंसान को खो दिया है। इस हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रत्यक्षदर्शी भी अब तक उस मंजर को भूल नहीं पा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। धमदाहा एसडीओ ने बीडीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों मुखिया शंभू करेल और उपमुखिया प्रतिनिधि सुशांत ने पीड़ित परिवार को तत्काल राहत राशि देकर सहायता पहुंचाई।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 65वें काउंटडाउन पर रुपौली बिरौली बाजार में होगा भव्य योगोत्सव

### विद्यार्थियों की भागीदारी पर विशेष जोर

**रुपौली/ पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** रुपौली प्रखंड के अंतर्गत बिरौली बाजार के आदर्श मध्य विद्यालय में प्रागंण में 17 से शुरू किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के 65 वें काउंट डाउन के ऐतिहासिक अवसर पर आगामी 17 अप्रैल को रुपौली प्रखंड के बिरौली बाजार स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में एक विशाल योगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सौजन्य से सृष्टि डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति रुपौली संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि सृष्टि डेवलपमेंट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस निःशुल्क योग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है। संजय कुमार जायसवाल ने विशेष रूप से कक्षा 5 से ऊपर के सभी छात्र-छात्राओं को इस शिविर में आमंत्रित करते हुए कहा कि, विद्यार्थियों के लिए योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एकाग्रता और पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। युवाओं की भागीदारी ही एक स्वस्थ समाज की नींव रखेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी शिक्षकों, अभिभावकों, प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों और प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता से सपरिवार इस योगोत्सव में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने का विनम्र आग्रह किया है।




## लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन तथा स्पीडी ट्रायल सुनिश्चित कराने का एसपी हिमाषु ने दिया निर्देश

**सहरसा कार्यालय ( चौथी वाणी)।** रविवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस अधीक्षक हिमाषु द्वारा विकाश भवन में किया गया। जिसमे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं सिमरी बख्तियारपुर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-01, पुलिस उपाधीक्षक साईबर, अंचल पुलिस निरीक्षक सदर, सिमरी बख्तियारपुर एवं सभी थानाध्यक्ष, पुलिस कार्यालय तथा पुलिस केंद्र के सभी शाखा प्रभारी ने भाग लिये। अपराध गोष्ठी में लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन एवं अपराध नियंत्रण विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। अपराध गोष्ठी में निम्नांकित बिंदुओं पर चर्चा की गई। सीसीटीएनएस पर चार्जशीट, फाइनल फॉर्म अपलोड करने की प्रक्रिया में तेजी लाने, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन तथा स्पीडी ट्रायल सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। सभी थाना क्षेत्रों में गिरफ्तारी एवं बरामदगी की प्रगति, थाना स्तर पर किए जा रहे कार्यों की मासिक समीक्षा तथा अपराध नियंत्रण हेतु अपनाई जा रही रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा ई-डोजियर तैयार करने, वांछित अपराधियों को इनामी घोषित करने तथा अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त, पिछडी एससी-एसटी एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। साथ ही अनुसंधान की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने हेतु डॉग स्क्वाड एवं एफएसएल के प्रभावी उपयोग के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग एवं अनुसूचित जाति-अनुसूचित, जनजाति आयोग से संबंधित लंबित परिवादों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं विधिसम्मत निष्पादन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। जनसंपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से सभी थानाध्यक्षों को पंचायत स्तर पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने एवं समाधान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इआरएसएस एवं जनशिकायतों से संबंधित मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में आत्मनिर्भर फंड, नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों के संचालन, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। हत्या, लूट गृहभेदन, नार्कोटिक्स, एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी के कांडों का समीक्षा किया गया एवं महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। गृहभेदन, चोरी की रोकथाम हेतु रात्रि गश्ती एवं बीट वाईज गश्ती का रोड मैप हेतु निर्देश दिया गया।



## शिल्प उत्सव मेला में सहारनपुर का फर्नीचर बना आकर्षण का केंद्र, स्वदेशी उत्पाद को बढावा देना मेले का मुख्य उद्देश्य: सुधीर शर्मा

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** स्वदेशी उत्पाद को घर-घर पहुंचाने एवं बिक्री बढाने तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने को लेकर राज्य के सभी जिलों में खादी हैंडलूम एवं हस्तशिल्प मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला के संयोजक सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि सहरसा हवाई अड्डा रोड के पटेल मैदान में 27 मार्च से 20 अप्रैल तक शिल्प मेला उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के 16 राज्यों के 70 से अधिक कारीगर अपने हाथों से बने उत्पाद की प्रदर्शनी एवं बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठंड के समय भी मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें स्थानीय लोगों द्वारा काफी सहयोग एवं स्वदेशी उत्पाद खरीद कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वोकल फार लोकल एवं खादी हस्तशिल्प को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होने विदेशी वस्तुओं के खरीदने पर विदेशियों को इसका लाभ मिलता है जबकि स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर देश के कारीगर को इसका लाभ मिलता है।इसके साथ ही भारतीय रुपए अपने देश को मजबूत कर आर्थिक समृद्धि प्रदान करती है।हम स्वदेशी के बल पर विकसित व उन्नत राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकते है। अपने दैनिक जीवन में खादी हस्तशिल्प का उपयोग अवश्य किये जाने का आग्रह किया।वही मेला संयोजक ने कहा कि सहरसा के पटेल मैदान में दूसरी बार मेला का आयोजन किया जा रहा हे।यह मेला 20 अप्रैल तक चलेगा।उन्होने कहा कि इस बार में खादी, सिल्क, हैंडलूम सहित अन्य स्टाल लगाए गए है। साथ ही सर्वोदय बुक स्टाल के साथ पारस ग्राम उद्योग सेवा संस्थान देहरादून, झारखंड खादी भंडार, नालंदा खादी भंडार, मां अंबे ज्वेलर्स, हरियाली जड़ी बूटी, के के फैंसी ज्वेलरी, कालीन, साड़ी, बैग, आंवला उत्पाद, अचार एवं टिक्की चार्ट एवं भेलपुरी का भी स्टॉल लगाया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि इस बार बच्चों की मनोरंजन के लिए मेला ग्राउंड के भीतर टॉय ट्रेन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मेला अपने चरणों पर है मेले में ग्रामीण क्षेत्र से भी खरीदारी करने बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं ।



## भाजपा ने सहरसा महापौर को मधेपुरा लोकसभा का प्रभारी बनाया

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के द्वारा सहरसा नगर निगम की महापौर बैन प्रिया संजीव झा को ह्लनारी शक्ति वंदनह्व कार्यक्रम के निमित्त मधेपुरा लोकसभा का प्रभारी बनाया गया है। इस मनोनयन के बाद राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। पार्टी नेतृत्व ने महिला सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी सौंपी है। महापौर बैन प्रिया संजीव झा ने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्लनारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकार, सम्मान और भागीदारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करते हुए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। महापौर ने पार्टी कार्यकत्र्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश पहुंच सके

## मनु शतरूपा से हमारी सृष्टि हुई है, क्योंकि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं: डॉ शिवानी कृष्ण शुक्ला

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** कन्या उच्च विद्यालय मैदान, नलकूप पूरब बाजार में सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण की तृतीय दिवस रविवार को कथा में वृंदावन से पधारे डॉ शिवानी कृष्ण शुक्ला ने सृष्टि का विस्तार की कथा वर्णन शुकदेव जी परीक्षित जी का मिलन एवं सृष्टि का विस्तार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मनु शतरूपा से हमारी सृष्टि हुई है। हम सभी को मनुष्य क्यों कहते हैं? क्योंकि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं। इसलिए हम सभी को मनुष्य कहा जाता है। आगे मनु जी की तीन कन्याएं आकूती, देवहूती, प्रसूती दो पुत्र प्रियव्रत और उत्तानपाद के बारे में बताया गया। देवहूति का विवाह ऋषि कर्दम जी के साथ हुआ। कर्दम जी के नौ कन्याएं हुई और दसवें नंबर पर भगवान स्वयं कपिल जी के रूप में आई। नो कन्याएं नवधा भक्ति हैं और जब नवधा भक्ति किसी के जीवन में आती हैं तो फिर बाद में भगवान को आना ही पड़ता है।ध्रुव जी की कथा का वर्णन किया आगे ध्रुव जी की कथा सुनाते हुए कहा ध्रुव जी एक दिन अपने पिता की गोदी में बैठने जा रहे थे, तभी उनकी मौसी ने यह कहकर निकाला कि अगर तुझे राज गद्दी पर बैठना है, तो पहले भगवान की तपस्या कर और भगवान से वरदान मांग कि मेरे गर्भ से जन्म ले फिर तुझे यह राज गद्दी मिलेगी। ध्रुव रोते-रोते मां के पास आए और कहा की मां मौसी ने मुझे डांटा मां ने समझाया की बेटा मौसी ने सही ही तो कहा है यदि तू भगवान को पा लेगा तो ऐसी गद्दी और गोदी तेरे आगे पीछे रहेंगी। ध्रुव जी जाते हैं और भगवान को प्राप्त करते हैं।इससे शिक्षा यह मिलती है कि अगर कोई हमसे उल्टा भी कुछ कहे पर उसे जो ज्ञानी व्यक्ति होता है। वह उसी बात को बुरे तरीके से ना लेकर के अच्छा समझ करके अच्छी दिशा में मोड़ देते हैं। जैसे ध्रुव कि मां ने ध्रुव जी को भड़काया नहीं की मौसी ने गलत कहा जबकि कहा कि बेटा तेरी मौसी ने सही ही तो कहा है। मौसी को प्रणाम कर के और तपस्या के लिए जाओ। इससे शिक्षा मिलती है कि हमें बुराई में भी अच्छाइयां देख लेनी चाहिए। आचार्य डॉ नवनीत कुमार ने कहा श्री सनातन नारायण सेवा संस्थान जो की भक्तों को धर्म के मार्ग से जोड़ने के लिए यह संस्थान सदेव कार्य कर रही है और जिस स्थान पर श्री भागवत की कथा एवं यज्ञ हो वह स्थान तीर्थ के समान हो जाता है। वही मुख्य यजमान डॉ प्रानमोहन सिंह संग पत्नी प्रो डॉ नीलू सिंह के विधिवत व्यास का पूजन आरती किया। तत्पश्चात उन्होंने कहा श्रद्धालुओं से समय से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आने का आग्रह किया। वही आयोजन समिति के सदस्य सागर कुमार नन्हें ने कहा सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में कई धार्मिक आयोजन किये जाते है जिसका सिर्फ उद्देश्य है क्षेत्र में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना और लोगों को सनातन के प्रति जागरूक करना एवं आपस में सौहार्द बनाना।मौके पर पप्पू सिंह,विजय बसंत सिंह,कुमार अमरज्योति जायसवाल,राणा करणजीत सिंह,बुल्लू झा, विनय मिश्रा,विद्या सिंह राठोर,अनुष्का सिंह,प्रिया कुमारी,वैशाली कुमारी,शिवानी कुमारी,मोनू महाकाल,विनीत सिंह, बंटी झा,समीर कुमार मिठू,अंकित सिंह, अभिजीत सिंह रघुवंशी,प्रिंस सिंह, गोलू सिंह, रिशु सिंह, इसान सिंह,आर्यन,रामप्रेवश साह महादेव, रोहण सिन्हा गुलशन,रौनक सिंह, रवि सिंह, गोबिंद पासवान,शंकर शशि यादव, संतोष सिंह,सोनू सिंह,छोटू, गाँधी जी, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।





## संपादकीय

# क्या महिला आरक्षण बिल संसद में अटक जाएगा



रुपेश कुमार सिंह
संपादक
चौथी वाणी

केंद्र सरकार संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल को लाने की तैयारी कर रही है, जिस पर कांग्रेस लगातार सवाल उठा रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर इस पर समर्थन मांगा है, जिसको लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज है। अब देखने वाली बात होगी क्या कांग्रेस सरकार का साथ देती है या नहीं। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक (महिला आरक्षण बिल) को लागू करने की प्रक्रिया के चलते संसद का बजट सत्र तीन दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया है। तीन दिवसीय सत्र का उद्देश्य 2029 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करना है। ऐसे में अब विपक्ष दलों के रुख को देखा जा रहा है। जहां कांग्रेस टाइमिंग को लेकर विरोध कर रही है तो अन्य विपक्षी दलों का पक्ष भी सामने आया है। अब देखने वाली बात होगी कि क्या यह संसद में पास हो पाता है या नहीं?

**कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने क्या कहा**

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि अभी तक बिल का मसौदा किसी के सामने नहीं है। प्रधानमंत्री अखबारों में लेख लिख रहे हैं, लेकिन वे क्या संशोधन चाहते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। जब तक संशोधन औपचारिक रूप से सभी सांसदों के पास नहीं पहुंचता और राजनीतिक दलों को नहीं बताया जाता कि सरकार क्या करना चाहती है, तब तक इस पर कोई टिप्पणी अनुमानित ही होगी। उन्होंने आगे कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण बिल पारित किया गया था, उसमें साफ लिखा था कि पहले परिसीमन होगा, उसके बाद एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। हम महिला आरक्षण के बहुत बड़े समर्थक हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की पहल पर यूपीए सरकार के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पास किया गया था।

**जयराम रमेश ने बताया आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन**

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।

**महिला आरक्षण विधेयक क्या है?**

इस तीन दिवसीय सत्र में सरकार का उद्देश्य इस कानून में संशोधन पारित करना है, जिससे 2027 की जनगणना पूरी होने से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित हो सके।

इसके अलावा, विधेयक में लोकसभा की सीटों को बढ़ाकर 816 करने का प्रस्ताव है, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यदि विधेयक पारित हो जाता है, तो सबसे पहले उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और उत्तराखंड में चुनाव होंगे, जहां यह आरक्षण लागू होगा।

**विपक्ष के विरोध के बीच दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता**

संवैधानिक संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होगी, जिसमें सदन के कुल सदस्यों का बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत शामिल है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरक्षण कोटा लागू करने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन मांगा है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने इस समय और इस तरीके से संशोधन को आगे बढ़ाने के सत्तारूढ़ एनडीए के मकसद पर सवाल उठाए हैं।

**संसद सत्र से पहले भाजपा ने व्हिप जारी किया**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। इसके तहत, महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए 16 से 18 अप्रैल तक होने वाले विशेष सत्र में सभी भाजपा सांसदों का सदन में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। भाजपा ने अपने व्हिप में कहा है कि सांसदों को कोई अवकाश नहीं दिया जाएगा। यह आदेश मोदी द्वारा राजनीतिक दलों से "सामूहिक कार्रवाई" का आह्वान करने के बाद आया है।

# भारत की सुरसम्राज्ञी का अवसान- आशा भोसले (1933-2026)- एक युग का अंत,एक अमर धरोहर की शुरूआत

## लंबे अपने करियर में संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जो भारत ही नहीं वैश्विक संगीत जगत की भी एक अमर शख्सियत बनाता है



लेखक
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया (महाराष्ट्र)

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारतीय संगीत जगत के लिए 12 अप्रैल 2026 का दिन एक गहरे शोक और ऐतिहासिक क्षति का दिन बन गया,जब सुरों की अद्वितीय जादूगरनी आशा भोसले ने 92 वर्ष की आयु में इस दुनियाँ को अलविदा कह दिया। बताया गया है कि आशा भोसले का अंतिम संस्कार (13 अप्रैल) शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा, जो लोग भी उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, वे सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। आशा भोसले के निधन के बाद म्यूजिक से लेकर सिनेमा,क्रिकेट और राजनेता भी सभी सिंगर को सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त कर रही हैं,मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस लेने वाली आशा ताई केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत की जीवंत प्रतीक थीं। सात दशकों से अधिक लंबे अपने करियर में उन्होंने जिस तरह से संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, वह उन्हें केवल भारत ही नहीं बल्किवैश्विक संगीत जगत की भी एक अमर शख्सियत बनाता है।उनके निधन की खबर ने न केवल संगीत प्रेमियों बल्कि राजनीतिक, सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी गहरे शोक में डाल दिया। भारत के राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,अमित शाह महाराष्ट्र के राज्यपाल मुख्यमंत्री सहित अनेक नेताओं औरकलाकारों ने उन्हेंश्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहूंगा कि आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां संगीत सांसों में बसता था। उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर पहले से ही संगीत की दुनियाँ में एक स्थापित नाम थीं, और इसी वातावरण ने आशा के भीतर भी संगीत के बीज बोए। मात्र 10 वर्ष की आयु में 1943 में उन्होंने अपने गायन करियर कीशुरूआत कर दी थी, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक यात्रा में परिवर्तित हुआ। प्रारंभिक संघर्षों के बावजूद उन्होंने अपनेअद्वितीय स्वर और बहुमुखी प्रतिभा के दम पर धीरे-धीरे बॉलीवुड और भारतीय संगीत उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाई।1950 के दशक में उन्होंने जिस प्रकार अपनी आवाज का जादू बिखेरा, उसने उन्हें संगीत के आकाश का बुलंद चमकता सितारा बना दिया। साथियों बात अगर हम उनके करियर का आरंभिक दौर को समझने की करें तो,वह संघर्षों से भरा था। उन्होंने छोटे बजट की फिल्मों में गाकर अपने लिए जगह बनाई और धीरे-धीरे बड़े निर्देशकों और संगीतकारों का ध्यान आकर्षित किया। बिमल रॉय , राज कपूर जैसे दिग्गजों के साथ काम करने का अवसर उन्हें मिला। संगीतकार ओ . पी .नैयर के साथ उनकी जोड़ी ने कई सुपरहिट गीत दिए, लेकिन 1957 में आई फिल्म नया दौर उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इस फिल्म ने उन्हेंमुख्यधारा की सफलता दिलाई और वे भारतीय फिल्म संगीत की अग्रणी गायिकाओं में शामिल हो गईं।आशा भोसले की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहुमुखी प्रतिभा थी। उन्होंने केवल पारंपरिक फिल्मी गीत ही नहीं गाए, बल्कि गजल, पॉप, भक्ति, शास्त्रीय और लोक संगीत सहित हर शैली में अपनी अद्भुत पकड़ दिखाई। 1981 में आई फिल्म उमराव जान में उनके द्वारा गाई गई गजलें-दिल चीज क्या है, इन आंखों की मस्ती के, ये क्या जगह है दोस्तों- आज भी संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित हैं। इन गीतों ने उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाया और यह साबित किया कि वे केवल एक प्लेबैक सिंगर ही नहीं, बल्कि एक संपूर्ण बहुमुखी की धनी कलाकार थीं। साथियों बात अगर हम आशा भोसले की उपलब्धियों की करें तो उनकी उपलब्धियां केवल भारत तक सीमित नहीं रहीं। आशा भोसले ने अपने करियर में 20 सेअधिक भाषाओं में गीत गाए, जिसके कारण उनका नाम जीनियस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज हुआ। उन्होंने संगीत को वैश्विक मंच पर भारतीय पहचान दिलाई।उनके गीतों ने भारतीयता की खुशबू के साथ-साथ आधुनिकता की झलक भी देखने को मिलती थी, जिसने उन्हें हर पीढ़ी का प्रिय बना दिया।उनका करियर केवल गायन तक सीमित नहीं रहा। 2013 में उन्होंने फिल्म माई के माध्यम से अभिनय की दुनिया में भी कदम रखा और अपने अभिनय से आलोचकों की प्रशंसा प्राप्त की।2020 में उन्होंने डिजिटल युग के साथ कदम मिलाते हुए अपना यूट्यूब चैनल भी शुरू किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे समय के साथ खुद को ढालने में भी माहिर थीं। 90 वर्ष की आयु के बाद भी उनका मंच पर प्रदर्शन करना उनकी ऊर्जा और संगीत के प्रति समर्पण को दर्शाता है। 2025 में दुबई में उनका कॉन्सर्ट इस बात का जीवंत प्रमाण था कि उम्र उनके लिए केवल एक संख्या थी। साथियों बात अगर कर हम आशा भोसले का संगीत सफर केवल उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है इसको समझने की करें तो, उन्होंने हर दौर में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा। 1990 और 2000 के दशक में भी उन्होंने रंगीला,लगान,प्यार तूने क्या किया जैसी फिल्मों में अपनी आवाज देकर यह साबित किया कि वे हर पीढ़ी के साथ तालमेल बैठाने में सक्षम हैं।ए.आर .रहमान जैसे आधुनिक संगीतकारों के साथ काम करते हुए उन्होंने अपने संगीत को नई दिशा दी।उनके निधन के बाद पूरे देश और दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें सबसे बहुमुखी कलाकार बताते हुए कहा कि उनका जाना केवल एक कलाकार का नहीं, बल्कि एक युग का अंत है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उनके साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को याद करते हुए कहा कि आशा ताई का संगीत के प्रति समर्पण अद्वितीय था। वहीं तेजसथ्वी यादव ने भी इसे संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। साथियों बात अगर हम आशा भोंसले के जीवन से सीखने की करें तो,उनका जीवन यह सिखाता है कि प्रतिभा,परिश्रम और समर्पण से किसी भी क्षेत्र मेंअमरता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने न केवल संगीत को जिया बल्कि उसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लिया। उनका हर गीत एक कहानी कहता है, हर सुर एक भावना व्यक्त करता है, और हर धुन एक याद बन जाती है।आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तब भी उनकी आवाज हमेशा गूंजती रहेगी,रेडियो पर, फिल्मों में, मंचों पर और हर उस दिल में जिसने कभी उनके गीतों को महसूस किया है। उनका निधन एक शारीरिक अंत हो सकता है, लेकिन उनका संगीत अमर है। आने वाली पीढ़ियां उनके गीतों से प्रेरणा लेंगी और उन्हें एक आदर्श के रूप में देखेंगी।आशा भोसले केवल एक नाम नहीं थीं, वे एक युग थीं,एक ऐसा युग जिसने भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई। उनका जाना एक खालीपन छोड़ गया है, जिसे भर पाना असंभव है। लेकिन उनके गीत, उनकी आवाज और उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी, हमें यह याद दिलाती रहेगी कि सच्चा कलाकार कभी मरता नहीं,वह अपने कला के माध्यम से हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहता है। साथियों बात अगर हम आशा भोसले के निधन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित अनेक नेताओं द्वारा दी गई श्रद्धांजलि की करें तो भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिग्गज गायिका आशा भोंसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे संगीत की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि आशा जी की सुरीली और सदाबहार आवाज ने दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया और उनके जाने से संगीत जगत में एक बहुत बड़ा खालीपन आ गया है।भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने प्रसि द्ध गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।मुझे महान गायिका आशा भोसले जी के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है। उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। आशा जी अपनी बहुमुखी आवाज से विभिन्न शैलियों में सहजता गा पाई। इससे उन्होंने भावपूर्ण गजलों और पारंपरिक भजनों में महारत हासिल की और भारतीय संगीत पर एक अमिट छाप छोड़ी।उनकी बेमिसाल आवाज और संगीत की विरासत लाखों लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। ओम शांति।प्रधानमंत्री श्री नरेन्‍ द्र मोदी ने आज आशा भोसले जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक बताया।उन्होंने कहा कि उनकी दशकों कीअसाधारण संगीतमय यात्रा ने देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और विश्व भर में अनगिनत दिलों को छुआ, चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएँ, उनकी आवाज में एक शाश्वत दमक थी, और उन्होंने कहा कि उनके साथ हुई मुलाकातों को वे हमेशा संजोकर रखेंगे।उन्होंने उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि वे पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत लोगों के जीवन में सदा गूंजते रहेंगे।पीएम ने एक्स पर लिखाःभारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उनकी दशकों की असाधारण संगीतमय यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएं, उनकी आवाज में एक शाश्वत दमक थी। उनके साथ हुई मुलाकातों को मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। वे पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के जीवन में गूंजते रहेंगे।ह्य भारत के गृहमंत्री अमित शाह जी ने कहा आज हर भारतीय और विशेषकर मेरे जैसे हर संगीत प्रेमी के लिए दुःखद दिन है, जब हम सबकी प्रिय आशा भोसले जी हमारे बीच नहीं रहीं।आशा ताई ने न सिर्फ अपनी मधुर आवाज और अद्वितीय प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई, बल्कि अपने सुरों से भारतीय संगीत को भी और अधिक समृद्ध किया। हर तरह के संगीत में ढल जाने की उनकी अनोखी प्रतिभा हर व्यक्ति का दिल जीत लेती थी। अपनी आवाज से करोड़ों दिलों को छूने वालीं आशा जी ने हिंदी, मराठी, बांग्ला, तमिल, गुजराती सहित अनेक भाषाओं के साथ-साथ लोकगीतों में भी अमिट छाप छोड़ी।आशा ताई की आवाज में जितनी कोमलता थी,उनके व्यवहार में भी उतनी ही सादगी और आत्मीयता थी। उनसे जब भी मुलाकात होती थी, संगीत और कला जैसे अनेक विषयों पर लंबी बातें होती थीं। आज वे भले ही हमारे बीच नहीं हैं, पर अपनी आवाज से वे सदैव हमारे दिलों में रहेंगी।ईश्वर आशा जी को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उनके परिजनों और असंख्य प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। ॐ शांति शांति शांतिपश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी आशा भोसले के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि आशा भोसले एक ऐसी गायिका थीं, जिन्होंने अपनी आवाज से पीढ़ियों तक लोगों के दिलों पर राज किया। उनके अनुसार, वह सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थीं, जिनसे नई पीढ़ी को सीख मिलती रहेगी।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा,भारतीय संगीत जगत की स्वर-सम्राज्ञी,महान सुर- साधिका, पद्म विभूषण आशा भोसले जी का निधन बहुत दुखद और कला जगत की अपूरणीय क्षति है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां दीं। उनकी मधुर आवाज हमेशा देश वासियों के मन में गूंजती रहेगी। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति और शोकाकुल परिजनों और फैंस को ये अपार दुख सहन करने की शक्ति दे।



# विदेशों में बुजुर्गों की स्थिति दयनीय, भारत में अपेक्षाकृत कम ओल्ड एज होम

## बुजुर्ग दंपति का अकेलापन एक बड़ी समस्या




लेखक
संजीव ठाकुर
रायपुर, छत्तीसगढ़

बुजुर्गों के अकेलेपन की समस्या वैश्विक रूप धारण कर चुकी है ।भारत सहित चीन,जापान,स्वीटजरलैंड,अमेरिका फ्रांस कनाडा और ब्रिटेन मैं बुजुर्गों की स्थिति अकेलेपन के कारण दयनीय हो गई है। जापान तथा स्विट्जरलैंड में इच्छा मृत्यु लेने वालों की संख्या बढ़ गई। स्विट्जरलैंड,जापान में तो कई केंद्र ऐसे हैं जिनमें इच्छा मृत्यु धारण करने के वाले बुजुर्गों को वहां अलविदा कहकर भेज दिया जाता है। यह स्थिति मानवता के लिए अत्यंत चिंता करने वाली है। मैंने स्वयं अपनी स्वीटजरलैंड, अमेरिका तथा ब्रिटेन की यात्रा के दौरान देखा है कि वहां के बुजुर्ग वहां के बाग बगीचों में टहलने की बजाय किताब या उपन्यास पढ़ते हैं और वहां कई इच्छा मृत्यु केंद्र (हॉस्पिटल) भी देखे हैं जहां बुजुर्ग स्त्री पुरुष स्वयमेंव जाकर भरती होते हैं और इंजेक्शन लगवाकर इच्छा मृत्यु धारण कर लेते हैं वहां का यह प्रचलन अत्यंत दारुणिक और मार्मिक है। स्विट्जरलैंड और अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में भारत में अभी ओल्ड एज होम यानी वृद्ध आश्रम का चलन उस रफ्तार से नहीं बढा है, जितना यूरोपीय देशों में इसका चलन बुजुर्गों के लिए ऐच्छिक बन चुका है। वहां पर लगभग 40% बुजुर्गों को ओल्ड एज होम भेज दिया जाता है। भारत के संदर्भ में अभी भी बुजुर्गों को संयुक्त परिवार में काफी वरीयता दी जाती है किंतु जिन परिवारों में बुजुर्गों की संताने एकल परिवार वाली होती हैं वहां निश्चित तौर पर बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम भेजने की तैयारी कर ली जाती है। पहले बुजुर्ग अपने नाती पोतों के साथ खेल कर उन्हें दादी नानी की कहानी सुना कर अपना बुढ़ापा गुजार लिया करते थे किंतु अब छोटे बच्चों को शिक्षा हेतु बाहर व्यावसायिक स्कूलों में भेज दिया जाता है जिससे बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं। संतानों के पास अपनी नौकरियों तथा व्यवसाय के कारण बुजुर्गों से बात करने का समय नहीं होता, नतीजतन बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं और अनेक बीमारियों के शिकार होने लगे हैं। भारत में आधुनिकता की होड़ ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए, ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है और परिवार में स्त्री पुरुष के नौकरी करने के कारण बच्चे या तो बुजुर्गों के साए में परवरिश के लिए बाध्य हैं अथवा उनकी देखरेख आया बाइयों के भरोसे पर निर्भर हो गई है। बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की असंवेदनशीलता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों,पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाती है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है' बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है' महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है' बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी माता-पिता पर होती है। पर वर्तमान में बच्चे मां बाप के नौकरी पेशा होने के कारण अपने माता-पिता से दूर होते जा रहे हैं। बुजुर्ग और संतानों के बीच मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट के कारण संवाद हीनता ने जटिल संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक,व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है' उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है' देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' वे वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी' भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निदेर्शों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है' भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

# अमेरिका -ईरान की वार्ता फेल के मायने

सौरभ वार्ष्णेय



अमेरिका और ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता का असफल होना केवल दो देशों के रिश्तों में दरार भर नहीं है, बल्कि इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर पड ़ वाला है। यह विफलता कई स्तरों पर गंभीर संकेत देती है। यह पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति, अविश्वास और क्षेत्रीय शक्तियों की प्रतिस्पर्धा का भी प्रतिबिंब है। ऐसे में यह कहना कि इस विफलता के लिए पाकिस्तान पूरी तरह जिम्मेदार है, एक अतिसरलीकरण होगा—हालांकि उसकी भूमिका को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। यह वार्ता ही बेईमानी थी कि क्योंकि लेबनान में इजरायल की बमबारी कर रहा था जिस पर ईरान ने अपना विरोध दर्ज कराया था। वहीं ईरान की दस सूत्री बातें जो कि अमेरिका शुरू से मानने से इंकार कर रहा था। अब ऐसे में वार्ता हुई जो बताया जा रहा है पाकिस्तान ने एक दूसरे देश की बातें साझा की जो वार्ता का हल ही अस्पष्ट कर देती है। पाकिस्तान से जाते समय अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी बेंस ने भी वार्ता फेल की जानकारी दी। इस शांति वार्ता के फेल होने के कई कारण हैं।

सबसे पहले, यह क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाने का संकेत है। पहले से ही इज ायल, लेबनान, यमन और खाड़ी क्षेत्र में तनाव मौजूद है। ऐसे में वार्ता का टूटना टकराव की संभावना को और बढ़ा सकता है। ईरान समर्थित समूहों और अमेरिका समर्थित शक्तियों के बीच परोक्ष संघर्ष तेज हो सकता है।दूसरा बड़ा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ सकता है। ईरान एक बड़ा तेल उत्पादक देश है, और उस पर लगे प्रतिबंधों में ढील की उम्मीद से बाजार में संतुलन बन सकता था। लेकिन वार्ता विफल होने से तेल की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर भारत जैसे आयातक देशों पर सीधे पड़ेगा।तीसरा, यह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की सीमाओं को उजागर करता है। वर्षों से चल रही बातचीत के बावजूद यदि कोई ठोस परिणाम नहीं निकलता, तो यह दशार्ता है कि आपसी अविश्वास और राजनीतिक हित शांति के रास्ते में बड़ी बाधा बने हुए हैं। इससे भविष्य में अन्य वैश्विक वाताओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।चौथा, परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताएं और बढ़ेंगी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने का उद्देश्य इस वार्ता का मुख्य आधार था। अब इसके विफल होने से परमाणु हथियारों की होड़ तेज होने का खतरा है, जिससे वैश्विक सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। यह विफलता एक चेतावनी है कि केवल बातचीत की मेज पर बैठना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वास निर्माण और ठोस राजनीतिक इ'छाशक्ति भी जरूरी है। यदि विश्व शक्तियां समय रहते समाधान नहीं निकाल पातीं, तो इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ सकता है।

वहीं पाकिस्तान की भूमिका की बात की जाये तो पाकिस्तान लंबे समय से अमेरिका और ईरान दोनों के साथ संतुलन साधने की कोशिश करता रहा है। एक ओर वह अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ उसकी भौगोलिक निकटता और ऊर्जा हित जुड़े हुए हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाने की इ'छा जताई है, लेकिन उसकी आंतरिक अस्थिरता, सीमित कूटनीतिक प्रभाव और सुरक्षा चुनौतियाँ उसे एक प्रभावी मध्यस्थ बनने से रोकती हैं।इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका को लेकर संदेह भी बना रहता है। अमेरिका को यह आशंका रही है कि पाकिस्तान क्षेत्र में अपने हितों को साधने के लिए ईरान के साथ दोहरी नीति अपनाता है, जबकि ईरान भी पाकिस्तान की सऊदी अरब के साथ निकटता को लेकर सतर्क रहता है। ऐसे में यदि वार्ता के दौरान पाकिस्तान की कोई अप्रत्यक्ष भूमिका रही भी हो, तो वह निर्णायक नहीं कही जा सकती।वास्तव में, अमेरिका और ईरान के बीच अविश्वास की खाई बहुत गहरी है—परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध, और क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। इन मूल मुद्दों का समाधान किए बिना किसी तीसरे देश को दोष देना वास्तविकता से मुंह मोड ़ जैसा होगा। पाकिस्तान इस कूटनीतिक परिदृश्य में एक सीमित और परोक्ष भूमिका निभाता है, लेकिन वार्ता की विफलता का मुख्य कारण नहीं है। यह विफलता अधिकतर अमेरिका और ईरान के बीच गहरे मतभेदों और पारस्परिक अविश्वास का परिणाम है, जिसे किसी एक बाहरी कारक पर थोपना न तो उचित है और न ही व्यावहारिक।

**अमेरिका का अब आगे का रुख क्या ?**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका का ईरान के प्रति रुख एक जटिल रणनीतिक संतुलन पर टिका हुआ दिखाई देता है। एक ओर वह प्रत्यक्ष युद्ध से बचना चाहता है, तो दूसरी ओर ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर सख्त नियंत्रण भी बनाए रखना चाहता है। यही द्वंद्व आने वाले समय में उसकी नीति की दिशा तय करेगा। सबसे पहले, अमेरिका की प्राथमिकता पूर्ण युद्ध से बचाव है। इराक, अफगानिस्तान जैसे लंबे और महंगे सैन्य अभियानों के अनुभव ने उसे सिखाया है कि मध्य-पूर्व में सीधा युद्ध केवल अस्थिरता बढ़ाता है। इसलिए वह ईरान के साथ सीधे सैन्य टकराव के बजाय नियंत्रित दबाव की नीति अपना रहा है। दूसरा, अमेरिका आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंधों को और सख्त कर सकता है। ईरान के तेल निर्यात, बैंकिंग प्रणाली और रक्षा सहयोग पर रोक लगाकर वह उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश करेगा। साथ ही, वह यूरोपीय देशों और खाड़ी सहयोगियों को भी अपने साथ जोड़कर एक संयुक्त मोर्चा बनाने की दिशा में काम करेगा।तीसरा, अमेरिका की रणनीति में प्रत्यक्ष नहीं, परोक्ष सैन्य उपस्थिति भी महत्वपूर्ण रहेगी। खाड़ी क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकानों को मजबूत करना, इज ायल और सऊदी अरब जैसे सहयोगियों को समर्थन देना, और जरूरत पड ़ पर सीमित सैन्य कार्रवाई करना—ये सभी कदम उसकी डिटरेंस नीति का हिस्सा होंगे। चौथा, कूटनीति के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं होंगे। अमेरिका यह समझता है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी तरीका बातचीत ही है। इसलिए भविष्य में नई शर्तों के साथ किसी नए परमाणु समझौते की संभावना बनी रहेगी, भले ही वर्तमान हालात तनावपूर्ण क्यों न हों। अमेरिका का रुख एक दोहरी रणनीति पर आधारित रहेगा—एक तरफ दबाव और प्रतिबंध, दूसरी तरफ संवाद और समझौते की कोशिश। यह नीति तत्काल समाधान तो नहीं देगी, लेकिन क्षेत्र में बड़े युद्ध को टालने और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करने का प्रयास अवश्य करेगी। देखना होगा कि युद्ध किसी मसले का हल नहीं है जबकि ऐसे में जब ईरान होर्मूज पर कब्जा कर बैठा है। अगर जैसा कि ईरान धमकी दे रहा है कि उसने होर्मूज में अपनी माइंस की लोकेशन मिल नहीं रही या इंटरनेट की केबिल काट देगा? यानी फिलाहल विश्व का ऊर्जा संकट टालने हेतू ईरान से शांति वार्ता बेहद जरूरी है।

प्रकाशक, संपादक, मुद्रक रूपेश कुमार सिंह, रैप एक्सप्रर्टस प्राइवेट लिमिटेड पटना द्वारा, कॉमी तंजीम पब्लिसर्स प्रा. लिमिटेड, अमीन मंजिल, सब्जीबाग, पटना-800004 से मुद्रित। ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना से प्रकाशित। संपर्क सूत्र : 9835055017 / 7004145686, RNI NO—BIHHIN/2021/85413

# रीपर की चिंगारी बनी कहर, बहेरी और समहुता में 200 बीघे गेहूं की फसल राख

**करगहर संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के बहेरी एवं समरडीहां पंचायत के समहुता गांव में रविवार दोपहर भीषण अगलगी की घटना में करीब 200 बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई, रीपर मशीन से निकली चिंगारी ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हार्वेस्टिंग के बाद खेतों में बचे डंठलों से भूसा बनाने के लिए रीपर मशीन से कटाई की जा रही थी, इसी दौरान मशीन से निकली चिंगारी सूखी फसल पर गिर गई और आग लग गई, तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि किसान चाहकर भी अपनी फसल नहीं बचा सके, मौके पर मौजूद किसानों ने बाल्टी, पंपसेट और झाड़ियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस घटना में बहेरी गांव के सुरेश कुमार पाठक, अरुण कुमार पाठक, सत्येंद्र पाठक, देवेंद्र ओझा, रविकांत पाठक, आशुतोष पाठक, श्रीराम पाठक, नरेंद्र पाठक, रामप्रवेश पाठक, रामाकांत पाठक, बबन पाठक, शशिकांत पाठक, जनार्दन पाठक, राकेश पाठक, मुकुल तिवारी, अमर तिवारी, राजेश्वर उपाध्याय, विक्रम पाठक, संतोष कुमार पाठक सहित दो दर्जन किसानों की करीब 100 बीघे फसल जल गई। वहीं समहुता गांव में संतोष गुप्ता को सबसे अधिक नुकसान हुआ, इसके अलावा योगेंद्र राय, शंकर राम, हनुमान कहार, अवधेश साह, लक्ष्मण कहार, सच्चिदानंद राय, विनोद साह, कृष्णा राय, संत विलास राय, सखीचंद साह, देवेंद्र राय, पुनीत साह, फागु साह सहित डेढ़ दर्जन किसानों की करीब 100 बीघे फसल जलकर नष्ट हो गई। इस अगलगी से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और साल भर की मेहनत कुछ ही पलों में राख हो गई। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर अग्निशमन दल पहुंच जाता तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में मायूसी का माहौल है और किसान अपने भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी हेल्थ कैंप आयोजित

**चौथी वाणी / पटना सिटी ।** समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए रोटरी पटना सिटी सम्राट द्वारा रविवार को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, खेमचंद चौधरी मार्ग स्थित परिसर में निःशुल्क फिजियोथेरेपी हेल्थ चेकअप एवं मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में




लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ उठाया। कैंप में डॉ. रवि प्रकाश और फिजियो हेल्पिंग हैंड्स टीम के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की गई। साथ ही एक्सरसाइज सेशन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर टीम के प्रमुख सदस्य डॉ. शहबाज ए. खान, डॉ. पियूष कुमार सिन्हा, डॉ. कुमार निसास और डॉ. अमृता स्वराज मौजूद रहे। सभी विशेषज्ञों ने फिजियोथेरेपी के महत्व, सही व्यायाम पद्धति और स्वास्थ्य संरक्षण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रोटरी पटना सिटी सम्राट के पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इसमें अध्यक्ष रो. अभिषेक पैट्रिक, प्रोजेक्ट चेयर रो. डॉ. आशीष गोलवारा, सचिव रो. ओम प्रकाश के साथ रो. बिनए लाम्बा और रो. नितिन मुकेश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में सभी पदाधिकारियों ने इस सफल आयोजन के लिए टीम को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया। यह शिविर रोटरी क्लब की सेवा भावना और जनकल्याण के प्रति समर्पण का सशक्त उदाहरण बना।

### जेपीयू में 14 सूत्री मांगों को लेकर चल रहा धरना वार्ता के बाद समाप्त

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 14 सूत्री मांगों को लेकर 10 अप्रैल 2026 से चल रहा धरना दूसरे दिन कुलपति के साथ सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद समाप्त हो गया। वार्ता के दौरान कुलपति ने कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए वेतन वृद्धि समेत अधिकांश मांगों को सक्षम एवं विधिक प्राधिकारों से स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद कुलसचिव द्वारा इस आशय का पत्र निर्गत किया गया। पत्र जारी होने के पश्चात कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया और सभी अपने-अपने कार्य पर वापस लौट गए।

### जेपीयू स्नातक सेमेस्टर-1 परीक्षा का केंद्र बदला

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय के स्नातक सीबीसीएस सत्र 2025-29, सेमेस्टर-1 की परीक्षा के लिए जयप्रकाश महिला महाविद्यालय, छपरा स्थित परीक्षा केंद्र को बदलकर विश्वविद्यालय परिसर के मल्टी परपस हॉल में स्थानांतरित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि जयप्रकाश महिला महाविद्यालय को बीपीएससी



एडीईओ परीक्षा का केंद्र बनाए जाने के कारण यह बदलाव किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जेपीएम कॉलेज की प्राचार्या को सेंटर सुपरिटेंडेंट बनाया गया है तथा वहां के सभी प्राध्यापक विश्वविद्यालय परिसर स्थित मल्टी परपस हॉल में ही वीक्षण कार्य करेंगे।

### डीबीएसडी कॉलेज के परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड रविवार को भी मिलेगा

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय की संबद्ध इकाई डीबीएसडी कॉलेज, कदना, गरखा के स्नातक सीबीसीएस सत्र 2025-29, सेमेस्टर-1 के परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड 12 अप्रैल 2026, रविवार को भी विश्वविद्यालय परिसर स्थित काउंटर से वितरित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रविवार को भी काउंटर खोला जाएगा, ताकि सभी परीक्षार्थी समय पर अपना एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकें।

### एकमा में किशोरी से छेड़खानी मामले का आरोपी युवक गिरफ्तार

**चौथी वाणी/एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थाना पुलिस ने किशोरी से छेड़खानी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के बिंदालाल रामपुर निवासी शकील अंसारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि आरोपी युवक ट्यूशन पढ़ने जाने के दौरान रास्ते में एक किशोरी छात्रा को अक्सर परेशान करता था। लगातार हो रही इस हरकत से परेशान होकर पीड़िता के पिता ने एकमा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक से शनिवार को आवश्यक पूछताछ के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कृषि विभाग मे विशेष उर्वरक जागरूकता शिविर का आयोजन

**हाजीपुर (चौथी वाणी)** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तहत जिले के गोरौल एवं पटेढ़ी बेलसर प्रखंडों में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार विशेष उर्वरक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। दोनों प्रखंडों में लगभग 100-100 किसानों ने भाग लिया।शिविर के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक एवं प्रभारी सहायक तकनीकी प्रबंधकों द्वारा किसानों को खेतों में उर्वरकों की सही मात्रा के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। गोरौल में बीएओ शिवजी पासवान, तकनीकी प्रबंधक अंकिता शर्मा एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक नीलपना कुमारी ने किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया।साथ ही मिट्टी जांच के आधार पर आवश्यकता अनुसार खाद डालने पर विशेष जोर दिया गया।इस जागरूकता अभियान में बीएचओ विजय शंकर,समन्वयक बिपिन कुमार, सतीश कुमार सहित किसान सलाहकारों के साथ करीब 100 किसान उपस्थित रहे।वहीं पटेढ़ी बेलसर में कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र पासवान, तकनीकी प्रबंधक श्वेता राज, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुनील कुमार, समन्वयक कौशल कुमार, किसान सलाहकार आशुतोष कुमार, दिनेश सहित ने किसानों को

## शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकले हिमालया किड्जी के नौनिहाल, हरी झंडी दिखाकर रवाना



**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** शहर के सेंट्रल जेल के समीप स्थित हिमालया किड्जी, अदमापुर के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए सोमवार को विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्यालय की प्राचार्या रमा राय ने बच्चों व शिक्षकों को मां मुंडेश्वरी मंदिर के लिए उत्साहपूर्वक विदा किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक बृज बिहारी राय ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में मां मुंडेश्वरी एवं मां ताराचंडी धाम में पूजा-अर्चना से छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों व पूरे विद्यालय परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों के मानसिक व बौद्धिक विकास में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। परिभ्रमण में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में रागिनी सिंह, रिया कुमारी, रुबी कुमारी, रानी कुमारी, पूजा कुमारी, अंशु कुमारी, प्रतिमा कुमारी एवं राहुल कुमार शामिल रहे। वहीं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ इस यात्रा में शामिल हुए। विद्यालय परिसर से बच्चों के रवाना होते ही माहौल उत्साहपूर्ण हो गया और अभिभावकों ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित यात्रा की कामना की।

## श्री रामचरितमानस महायज्ञ के नवम दिवस पर राम राज्याभिषेक का भव्य आयोजन



**चौथी वाणी / पटना सिटी।** साधन धाम परिसर में आयोजित श्री रामचरितमानस महायज्ञ के नवम दिवस पर उत्तर कांड के विभिन्न प्रसंगों का भक्तिभाव से पाठ किया गया। इस दौरान श्री राम के राज्याभिषेक, राम राज्य का वर्णन, शिव-पार्वती संवाद, गरुड़ जी द्वारा काकभुशुंडी जी से राम कथा श्रवण, रुद्राष्टकम, ज्ञान-भक्ति निरूपण एवं भजन महिमा जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का पाठ श्री हरि प्रसाद दुबे जी के सान्निध्य में भक्तों और भूदेवों ने किया। कार्यक्रम में श्रद्धेय श्री राम नरेश शास्त्री जी द्वारा स्थापित परंपरा का पालन करते हुए चौपाई— ह्लप्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि विप्रन्ह कहुँ आयसु दीन्हाह्व — के पाठ के साथ वेद मंत्रों के बीच भगवान श्री राम का राजतिलक महायज्ञ के संरक्षक श्री पंकज शुक्ल जी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर राज्याभिषेक की विशेष आरती भी उतारी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस मौके पर मानस मर्मज्ञ श्री बालकदास जी ने ज्ञान और भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि रामचरितमानस की कुछ चौपाइयों का भी श्रद्धापूर्वक स्मरण करने से व्यक्ति के समस्त अज्ञान और कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कथा पापों का नाश करने वाली, कल्याणकारी तथा समाज में संस्कारों के पुनर्स्थापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शत्रुघ्न उपाध्याय, डॉ. ऊषा उपाध्याय, डॉ. कौशलेंद्र, डॉ. शामली, पारस लोहनी एवं गोपाल पुरी का विशेष सहयोग रहा।

### मैट्रिक पास कराने का झांसा देकर 5500 की ठगी

**चौथी वाणी/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी शिवनाथ महतो ने मैट्रिक परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर 5500 रुपये ठगने की शिकायत पुलिस से की है। पीड़ित ने बताया कि उनकी पोती पूनम कुमारी, अलख नारायण सिंह उच्च विद्यालय की छात्रा है और उसने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा दी थी। 27 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर कॉल कर छात्रा के फेल होने की बात कहते हुए पास कराने के नाम पर रुपये की मांग की। झांसे में आकर परिजनों ने बताए गए नंबर पर पहले 4000 रुपये और बाद में 1500 रुपये भेज दिए। हालांकि, रिजल्ट आने पर छात्रा फेल पाई गई। इसके बाद जब संबंधित नंबर पर संपर्क किया गया तो वह बंद मिला। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह साइबर ठगी का मामला प्रतीत होता है, जिसकी जांच की जा रही है।

### बागवानी और गेहूं की फसल में भीषण आग

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** मशरक के चान्दबरवा क्षेत्र में बागवानी और गेहूं की फसल में भीषण आग लगने से किसानों को हजारों रुपये की क्षति हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और 112 की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों के अनुसार आम के बागान में लगी आग सूखे घास-फूस के कारण तेजी से फैलकर गेहूं के खेत तक पहुंच गई और विकराल रूप धारण कर लिया।

## निजी विद्यालय संचालकों की बैठक में शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर जोर



**करगहर संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के निजी विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, विद्यालय संचालन में सुधार लाने तथा संगठन को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सबसे बड़ी आवश्यकता है और सभी विद्यालय संचालकों को एकजुट होकर बच्चों को बेहतर एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही निजी विद्यालयों की समस्याओं का समाधान संभव है। बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधन, नामांकन प्रक्रिया, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन व्यवस्था, शिक्षकों की भूमिका तथा सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि सभी निजी विद्यालय एक मंच पर आकर अपनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाएंगे और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। बैठक में मुनेश्वर सिंह (शिक्षा निकेतन, करगहर), ब्रजेश कुमार पाण्डेय (न्यू एस.के. पब्लिक स्कूल, करगहर), संतोष कुमार सिंह (गुरुकुल लिटिल फ्लावर एकेडमी, बड़हरी), रामजी सिंह एवं महेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, बड़हरी), मोहम्मद शमशाद आलम (सरस्वती बाल विद्यालय, करगहर), शशिकांत पाठक (डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्कूल, डिब्बियां), हरेराम कुमार राय (विजन पब्लिक स्कूल, सेमरी), रंजीत कुमार सिंह (आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, करगहर), अरविंद कुमार सिंह (केंद्रीय प्राइवेट विद्यालय, करगहर) सहित प्रखंड के अनेक निजी विद्यालयों के संचालक एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

## प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी संघ का चतुर्थ अधिवेशन शुरू



**वित्तीय अनुशासन व पदोन्नति मुद्दों पर जोर**

**चौथी वाणी / पटना।** राजधानी स्थित दीप नारायण संस्थान पटना में बिहार प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी एवं प्रमंडलीय लेखाकार संघ के चतुर्थ अधिवेशन का प्रथम दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप महालेखाकार (कार्य) (लेखा एवं हकदारी), बिहार, पटना के श्री डी.पी. श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

अपने उद्घाटन संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में कार्य विभागों के प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे लेखांकन कार्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया। अधिवेशन में ऑल इंडिया फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. मदन सिंह ने संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने संवर्ग को ऑडिट कार्य में भी भूमिका देने का आश्वासन दिया, जिसे अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया गया। साथ ही, अवरुद्ध पदोन्नति को शीघ्र कराने, छुट्टी स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाने, न्यूनतम ग्रेड पे में वृद्धि, तथा कार्य विभागों के स्थायी लिंकिंग जैसे मुद्दों पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। संघ के महासचिव राजेंद्र कुमार एवं अध्यक्ष राहुल कश्यप ने अपने प्रतिवेदन में अब तक किए गए कार्यों के साथ-साथ वर्तमान समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया और संगठन को और मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई। स्वागत समिति के अध्यक्ष गौतम कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रमंडल स्तर पर वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। अंत में अजीत कुमार दास ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रथम सत्र के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर पवन कुमार, राजवर्मा, राज राजेश, रवि रजेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में पांच मामलों का हुआ निष्पादन

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** भूमि संबंधी विवाद के निष्पादन को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय स्थित अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में अंचलाधिकारी प्रियंका सिंह एवं त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष राकेश कुमार एवं जदिया थानाध्यक्ष नंदकिशोर नंदन के संयुक्त रुप से जनता दरबार का आयोजन किया । मौके पर बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद थे । जनता दरबार के दौरान दोनों पक्षों की सुनवाई की गई, इस बाबत अंचलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि आयोजित जनता दरबार में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के चार मामलों का निष्पादन किया गया वहीं जदिया थाना क्षेत्र के भी एक मामलों का निष्पादन किया गया बताया कि त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के ग्यारह नए आवेदन प्राप्त हुए हैं । प्राप्त आवेदन के आलोक में अगले जनता दरबार की तिथि को साक्ष्य के साथ दोनों पक्षों को उपस्थित होने के लिए नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया है ।

संक्षिप्त खबरें

## बिजली चोरी में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**तारडीह।** स्थानीय बिजली विभाग के जेई अनवर शाह कैंशर ने रविवार को कटहारा गांव में छापामारी कर अवैध रूप से बिजली की चोरी कर रहे योगी सदाम, विष्णुदेव मुखिया के विरूद्ध सकतपुर थाने मे प्राथमिकी दर्ज करायी है। जेई श्री कैंशर ने बताया कि विगत कई महिनों से बिजली बिल जमा किये वगैर चोरी छुपी बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों लोगो पर 44 हजार पांच सौ रुपए की जुमार्ना किया गया है।

## आशा भोसले सिर्फ एक गायिका नहीं, बल्कि भारतीय संगीत जगत की अमूल्य धरोहर थीं :- संजय सिंह

**दरभंगा (चौथी वाणी)** जिला पूर्वी भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने महान पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया



है।संजय सिंह पप्पू सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि आशा भोसले सिर्फ एक गायिका नहीं, बल्कि भारतीय संगीत जगत की अमूल्य धरोहर थीं। उनकी आवाज ने दशकों तक करोड़ों लोगों के दिलों पर राज किया और संगीत को एक नई ऊंचाई दी।संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि आशा भोसले ने अपनी मधुर, बहुआयामी और सशक्त आवाज से संगीत को नई पहचान दी। उन्होंने हर शैली—गजल, फिल्मी गीत, पॉप और शास्त्रीय संगीत—में अपनी अलग छाप छोड़ी। उनके सुरों में बसने वाली ह्यआशाह्न ने हर पीढ़ी को जोड़ा। उनका जाना भारतीय संगीत के एक स्वर्णिम युग का अंत है।उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।स्वर कोकिला लता मंगेशकर की बहन और देश की लाडली गायिका आशा जी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए संजय सिंह ने कहा कि उउनकी सुरीली आवाज भारतीय संस्कृति का गौरव सदैव बना रहेगा।

## बाइक लूट कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नासरीगंज थाना कांड संख्या 116/26 के फरार अभियुक्त को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रवि किशन कुमार है जो पैगा गांव का निवासी बताया जाता है। उसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर में छापेमारी कर पकड़ा गया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई सुबोध कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज धराए, पुलिस की छापेमारी में सफलता

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के पटनवाँ भुईयाँ टोली में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान करीब 20 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिससे अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सच्चिदानंद कुमार उर्फ लाल (लगभग 40 वर्ष), पिता स्वर्गीय नागदेव सिंह तथा रवि रंजन कुमार उर्फ रोशन कुमार, पिता अशोक सिंह, दोनों निवासी ग्राम पटनवाँ कला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि रवि रंजन कुमार उर्फ रोशन कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। थाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अवैध धंधों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## अपहरण कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दबोचा

**चेनारी संवाददाता (चौथी वाणी)।** चेनारी थाना क्षेत्र में दर्ज अपहरण कांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कांड संख्या 16/26, दिनांक 18 जनवरी 2026 से संबंधित मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिमन्यु यादव उर्फ लड्डू यादव उर्फ रंगू यादव (21 वर्ष), पिता शिवशंकर यादव, ग्राम उभांव, थाना चेनारी, जिला रोहतास के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में चेनारी थाना प्रभारी रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अपहरण कांड में संलिप्त आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक चिंगारी ने उजाड़ दी फसल, कुछीला बधार में 100 बीघा गेहूं राख

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के कुछीला पंचायत के बधार में अचानक लगी भीषण आग ने किसानों की महीनों की मेहनत को पलभर में राख कर दिया। इस अगलगी की घटना में करीब 100 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे किसानों के बीच हाहाकार मच गया। ग्रामीणों के अनुसार, आग लगने के पीछे शरारती तत्वों की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे बधार को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के किसान और ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन तेज लपटों के कारण शुरूआत में उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। काफी मशक्कत और प्रयास के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई, जिससे किसानों के सामने गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद प्रभावित किसानों ने सरकार और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि उनकी पूरी पूंजी और मेहनत इस आग में जलकर खत्म हो गई है, ऐसे में उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है। इस घटना से पूरे इलाके में चिंता और दुख का माहौल है। किसान अपने नुकसान को लेकर बेहद परेशान और मायूस नजर आ रहे हैं।

## अनियंत्रित बालू लदा ट्रेलर पलटा, चालक घायल

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** डेहरी-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर आयर कोठा थाना क्षेत्र के पड़ुहार गांव के समीप रविवार सुबह करीब नौ बजे डेहरी की ओर से जा रहा बालू लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर दो लिपटस के पेड़ तोड़ते हुए सड़क किनारे चाट में पलट गया। दुर्घटना की आवाज सुनकर



ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस एवं 112 को दी। मौके पर पहुंचे एएसआई उज्जवल कुमार एवं ग्रामीणों की तत्परता से ट्रक में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घायल चालक को पुलिस द्वारा अकोढ़ी गोला पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति सामान्य बताई। थानाध्यक्ष शिवम कुमार के अनुसार चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र के पथरी निवासी पारस नाथ गौंड के पुत्र सुरेंद्र गौंड के रूप में हुई है। चालक ट्रक संख्या बीआर 26 06 जीजी 5026 पर बालू लेकर रोहतास से गोरखपुर जा रहा था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर वरीय पदाधिकारियों को सूचना दे दी है।

# राघोपुर में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू, कार्यकर्ताओं को दी गई संगठन व विचारधारा की सीख

**चौथी वाणी सुपौल राघोपुर संवाददाता/**राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच-27 किनारे बतराण चौक स्थित एक होटल परिसर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा की सिमराही नगर एवं राघोपुर उत्तर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।



कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव की अध्यक्षता में भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के पहले दिन तीन अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। पहले सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सचिन माधोगरिया ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उसके गठन से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा को विस्तार से बताया। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय अध्यक्षों के योगदान को रेखांकित करते हुए संगठन की मजबूती में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण के आरंभ से पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकताओं से इन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक सुनिश्चित करना ही संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। दूसरे सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बैद्यनाथ भगत ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसके प्रशिक्षित कार्यकताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से कार्यकताओं की संगठनात्मक दक्षता बढ़ती है और वे चुनावी रणनीति को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा ह्लमन की बातह्व जिला प्रभारी विजय सिंह ने कार्यकताओं को पार्टी की कार्यपद्धति एवं अनुशासन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है, जिससे संगठन की जड़ें और मजबूत होंगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार राय, जिला मंत्री स्मृति कुमारी, ममता झा, जिला उपाध्यक्ष सीमा कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विनीता देवी, नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भरत सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी धीरेंद्र यादव एवं सागर यादव को भी अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भोजपुर जिला में घरेलू गैस पर्याप्त, कुल 30 वितरक

**आरा (चौथी वाणी दैनिक, ब्यूरो)/** भोजपुर जिला में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुर जिला में गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 30 वितरक है, जिनके पास कुल 5040 गैस सिलेण्डर, भारत गैस के कुल 06 वितरक है, जिनके पास कुल 1757 एल०पी०जी० सिलेण्डर एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कुल 09 वितरक है, जिनके पास कुल 2067 गैस सिलेण्डर है, इस प्रकार कुल 8864 एल०पी०जी० सिलेण्डर आज वितरण हेतु उपलब्ध है। वर्त्तमान में एल०पी०जी० सिलेण्डर डिलीवरी के उपरान्त अगला बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन पर ही होगा। अपने मोबाईल नंबर पर ओ०टी०पी० प्राप्त कर भेण्डर के माध्यम से ही गैस सिलेण्डर प्राप्त करें। गैस एजेंसी द्वारा होम डिलेवरी करना प्रारंभ कर दिया गया है, इसलिए गैस एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगायें एवं पैनिक बुकिंग न करें। समस्या समाधान हेतु गैस कम्पनी के जिला में एल०पी०जी० गैस वितरण से संबंधित शिकायत के निराकरण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष गठित की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 एवं अनुमंडल स्तर पर सदर आरा अनुमंडल का 06182-233325, पीरो अनुमंडल का 06181-223301, जगदीशपुर अनुमंडल का 06181-223048 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सभी अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा होटल/रेस्टोरेन्ट एवं मिठाई दुकानों में छापामारी की जा रही है। अबतक कुल 07 प्रतिष्ठानों पर 03 प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एवं 35 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किया गया है। आज दिनांक 12.04.2026 को कुल 02 गैस एजेंसी का निरीक्षण एवं 01 व्यापारिक प्रतिष्ठान पर छापामारी किया गया है।

## फिंगलास पंचायत में नल-जल योजना फेल: लाखों खर्च के बावजूद 15 दिनों से सूखी टोटियां, ग्रामीण परेशान



**चौथी वाणी सुपौल राघोपुर संवाददाता/** सुपौल जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत फिंगलास पंचायत के वार्ड संख्या 11 में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना पूरी तरह विफल साबित होती नजर आ रही है। लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई जलमीनार और पाइपलाइन व्यवस्था केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है, जबकि ग्रामीणों को पिछले 10 से 15 दिनों से एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हो रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नियमित रूप से पंप चालू होने के बावजूद घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंप चालक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए रोज समय पर मोटर चालू करता है, लेकिन इसके बाद भी टोटियों से पानी नहीं निकलता। इस समस्या से लोग काफी परेशान हैं और उन्हें मजबूरी में अन्य स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। गांव के प्रभाष कुमार यादव, राजेश कुमार मंडल, देवनारायण मंडल, सुरेश कुमार, अरुण मंडल और डोमनी देवी समेत दर्जनों लोगों ने इस गंभीर समस्या को लेकर जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अपील करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस योजना की जांच कर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। वहीं पंप चालक रमण झा ने भी अपनी असहायता जाहिर करते हुए बताया कि वे प्रतिदिन पंप चालू करते हैं, लेकिन पानी सप्लाई नहीं हो रही है। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं पाइपलाइन में कटाव या तकनीकी खराबी हो सकती है, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राघोपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार यादव ने कहा कि शिकायत मिली है और संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) से जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति बहाल की जाएगी। फिलहाल, योजना की बदहाली और प्रशासनिक लापरवाही के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, चालक घायल, भारी नुकसान



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** शहर के नटवार रोड में रविवार को एक अनियंत्रित ट्रक घर में घुस गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक घायल हो गया, जबकि घर के बाहर रखा गुमटी पूरी तरह ध्वस्त हो गया और घर के एक कमरे में रखी दो बाइक सहित अन्य सामग्री क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बालू लदा ट्रक बिक्रमगंज से नटवार की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक नटवार रोड में अनियंत्रित होकर पहले एक हार्वेस्टर से टकरा गया, इसके बाद असंतुलित होकर सड़क किनारे चंदर देवी के घर में घुस गया। गनीमत रही कि घर के बाहर पानी निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया था और बाहर एक गुमटी रखी हुई थी। ट्रक ने पहले गुमटी को टक्कर मारकर उसे ध्वस्त किया, फिर नाले को तोड़ते हुए घर की दीवार से टकराया, जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। यदि नाला और गुमटी नहीं होता तो ट्रक पूरी तरह घर के अंदर घुस जाता और बड़ा हादसा हो सकता था। प्रभारी थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है और पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## विश्वविद्यालय छात्रावास में रहकर कर रहे थे कारतूस की तस्करी, दो गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में जहां छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, वहीं रविवार को पुलिस ने छात्रावास में रहकर कारतूसों की तस्करी करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 200 जिंदा कारतूसों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिवान के अभिषेक तिवारी और सीतामढ़ी के अनमोल कुमार के रूप में हुई है। मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कान्तेश कुमार मिश्रा ने रविवार को बताया कि दोनों तस्कर अपनी बाइक से कारतूसों की बड़ी खेप लेकर हॉस्टल लौट रहे थे। इसी दौरान काजी मोहम्मदपुर थाना की पुलिस टीम ने कलमबाग चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस की जांच में पता चला कि ये विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहते हैं। उनकी निशानदेही पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित पीजी हॉस्टल के कमरा संख्या-54 से एक पिस्टल का होल्स्टर और एक मैगजीन भी बरामद किया गया है। इस मामले की एक प्राथमिकी काजी मोहम्मदपुर थाना में दर्ज कर ली गई है। पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अभिषेक तिवारी के खिलाफ पूर्व में मनीयारी थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस पकड़े गए बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन कारतूसों की आपूर्ति कहां की जानी थी और कहां से इन्हें मंगवाया गया था। हाल ही में कुलपति आवास पर बम फेंके जाने की घटना भी सामने आई थी, जिसकी जांच जारी है। विश्वविद्यालय का माहौल पहले से ही तनावपूर्ण है। कुलपति के कुछ फैसलों के विरोध में छात्र पिछले तीन दिनों से अनशन पर बैठे हैं।

# कैग रिपोर्ट में एनपीसीसी ने 40 करोड़ के घोटाले का खुलासा

### नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन के जेडएम ने 40 करोड़ का चूना लगाया

**रांची (चौथी वाणी) ।** नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) की ताजा ऑडिट रिपोर्ट ने जल शक्ति मंत्रालय के अधीन आने वाली कंपनी एनपीसीसी की झारखंड इकाई ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में 40 करोड़ रुपये से अधिक की गंभीर वित्तीय अनियमितताएं उजागर की हैं। रिपोर्ट के अनुसार एनपीसीसी को झारखंड सरकार की ओर से 2010-2014 के बीच गुमला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर, सरायकेला और लातेहार जिलों में पी.एम.जी.एस.वाई. सड़कों का काम सौंपा गया था !

ऑडिट में सामने आया कि 40 पैकेजों की 173 सड़क परियोजनाएं 2012 से 2017 के बीच ठेकेदारों की लापरवाही के कारण समय पर पूरी नहीं हुई और इन्हें खत्म कर दिया गया ! सी.ए.जी. ने चौंकाने वाले निष्कर्ष में कहा है कि 18.73 करोड़ का एलडी नहीं वसूला गया ! अनुबंध की शर्तों के मुताबिक देरी के लिए दोषी ठेकेदारों से प्रति सप्ताह 1% की दर से अधिकतम 10% तक लिक्विडेटेड डैमेज (एल डी) वसूला जाना था । 173 समाप्त परियोजनाओं में कुल 20.31 करोड़ रुपये एल डी वसूली योग्य था, लेकिन नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कंपनी के झारखंड के जेड एम अमित सिन्हा ने केवल आंशिक रूप से मात्र 1.58 करोड़ रुपये ही वसूले । यानी कि 18.73 करोड़ रुपये का एल डी खास वजहों से छोड़ दिया, जिससे ठेकेदारों को सीधा अनुचित लाभ पहुंचा।

**19.30 करोड़ का फर्जी भुगतान किया गया :** ऑडिट में पाया गया कि 173 में से 121 समाप्त परियोजनाओं में मेजरमेंट बुक में गलत माप दर्ज कर ठेकेदारों को 19.30 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया। सबसे मजेदार बात तो यह है कि लातेहार में चार पुलों और पश्चिमी सिंहभूम की तीन सड़कों के लिए तो 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान बिना एक ईंट लगे ही कर दिया गया। झारखंड के एनपीसीसी के जेड एम अमित सिन्हा ने सिक्योरिटी डिपॉजिट और परफॉरमेंस गारंटी पर कार्रवाई नहीं की! नियमतः दोषी ठेकेदारों की सिक्योरिटी डिपॉजिट और परफॉरमेंस गारंटी जब्त की जानी थी ! सी.ए.जी.ने पाया कि कई मामलों में यह कार्रवाई या तो की ही नहीं गई या अधूरी छोड़ी दी गई, जिससे एनपीसीसी को करोड़ों का नुकसान हुआ।

**सरकारी खजाने पर 22.58 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पडा :** ठेकेदारों की देरी के कारण परियोजनाएं समाप्त करनी पड़ीं । इन्हें दोबारा पूरा कराने

**सीएजी. रिपोर्ट में खुलासा : 10 साल से झारखंड में ही जेड एम पर कार्रवाई क्यों नहीं ?**

के लिए झारखंड सरकार की एजेंसी जे.एस.आर.आर. डी.ए. को 22.58 करोड़ रुपये अतिरिक्त स्वीकृत करने पड़े। अगर एलडी की पूरी वसूली हो जाती तो यह नुकसान बचाया जा सकता था। सी.ए.जी.ने यह भी नोट किया कि प्रबंधन ने अनुबंध समाप्त करने में 201 से 1441 दिनों तक की देरी की ! ठेकेदारों से रिकवरी के लिए कानूनी नोटिस भी समाप्ति के 59 से 861 दिन बाद भेजे गए। आज तक 19.30 करोड़ के गलत भुगतान की वसूली नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार जिन परियोजनाओं में ये घोटाले हुए उनकी निगरानी का जिम्मा देख रहे वरिष्ठ अधिकारी पिछले 12 वर्षों से अधिक समय से उसी झारखंड जोन में पैरवी की बदौलत पदस्थ हैं। वर्ष 2012 के आसपास वे परियोजना प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे और बाद में पदोन्नत होकर झारखंड के ही जोनल प्रमुख बन गए। इतने लंबे समय तक एक ही संवेदनशील पद पर बने रहने के बावजूद न तो रिकवरी हो पाई और ना ही जिम्मेदारी तय हुई ! हैरानी की बात है कि अब कंपनी द्वारा तीन कनिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ रिकवरी सूट फाइल किया गया है, जबकि सी.ए.जी. रिपोर्ट पूरे सिस्टम की विफलता की ओर इशारा करती है। तीन ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हैं, लेकिन सरकारी पैसे की रिकवरी अधर में है। बड़े सवाल जो उठ रहे हैं, जब सी.ए.जी. ने 40 करोड़ की अनियमितता पकड़ी है, तो एक ही जोन में 12 साल से जमे जोनल मैनेजर अमित सिन्हा की जवाबदेही तय क्यों नहीं हो रही दोषी ठेकेदारों की सिक्योरिटी डिपॉजिट जब्त न करना और एल.डी. माफ करना किसके आदेश पर हुआ ? बिना काम के 1.90 करोड़ का भुगतान कैसे पास हुआ और रिकवरी आज तक क्यों नहीं हुई ?

**जांच प्रक्रिया में देरी के लिए कौन जिम्मेदार है :** जानकारों का मानना है कि यह मामला सिर्फ वित्तीय अनियमितता का नहीं, बल्कि आपराधिक षड्यंत्र का है। इसकी जांच सी.बी.आई. से कराई जानी चाहिए ताकि सरकारी पैसे की रिकवरी हो सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके ! एनपीसीसी प्रबंधन की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है ? ऐसी चर्चा है कि झारखंड में ही करीब 17 वर्षों से जमे अधिकारी अमित सिन्हा पर कांग्रेसी नेता सुबोध कांत सहाय का वरदहस्त है!

## खबरें एक नजर में

### पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अमित गिरी ने अग्निकांड पीड़ितों के बीच बांटी राहत सामग्री, हर संभव मदद का भरोसा

**बैरिया(चौथी वाणी)** बैरिया अंचल के लौकरिया मुसहर टोली में शुक्रवार को हुए अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व पायनियर कोचिंग के निदेशक अमित गिरी ने राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। राहत सामग्री में खाद्य पदार्थ व दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल



थीं, जिससे पीड़ितों को तत्काल राहत मिल सके। अमित गिरी ने भरोसा दिलाया कि वे इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और आगे भी हर संभव सहायता करेंगे। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र पुनर्वास की मांग की। स्थानीय लोगों ने पहल की सराहना.

### आस्था सेवा समिति के मंच से तीन जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न.

**नौतन(चौथी वाणी)** प्रखंड के सनकहिया माई स्थान परिसर में रविवार को आस्था सेवा समिति, शिवराजपुर के तत्वावधान में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामेश्वर पाठक व शंभू मिश्रा ने विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया, जबकि मुख्य अतिथि व पायनियर कोचिंग के संस्थापक सह पूर्व कांग्रेस



प्रत्याशी अमित गिरी ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समारोह में बुलेट-हेवंती, मिथलेश-रौशनी और अरुण-प्रतिमा ने दांपत्य जीवन की नई शुरूआत की।कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष शैलेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनु पांडेय, लालाबाबू साह, जितेंद्र साह, छोटू दूबे, मोहन सिंह, श्रीवास्तव राम, राकेश सोनी व बृजकिशोर चौरसिया का योगदान सराहनीय रहा। संस्था अब तक 51 गरीब कन्याओं का विवाह करा चुकी है और नवविवाहितों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री भी प्रदान करती है।

### लिफ्ट देकर ले गए गांव, फिर मारी गोली: नरकटियागंज में युवक गंभीर घायल



**बेतिया/नरकटियागंज(चौथी वाणी)** नगर के नंदपुर नया टोला में रविवार रात पुरानी रंजिश की आशंका में एक युवक को गोली मार दी गई। कटघरवा निवासी रंजीत कुमार शर्मा हरदिया चौक से दावत खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में रमेश राउत नामक युवक ने लिफ्ट मांगी और नंदपुर ढाला के पास गांव छोड़ने को कहा। गांव पहुंचने पर स्कूल के समीप पहले से मौजूद उसके साथियों ने साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि बाइक पर बैठे युवक ने पहले हर्ष फायरिंग की, जिसके बाद रंजीत वहां से लौटने लगे। इसी दौरान पीछे से उन्हें गोली मार दी गई, जो पीठ में जा फंसी। घायल हालत में गिरते ही आरोपी फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। मौके से एक खाली खोखा बरामद हुआ है। एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि एफएसएल टीम जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### बगहा एसपी निर्मला कुमारी ने गोद ली हुई स्कूल की जानकारी ली

**बगहा(चौथी वाणी)** बगहा पुलिस जिला के प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने पिछले सप्ताह में बगहा पुलिस जिला के 22 थानाध्यक्षों तथा पुलिस इंस्पेक्टर व



एसडीपीओ को अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों को गोद लेने की प्रक्रिया तेज किया था। इसी बीच बगहा 1 प्रखंड के परसा कस्तूरबा गांधी विद्यालय को एसपी निर्मला कुमारी ने गोद लिया। इस दौरान एसपी निर्मला कुमारी ने कहा कि मेरे गोद लिए हुए स्कूल में क्या कुछ हो रहा है। इसकी जानकारी रखते हैं ।बालिकाओं के बीच वर्तन एवं स्टेशनरी वितरण की जानकारी ली। राज्य सरकार लड़कियों के सुविधाओं के मद्देनजर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कर रही है।

### भैरोगंज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 100 से अधिक मरीजों की जांच

**बेतिया(चौथी वाणी)** प.चम्पारण के भैरोगंज थाना क्षेत्र स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में संकल्प 95 एवं एसएसबी 65वीं बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का



आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक महिला व पुरुष मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी गईं। इस दौरान वरिष्ठ सर्जन, फिजिशियन व पैथोलॉजी विशेषज्ञों ने मरीजों को परामर्श दिया। संकल्प 95 के सदस्य डॉ. उपेंद्र ने बताया कि यह समूह केआर उच्च विद्यालय के पूर्व छात्रों का है, जो देशभर में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं और सेवा भाव से ऐसे शिविर लगाते हैं। एसएसबी कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने कहा कि शिविर से ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन की भी निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। मरीजों ने पहल की सराहना की।

### सदस्यता नवीकरण 20 अप्रैल तक पूरा करने का निर्देश, 14 को अंबेडकर जयंती मनाएगी भाकपा

**बेतिया(चौथी वाणी)** पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला परिषद की अहम बैठक आयोजित हुई। बाबूलाल चौरसिया और मुन्ना शुक्ल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन को



मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सदस्यता नवीकरण की प्रक्रिया हर हाल में 20 अप्रैल तक पूरी कर ली जाए, इसके बाद किसी भी अंचल से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को पूरे उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सभी जिला परिषद सदस्यों को अपने-अपने अंचल के प्रमुख साथियों के साथ सुबह 11 बजे तक बेतिया स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचने को कहा गया है। इसके अलावा 18 अप्रैल को बलिराम भवन में खेत मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। जिला सचिव ओमप्रकाश प्रताप ने सभी साथियों से कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए एकजुटता और सक्रिय भागीदारी का आह्वान.

### नवविवाहिता को जलाकर हत्या प्राथमिकी दर्ज

**बगहा/रामनगर (चौथी वाणी)।** गोबर्धना थाना के संतपुर बलुअहवा गांव में 20 वर्षीय ललिता की दहेज प्रताड़ना के बाद हत्या मामले में पिता ने उसके ससुराल के चार लोगों के ऊपर नामजद किया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि बीते दिन संतपुर बलुअहवा गांव में एक नवविवाहिता को आननफानन में जलाने की शिकायत पर घटना की जांच हुई।इसमें मृतका के पिता बादल मांझी ने लिखित आवेदन देकर बताया है कि बेरहमी से जलाकर उसकी बेटी लालती देवी की हत्या कर दिया गया है। आरोपियों में मृतका के पति कुंदन मांझी ससुर सुभाष मांझी , सास मीरा देवी और ननद मुन्नी देवी शामिल रही हैं। बतादें कि उसकी बेटी के ससुराल वाले उसके दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित करते आ रहे थे।

# हर वार्ड में आधुनिक मुक्तिधाम का संकल्प, बुनियादी सुविधाओं को नई दिशा

### महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने वार्ड 43 में निर्माणाधीन स्थल का किया निरीक्षण

**बेतिया(चौथी वाणी)** नगर निगम क्षेत्र में शहरी आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत वार्ड 43 स्थित रानीपकड़ी बस्ती के समीप निमार्णाधीन मुक्तिधाम का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा संबंधित अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।महापौर ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक वार्ड में सुव्यवस्थित एवं सुविधासंपन्न



मुक्तिधाम का निर्माण नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। छठे वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान राशि के माध्यम से यह कार्य योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई वार्डों में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मुक्तिधाम का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि अन्य वार्डों में कार्य प्रगति पर है।निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, पेयजल, शेड, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। महापौर ने अधिकारियों को नियमित अनुरक्षण की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि सार्वजनिक परिसंपत्तियों के संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाएं, जिससे शहर में गरिमापूर्ण सुविधाओं का विस्तार संभव हो सके।

## लोहार समाज का शक्ति प्रदर्शन: एसटी सूची संशोधन व एकता पर गरजी आवाज

**लौरिया(चौथी वाणी)** नगर पंचायत के अशोक स्तंभ परिसर में रविवार को लोहार समाज का व्यापक सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें समुदाय से जुड़े अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ शर्मा ने की, जबकि संचालन धर्म प्रकाश



शर्मा ने संभाला।सभा में वक्ताओं ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में जाति नाम की विसंगतियों को प्रमुख चिंता बताते हुए कहा कि अंग्रेजी में ह्लछङ्क्ष्१ह्व लिखे जाने से ह्ललोहारह्व और ह्ललोहराह्व को अलग-अलग वर्ग मान लिया गया है, जबकि वास्तविकता में दोनों एक ही समुदाय के अंग हैं। इस त्रुटि के कारण समाज के लोगों को आरक्षण समेत कई सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है।बताया गया कि वर्ष 2006 के अधिनियम में हुई गलती को 2016 में संशोधित तो किया गया, लेकिन अब तक राजपत्र अधिसूचना जारी नहीं होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए वक्ताओं ने जल्द समाधान की मांग उठाई।सम्मेलन में संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत बनाने और समाज में एकजुटता कायम रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस मामले को उच्च न्यायालय में प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर न्याय की मांग की जाएगी।जनतंत्र आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने कहा कि राजनीतिक रूप से कमजोर रहने के कारण समाज की आवाज अनसुनी की जा रही है। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।बैठक में विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने विचार रखे। इस दौरान पारस लाल विश्वकर्मा, उमाकांत शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, कृष्णा शर्मा, भारत कुशवाहा, परशुराम कुशवाहा, अर्जुन शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लौरिया में आंगनबाड़ी कर्मियों का उबाल, एलपीजी संकट पर 23 अप्रैल को धरना

**लौरिया(चौथी वाणी)** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की बैठक में कर्मियों का गुस्सा खुलकर सामने आया। अध्यक्षता सेविका कुमारी सुधा ने की। बैठक में केंद्रों की जमीनी समस्याओं पर चर्चा करते हुए एलपीजी गैस आपूर्ति की बदहाल स्थिति को सबसे गंभीर मुद्दा बताया गया। सेविकाओं ने कहा कि सरकार द्वारा गैस सिलेंडर व चूल्हा उपलब्ध कराने के बावजूद मात्र करीब 10 प्रतिशत कर्मियों को ही पासबुक मिली




है, जिससे रिफिल कराना मुश्किल हो गया है। इसका सीधा असर बच्चों के पके भोजन पर पड़ रहा है, जिसे उन्होंने नौनिहालों के पोषण अधिकारों के साथ अन्याय बताया। इसके अलावा पोशाक वितरण में अनियमितता और कई केंद्रों पर बिजली की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए जल्द समाधान की मांग की गई। बैठक में बाली विकासी परियोजना, लौरिया के मुख्य संरक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव उर्फ राजा ने घोषणा की कि समस्याओं के समाधान को लेकर 23 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सभी सेविकाओं व सहायिकाओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर इंदिरा देवी, समीऊन नेशा, मीरा देवी, शारदा देवी, नाजिया परवीन, आशियाना परवीन, प्रभावती देवी, विभा देवी समेत कई सेविकाएं मौजूद रहीं। वहीं पैक्स अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर उर्फ राजू ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित कर समर्थन जताया।

# मझौलिया में अगलगी,सात घर जले



**मझौलिया(चौथी वाणी)** रविवार को दोपहर 02 बजे के करीब महोदीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में एक ही बिरादरी के सात लोगों का घर जलकर नष्ट हो गया।सूचना पर पहुंची अग्निशमन के घटों प्रयास से आग पर काबू पाया गया।जानकारी पंचायत की मुखिया आशा देवी ने दी।उन्होंने बताया कि अगलगी में बम ठाकुर, शिवमंगल ठाकुर, मनोज ठाकुर, दीनदयाल ठाकुर, अमेरिका ठाकुर, राम अवतार ठाकुर और शंभू ठाकुर का घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।इसमें अनाज, कपड़ा,वर्तन सायकिल और मवेशी शामिल है।सभी पीड़ित सिर धुन रहे है।बताया गया है कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक के बाद एक सातों फुस की झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गया।पंचायत की मुखिया आशा देवी के मुताबिक सीओ के हड़ताल के कारण बीडीओ डॉ.राजीव रंजन कुमार को घटना की जानकारी दी गई है।उन्होंने बताया कि सोमबार को क्षति का आकलन किया जायेगा।इधर पीड़ितों का आशियाना जल जाने से मायूसी है।गनीमत था कि पीड़ितों के यहां कोई मांगलिक कार्य नही था।

### शिक्षा की ज्योति में जगमग छात्र छात्राओं को वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण किया गया

**बगहा/ठकरहा(चौथी वाणी)**टॉपर्स कोचिंग सेंटर ठकरहा के वार्षिकोत्सव



पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प.चंपारण के महिला प्रकोष्ठ के भाजपा जिला महामंत्री सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह रही। इस दौरान प्रमुख विजया सिंह ने कहा कि शिक्षा की ज्योति जला रहे टॉपर्स कोचिंग सेंटर के विद्वान शिक्षक बच्चों की बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता देश के लिए एक बेहतर पहल है। साथ ही स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बेटियां बेटों से कम नहीं हैं। देश के किसी भी क्षेत्र में आज बेटियां अपनी परचम लहरा रही हैं। चाहें वो राजनीति हो, खेल,इंजीनियरिंग, सेना , पायलट देश का प्रतिनिधित्व हो कहीं से पीछे नहीं हैं। सभी मेधावी छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। देश की भविष्य आने वाले युवाओं के हाथ में है। इसको मजबूती से कदम से कदम चला कर देश समाज की रक्षा करना आपकी कर्तव्य सुनिश्चित होगी। इस दौरान वाल्मीकिनगर विधायक प्रतिनिधि सोनू कुशवाहा सहित दर्जनों शिक्षक छात्र और अभिभावक समारोह में शामिल रहे।

# बेतिया बाजार समिति गेट पर किसानों का हल्ला बोल, आमरण अनशन शुरू

**बेतिया(चौथी वाणी)** पश्चिम चम्पारण के बेतिया बाजार समिति मुख्य गेट पर रविवार सुबह किसानों और व्यापारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने



जोरदार हंगामा करते हुए आमरण अनशन शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा 9 अप्रैल तक अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था, लेकिन 12 अप्रैल तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे उनकी रोजी-रोटी पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। करीब तीन दशक से यहां व्यापार कर रहे लोगों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा। मौके पर पहुंचे प्रशासन और पुलिस ने गेट खुलवाकर चार दिनों के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

### चीनी मिल मझौलिया में नये एचओडी इंजीनियरिंग ने किया योगदान, इनके अनुभव का चीनी मिलकर्मियों को मिलेगा लाभ


**मझौलिया (चौथी वाणी)** शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में योगेंद्र कुमार ने एचओडी इंजीनियरिंग के पद पर काम काज संभाला।यह पद पूर्व जीएम इंजीनियरिंग लाभांशु दीक्षित के पदत्याग से रिक्त था।इसके पूर्व एचओडी इंजीनियरिंग श्री योगेन्द्र गुजरात स्थित आईपीएल शुगर यूनिट वलसाड में कार्यरत थे।जानकारी एजीएम एच आर



रमाकांत मिश्रा ने दी।उन्होंने बताया कि नए एचओडी इंजीनियरिंग को शुगर इंडस्ट्रीज में 25 वर्षों का अनुभव प्राप्त है।योगदान के बाद कार्यालय कक्ष में पूजा अर्चना के उपरांत सभी संकाय के हेड के साथ परिचय प्राप्त हुआ।मिल कर्मियों को उम्मीद है कि इनके निर्देशन में फैक्ट्री नॉन स्टोपेज पेराई करेगी।पेराई क्षमता का विस्तार होगा।

### बगहा में भाजपा का नारी शक्ति पर जोर, 33% आरक्षण को बताया ऐतिहासिक कदम

**बेतिया/बगहा(चौथी वाणी)** बगहा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में ह्लनारी शक्ति वंदन अभियानह्व को लेकर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखा गया। वक्ताओं ने संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले को देश की राजनीति में बदलाव का निर्णायक पड़ाव बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें नीति निर्माण की



मुख्यधारा में लाएगी। नेत्रियों ने केंद्र सरकार की योजनाओं को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी बताया। साथ ही कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महिलाओं की भूमिका अहम है। बिहार में स्थानीय निकायों में मिले आरक्षण का जिक्र करते हुए इसे और सशक्त कदम बताया गया। कार्यक्रम में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ समापन हुआ।

### बेतिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई और पदस्थापन, 24 घंटे में 7 गिरफ्तारी; ओम प्रकाश गुप्ता बने बलथर थानाध्यक्ष

**बेतिया(चौथी वाणी)**पश्चिम चम्पारण के बेतिया पुलिस ने बीते 24 घंटों में अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न मामलों में कुल 7 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जिनमें सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद अधिनियम के तहत 3 लोगों को पकड़ा गया, जबकि 33 लीटर 940 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। इसके अलावा वारंट के आधार पर 2 गिरफ्तारी तथा 4 गैर-जमानती वारंट का निष्पादन किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान 1 लाख 62 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थानाध्यक्षों का पदस्थापन किया गया है।

# मझौलिया में एक ही रात तीन घरों में ताला काट कई लाख का जेवर चोरी

**मझौलिया (चौथी वाणी)** धोकरहा पंचायत के शिकारपुर स्थित दुधा मठिया वार्ड 03 में शनिवार की देर रात एक साथ तीन मकानों में ताला काट कर करोड़ो की संपत्ति की चोरी की गयी है।गृह स्वामी सुरेंद्र शर्मा की सूचना पर मझौलिया पुलिस सुबह से ही जांच में जुटी है।जानकारी एसएचओ अमर कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि जांच में चंद्र भूषण शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा, अजय शर्मा और सुरेंद्र शर्मा के मकान में कुल 11 ताला काटकर चोरी की गयी है। वही अजय शर्मा और सुरेंद्र शर्मा के छत पर चढ़कर चोर अंदर आये और घटना को अंजाम दिया।उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए जांच में पुलिस जुट गयी है।वरीय अधिकारियों के परामर्श से डॉग स्कोयायड की टीम को बुलाया गया है और प्रभावित क्षेत्र को "डी " मार्क किया गया है।खोजी कुत्ता मकान के अंदर बाहर सूंघते हुए घर के बगल से झाड़ी के रास्ते आगे जाकर बैठ गया।उन्होंने बताया कि इस भयंकर चोरी की वारदात से इतना तो स्पस्ट है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नही है।बताया गया है कि चंद्र भूषण शर्मा बंगलोर में सपरिवार रहते है तथा वहाँ बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर पदस्थपित है।घर के अन्य लोग फौज और ख्याति प्राप्त अधिकारी है।अपराधियों ने



एफएसएसएल की टीम जांच में जुटी

मकान के 11 ताला को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गोदरेज के आलमीरा में रखे आभूषण,नकदी अन्य सामग्री और कीमती साड़ियों की चोरी की गयी है।चोरी गये सामानों में अधिकांश जेवर है।जिसकी कीमत लाखों लाख में आंकी जाती है।पुलिस अगल बगल के सीसीटीवी कैमरा को खांगलने में जुटी है।फिलहाल प्रभावित क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।एसएचओ अमर कुमार ने बताया कि मामले में पीड़ितों ने कोई आवेदन अबतक नहीं दिया है।

### रेलवे ट्रैक पार करते वक्त बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, सुनने में कमी बनी हादसे की वजह

**बेतिया/बगहा(चौथी वाणी)** बगहा-वाल्मीकिनगर रेलखंड पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 74 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। मृतक की पहचान पटखौली थाना क्षेत्र के नारायणापुर कैलाशनगर निवासी सुरेश साह के रूप में हुई है। घटना रेलवे समपार संख्या 51 के पास हुई।परिजनों के अनुसार, सुरेश साह घर से जमीन से जुड़े कार्य के लिए निकले थे और पिपरासी के सेमरा लबेदाहा स्थित अपनी जमीन की रसीद कटवाने मंगलपुर जा रहे थे। इसी दौरान रेलवे लाइन पार करते समय वे एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि उन्हें कम सुनाई देता था, जिससे वे ट्रेन की आवाज नहीं सुन सके।सूचना पर पहुंची आरपीएफ व स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मानदेय वृद्धि को लेकर रसोइया संघ की बैठक, हाईकोर्ट में दायर करेंगी याचिका

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी के प्रांगण में एमडीएम रसोइया संघ की एक बैठक रविवार को आयोजित की



गई। इसकी अध्यक्षता संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजू कुमार राणा ने की। इस दौरान रसोइयाओं को मिलने वाले मानदेय में वृद्धि और एक वर्ष में दस महीने के बदले पूरे बारह महीने का मानदेय भुगतान को लेकर आंदोलन करने और पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारियों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बताया कि न्यूनतम मजदूरी के आधार पर भी रसोइयाओं का मानदेय सात हजार रुपये से ज्यादा प्रति महीने मिल सकता है। लेकिन इन्हें प्रति दिन की न्यूनतम मजदूरी भी प्राप्त नहीं होती है। उन्होंने जानकारी दी कि नासरीगंज प्रखंड में दो सौ से ज्यादा रसोइया हैं। लेकिन इन मुद्दों को लेकर आयोजित पहली बैठक में सभी की उपस्थिति नहीं हो सकी। संघ के मीडिया प्रभारी ने बताया कि हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

### धनबटी रस्म के साथ तिलौथू में सामूहिक विवाह का शुभारंभ, परंपरा और उत्साह का संगम

**तिलौथू संवाददाता (चौथी वाणी)।** तिलौथू प्रखंड में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के अंतर्गत धनबटी कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, परिजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण



उत्सव में बदल गया। धनबटी रस्म को विवाह की एक अहम परंपरा माना जाता है, जिसमें वधू पक्ष की ओर से वर पक्ष को पारंपरिक रूप से उपहार, वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री भेंट की जाती है। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां लोकगीतों और मंगल ध्वनि के बीच सभी रस्में विधिवत संपन्न हुईं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना तथा समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना है। इस आयोजन के तहत कई जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा, जिसमें भोजन, वस्त्र, पंडित एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### मैनपुरा में मातम: देवर-भाभी और मासूम की हादसे में मौत से गांव में मचा हाहाकार, हर आंख नम

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव में उस समय मातम का माहौल छा गया, जब सड़क हादसे में जान गंवाने वाले एक ही परिवार के तीन लोगों के शव गांव पहुंचे। श्राद्ध में शामिल होने के लिए निकले देवर, भाभी और मासूम भतीजी की असमय मौत से पूरा गांव गहरे सदमे में डूब गया है। चारों ओर चीख-पुकार और रोने-बिलखने की आवाजों से माहौल गूंज उठा। मृतकों की पहचान परमानंद कुमार (अविवाहित), उनकी



करीब 29 वर्षीय भाभी खुशबू देवी और लगभग 3 वर्षीय मासूम काव्या कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तीनों श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में हुए भीषण सड़क हादसे में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पहले ही गांव तक पहुंच चुकी थी, लेकिन जैसे ही रविवार को सातवीं तिथि के मौके पर तीनों के शव गांव पहुंचे, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। महिलाएं एक-दूसरे को थामकर विलाप करती रहीं, वहीं पुरुष भी अपने आंसू नहीं रोक सके। मासूम बच्ची का शव देख हर किसी का कलेजा कांप उठा। अविवाहित युवक की असमय मौत और एक मां के यूं चले जाने से पूरे गांव में गहरा शोक छा गया है। स्थानीय लोगों ने भावुक होकर कहा कि एक ही झटके में परिवार की खुशियां उजड़ गईं। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग गांव पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। हर कोई इस घटना को हृदयविदारक बता रहा है। पूरा मैनपुरा गांव शोक में डूबा हुआ है। घर-घर में मातमी सन्नाटा पसरा है और हर आंख नम है। इस दर्दनाक हादसे ने न सिर्फ एक परिवार, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### पौध आधारित भोजन अपनाने पर जोर, वेबिनार में स्वास्थ्य व पर्यावरण पर चर्चा

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं वीगन आउटरीच संस्था के संयुक्त तत्वावधान में फूड-प्लैनेट-हेल्थ विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस समन्वयक डॉ. वेदांत कुमार प्रजापति ने की। वेबिनार में वक्ता अभिषेक दुबे ने कहा कि पशु आधारित भोजन पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और जीव-जंतुओं के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है, ऐसे में पौध आधारित भोजन अपनाना समय की



जरूरत है।उन्होंने इसे सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ते हुए जिम्मेदार उपभोग पर बल दिया। डॉ. प्रजापति ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को पर्यावरण-हितैषी और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक व करीब 500 एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

# श्राद्ध में जा रहे देवर-भाभी व मासूम भतीजी को ट्रैक्टर ने रौंदा

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ैया बाग में रविवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी मच गई और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

**तीनों की दर्दनाक मौत से गांव में कोहराम**

मृतकों की पहचान सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति निवासी परमानंद कुमार (25 वर्ष), खुशबू देवी (30 वर्ष) एवं करीब 2 वर्षीय मासूम काव्या कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक परमानंद कुमार की दादी का हाल ही में निधन हुआ था,



जिसके श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे। इसी दौरान बढ़ैया बाग के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मासूम बच्ची की मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सासाराम नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर को पकड़कर जब्त कर लिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे इलाके में शोक और स्तब्धता का माहौल बना हुआ है।

## कस्तूरबा गांधी जयंती पर एलुमनाई मीट 2026 का भव्य आयोजन, बेटियों की प्रतिभा का हुआ सम्मान




**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** काराकाट प्रखंड के जयश्री स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का प्रांगण रविवार को उत्साह, ऊर्जा और गौरव के रंगों से सराबोर हो उठा, जब कस्तूरबा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर एलुमनाई मीट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने पूर्ववर्ती एवं वर्तमान छात्राओं को एक मंच पर जोड़ते हुए बेटियों की उपलब्धियों और उनके उज्ज्वल भविष्य का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ काराकाट के बीईओ मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह, समाजसेवी सुरेश तिवारी, रूबी सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का फूलमाला, डायरी और कलम देकर स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके उपरांत छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास झलकता रहा। इस अवसर पर कक्षा आठवीं में उत्तीर्ण 40 छात्राओं एवं 7 पूर्ववर्ती छात्राओं को फूलमाला, डायरी, कलम, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, जो अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। मुख्य अतिथि बीईओ मनोज कुमार ने कहा कि कस्तूरबा गांधी द्वारा महिलाओं की शिक्षा और सम्मान के लिए जगाई गई अलख आज इन बेटियों के रूप में और अधिक प्रज्वलित हो रही है। उन्होंने विद्यालय को सशक्त भारत की नींव तैयार करने वाली पाठशाला बताते हुए कहा कि यहां की बेटियां भविष्य में समाज और राष्ट्र को नई दिशा देंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन सह शिक्षिका गुड़िया पांडेय ने की, जबकि संचालन शिक्षिका शशि कुमारी एवं छात्रा रौशनी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में विद्यालय परिवार, छात्राएं एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आयोजन यादगार और प्रेरणादायक बन गया। यह एलुमनाई मीट बेटियों के सपनों, संघर्षों और सफलता की जीवंत अभिव्यक्ति के रूप में सामने आया।

## काशी घाट के पास संदिग्ध परिस्थिति में मिला विवाहिता का शव, हत्या की आशंका



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर परिषद क्षेत्र के गौतम नगर वार्ड संख्या 13 में स्थित काशी घाट के निकट एक मकान में रविवार को सुबह लगभग 10 बजे विवाहिता का शव छत की रेलिंग से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के पिता नोखा थाना क्षेत्र के ग्राम छतौना निवासी अशोक चौधरी सहित मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। बेटी का शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया, पिता दहाड़ मारकर रोने लगे।सूचना पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी विकास कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार मृतका की हत्या कर शव को रेलिंग से लटकाने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने भी इसे हत्या का मामला बताते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। डेहरी से एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। मृतका के पिता अशोक चौधरी ने बताया कि उनकी 25 वर्षीय पुत्री अमृता पटेल की शादी दिसंबर 2021 में दावथ थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी कोआथ निवासी मनीष कुमार के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि मनीष कुमार सेना में कार्यरत है। शादी के एक वर्ष तक सब कुछ ठीक रहा, इसके बाद ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि चार पहिया वाहन समेत अन्य सामान की मांग की जा रही थी। परिजनों का कहना है कि दहेज के लिए ही उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई। मृतका के पिता ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें दामाद द्वारा फोन पर दी गई। मृतका की कोई संतान नहीं थी। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार बताए जा रहे हैं। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामला हत्या है या आत्महत्या, यह जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

## बीडीसी शोभा देवी ने कथराई पंचायत की समस्याओं को लेकर सांसद मनोज राम को सौंपा ज्ञापन



**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कथराई की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत समिति सदस्य शोभा देवी (बीडीसी) ने सासाराम लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनोज राम को अपने लेटर पैड पर लिखित आवेदन देकर अवगत कराया है। आवेदन में क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की कमी को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की गई है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि कथराई पंचायत के महादलित टोला सहित कई बसावटों में अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। इसके साथ ही कई संपर्क मार्गों पर पीसीसी सड़क निर्माण तथा जल निकासी के लिए नाला निर्माण की भी आवश्यकता जताई गई है। पंचायत समिति सदस्य ने अपने आवेदन में अधूरे पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर धनंजय शर्मा (बीडीसी प्रतिनिधि, कथराई पंचायत), जो प्रखंड अध्यक्ष आरएलएम कोचस एवं बीस सूत्री सदस्य भी हैं, उपस्थित रहे। इसके अलावा मुखिया प्रतिनिधि सहित अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने सांसद से हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द योजनाओं को स्वीकृति दिलाने और निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं का समाधान हो सके।

## बेरकप पंचायत में चैता का रंग, दो गोला महामुकाबले में झूमे श्रोता



**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** डेहरी प्रखंड अंतर्गत बेरकप पंचायत के बरन बिगहा में शनिवार की रात्रि भव्य दो गोला चैता महामुकाबले का आयोजन धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में लोकगीतों की मधुर प्रस्तुति ने पूरी रात माहौल को जीवंत बनाए रखा और श्रोता देर रात तक झूमते नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन पैक्स अध्यक्ष नंद कुमार सिंह उर्फ नंदू जी एवं गुप्तेश्वर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध लोक कलाकार बुद्धा व्यास और सुदर्शन यादव के बीच चैता गायन की जोरदार जुगलबंदी हुई, जिसने अपने सुर, लय और अंदाज से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा परिसर तालियों और उत्साह से गूंजता रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख मुकेश यादव, मनीष कुमार उर्फ मुन्ना यादव, जिप सदस्य नथुनी पासवान, रामनाथ सिंह, गुड्डू चंद्रवंशी एवं अजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत प्रेमचंद कुमार सिंह द्वारा फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और चैता गीतों का भरपूर आनंद उठाया। आयोजन ने न सिर्फ मनोरंजन का माध्यम प्रदान किया, बल्कि क्षेत्र की पारंपरिक लोक संस्कृति और कला को जीवंत बनाए रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।।मौके पर धनोज कुमार सिंह, संजीत कुमार, अनिल कुमार सिंह, ज्ञानी यादव, डॉ. मनोज पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी व देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम बंक में छापेमारी कर देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि उज्जवल कुमार पिता गया पासवान ग्राम बांक एवं बॉबी कुमार पिता धर्मेंद्र पासवान, ग्राम मनेरी बिगहा, थाना डालमियानगर को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 4.9 लीटर देशी शराब एवं 500 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## खबरें एक नजर में

भगवान शिव और उनकी शिष्यता पर बैठक में उपस्थित गुरु भाई

### शिव की शिष्यता इस कालखंड के मानव जीवन पर अनुकूल स्थिति पैदा किया है: भाई परमेश्वर

**सहरसा ( चौथी वाणी)।** आदि गुरु शिव और उनकी शिष्यता पर सलखुआ प्रखंड अन्तर्गत कोपरिया पंचायत स्थित मुरली यादव के आवास पर शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के द्वारा आयोजित बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता नही होती, ऐसी स्थिति में व्यक्ति समाज और देश के लिए धातक हैं।शिव शिष्य एवं शिष्याओं को सम्बोधित करते शिव शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि जगत गुरु शिव के दया से शिष्यों में जो प्रभाव दिखता है वो जगत को सम्मोहित करता है।उन्होंने कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि शिव शिष्य या शिष्याएं एक क्षेत्र विशेष में अपना सिक्का जमाते हैं जिसमें बाहरी शिव शिष्यों का प्रवेश अनुचित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि साहब श्री के धराधाम से प्रस्थान के वाद भी क्षेत्र में कुछ शिव शिष्यों एवं शिष्याओं के द्वारा स्वयं को गुरु श्रेष्ठ अथवा अगुवा धोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य के परम्परा में गुरु के देहावसान के पुर्व गुरु द्वारा उत्तराधिकारी सौंपने की परिपाटी रही हैं ताकि गुरु परम्परा चलती रहे। उन्होंने कहा कि शिष्यों को गुरु जैसा आचरण करने का कोई अधिकार नहीं होता।उन्होंने कहा कि यह सर्वदा एवं सर्वथा मान्य होगा कि अगुवा,श्रेष्ठ मार्गदर्शक शिव गुरु ही होंगे।शेष सभी शिव शिष्य गुरु भाई एवं बहना होंगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि आपसी सौहार्दता , मधुरता के साथ अनुशासन भी जगत के लिए अनुकरणीय हो।उन्होंने कहा कि सामान्य जनव्यवहार अपेक्षित है। विनययुक्त व्यक्ति ही जगत में विजयी होता है। उन्होंने कहा कि कठोर दांतों के बीच कोमल जिह्वा अपने को संभाल कर रखती है, दांत तो टूट जाती हैं पर जिह्वा सुरक्षित रहती हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि मुखिया नही तो मुख्यालय कहां ऐसे लोगों से बचना होगा। शिव की शिष्यता इस कालखंड के मानव जीवन पर अनुकूल स्थिति पैदा किया है। बैठक को सम्बोधित करते उन्होंने कहा कि साहब श्री एवं भगवान शिव की शिष्यता प्रारंभिक काल से ही अपने शिष्य एवं शिष्याओं के जीवन को पहले से बेहतर किया जिसे और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत बर्ष में ऐसा कोई गांव,टोला,मुहल्ला नही जहां लोगों ने भगवान शिव को गुरु नही माना हो और सबों के जीवन में अच्छे परिणाम नही मिला हो।मौके पर उपस्थित मधेपुरा से राजकुमार जी,नरेश जी,प्रणव जी, राजेश जी,निराला जी,ब्रजेश जी,शशी जी,गुलशन जी,भीम जी,बिमल जी,चुना जी,बहन किरण,आरती,आदि ने कहा कि भगवान शिव की शिष्यता विस्तार हेतु साहब श्री द्वारा निर्देशित कार्य को गति देना ही अच्छे समाज की परिकल्पना को साकार करेगा।






### राजकीय पॉलिटेक्निक में द्वितीय एलुमनी मीट एवं वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन।

सहरसा षहर ( **चौथी वाणी**)। राजकीय पॉलिटेक्निक में द्वितीय एल्मुनी मीट सह




वार्षिक समारोह का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्र-छात्राओं एवं व्याख्यातागण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पंजीकरण एवं स्वागत किट वितरण से हुई, जिसके पश्चात औपचारिक उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में स्वागत भाषण, संस्थान की उपलब्धियों एनबीए प्रगति की प्रस्तुति तथा पूर्व छात्रों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। इसके बाद लंच ब्रेक एवं एलुमनी कनेक्ट सत्र में छात्रों, व्याख्यातागण एवं पूर्व छात्रों के बीच सार्थक संवाद हुआ। दोपहर सत्र में एलुमनी फेलिसिटेशन समारोह आयोजित कर विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गीत, नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए तथा उन्हें शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य प्रो. मिथुन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लऐसे आयोजन संस्थान और पूर्व छात्रों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हैं तथा छात्रों को प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। वार्षिक सांस्कृतिक गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो.सारिका कुमारी ने कहा कि ह्लएलुमनी मीट एवं वार्षिक समारोह के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है तथा पूर्व छात्रों के अनुभवों से उन्हें अपने करियर को दिशा देने में सहायता मिलती है।ह्व इस सफल आयोजन में प्रो.शुभम, प्रो.प्रभास कुमार, प्रो.सिधांत कुमार, प्रो.चंद्र भूषण सिंह, प्रो. पंकज कुमार, प्रो.सूरज कुमार, प्रो.मिंटू कुमार, प्रो.लक्ष्मी केजरीवाल, प्रो.धर्मेंद्र कुमार, प्रो.विक्रम कुमार, प्रो.घनश्याम कुमार, प्रो.कुल शेखर मेहता, प्रो.श्वेता शरण भारतीय, प्रो.ज्योति मणि, प्रो.आरती कुमारी, प्रो.रिशु देवयानी, प्रो.निभा कुमारी, प्रो.नीति, प्रो.ओंकार राय, प्रो.मिथिलेश कुमार, प्रो.अंजु कुमारी, प्रो.सौरभ कुमार, प्रो.दीपशिखा, प्रो.एम. डी.कलाम अली, प्रो.अभिषेक सिंह, प्रो.संजय कुमार, प्रो.मुकेश कुमार, प्रो अक्षय कुमार, प्रो.सुरभि कुमारी सहित अन्य सभी व्याख्यातागण एवं समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सभी छात्र-छात्राओं एवं पूर्व छात्रों ने इस एलुमनी मीट सह वार्षिक समारोह का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं निष्कर्ष सत्र के साथ हुआ, जिसमें आयोजकों ने सभी अतिथियों, पूर्व छात्रों, व्याख्यातागण, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन ने न केवल संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया, बल्कि छात्रों को प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं आत्मविश्वास भी प्रदान किया। यह कार्यक्रम भविष्य में संस्थान की प्रगति, नवाचार एवं उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में मधुर संगीत का जलवा बिखेर रहे इंडियन आइडल प्रतिभागी गायक

**उत्तर प्रदेश के बनारस निवासी राजेश यादव खिलाड़ी, आयोजक, दर्शन व अतिथि को अपने मीठी आवाज से कर रहे उत्साहित व प्रोत्साहित**

**चौथीवाणी/लखीसराय/**शहर के नया बाजार केआरके मैदान में 31 मार्च से चल रहे 15 दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में जहां एक ओर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर इंडियन आइडल के प्रतिभागी गायक राजेश यादव अपनी मधुर आवाज से पूरे आयोजन में अलग ही रंग भर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बनारस निवासी राजेश यादव न केवल खिलाड़ी, बल्कि आयोजक, दर्शक और अतिथि को भी अपने गीत के माध्यम से लगातार उत्साहित और प्रोत्साहित कर रहे हैं। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच के दौरान राजेश यादव की प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि तत्कालीन डीएम मिथिलेश मिश्र सहित आयोजन समिति के सदस्य भी अपने कदम थिरकाने से खुद को रोक नहीं



सके। जिला फुटबॉल एसोसिएशन सचिव बबलू शर्मा, अध्यक्ष दीपक सिंह मुखिया, आयोजन समिति अध्यक्ष अभिषेक पटेल एवं टूर्नामेंट मीडिया प्रभारी अभिनंदन कुमार ने बताया कि अपनी मीठी व सुरीली आवाज से खेल मैदान को उत्सव में बदल दिया है। जिससे खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा हुआ। राजेश यादव का यह प्रयास खास इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि वे जीत और हार दोनों परिस्थितियों में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। मैच जीतने वाली टीम को जहां वे खुशी के गीत से सम्मानित करते हैं, वहीं हारने वाले खिलाड़ियों को भी प्रेरणादायक गीत के जरिए आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। दर्शक के बीच उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रहा है। लोग हर मैच के दौरान लोग उनके गीत का इंतजार करते नजर आते हैं। इस तरह खेल और संगीत का यह अनूठा संगम टूर्नामेंट को और भी खास बना रहा है। राजेश यादव की प्रस्तुति न केवल मनोरंजन कर रहा, बल्कि खिलाड़ियों के उत्साह और ऊर्जा को भी नया दिशा दे रहा है।

## श्रद्धालुओं ने दूध से किया भगवान शिव का अभिषेक

**खैरा/जमुई (चौथी वाणी)।** प्रखंड अंतर्गत गिद्धेश्वर शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्वान पंडितों ने मंत्रौचार के साथ पूजा अर्चना कराई। खैरा निवासी मुख्य यजमान पबिता देवी ने अपने परिवार के साथ भोलेनाथ की पुजा अर्चना की। इसके बाद रुद्राभिषेक



किया। उन्होंने कहा कि रूद्राभिषेक घर-परिवार व समाज की खुशहाली के लिए किया जाता है। यह पूजा मानसिक शांति प्रदान करती है और जीवन में धन-संपदा , स्वास्थ्य और समृद्धि लाती है। रुद्राभिषेक से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और ग्रहों के दोष शांत होते हैं। यह अनुष्ठान अत्यंत फलदायी माना जाता है। रुद्राभिषेक से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है , बाधाएं कम होती हैं और भक्तों को भगवान शिव की अनंत कृपा प्राप्त होती है। इस अनुष्ठान से शिवजी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है। पबिता देवी ने भगवान शिव का गंगाजल , दूध , दही , घी , शहद , बेलपत्र , आक , धतूरा से रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पुजारी रंजीत पांडे और पंकज पांडे ने वैदिक रीति-रिवाज से रुद्राभिषेक कराया। मुख्य यजमान पबिता देवी के साथ उनके पुत्र सूरज कुमार , शिवम कुमार , नीरज कुमार , भतीजा अभिषेक और दुलारी बेटी ऋतिका भारती ने नियमपूर्वक अनुष्ठान में हिस्सा लिया और भगवान शिव से मनोकामना पूर्ण होने की गुहार लगाई। सभी शिव भक्त कतारबद्ध होकर हर-हर महादेव के जायकारे लगाए। इससे मंदिर का माहौल भक्तिमय हो गया। अनुष्ठान के अंत में श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय के जाप के साथ महाआरती की और भोलेनाथ को प्रसन्न करने का हर-संभव धार्मिक प्रयास किया। रुद्राभिषेक को लेकर मंदिर के साथ शिवलिंग को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। इस अवसर पर भारी संख्या में परिजन और सगे-संबंधी उपस्थित थे।

## मैट्रिक स्कूल टॉपर बच्चों को किया गया सम्मानित

**गढ़हारा दर्पण सह आर्य समाज ने आयोजित किया कार्यक्रम**



कन्हैया सिंह

**बरौनी नगर/ बेगूसराय (चौथी वाणी)** गढ़हरा दर्पण सह आर्य समाज परिवार की ओर से रविवार को आर्य समाज अभेदानंद आश्रम बारो परिसर में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा ने की। इस मौके पर बरौनी और तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत आस पास के छह उच्च विद्यालयों के मैट्रिक स्कूल टॉपर को सम्मानित किया गया। मैट्रिक बिहार टॉप श्री बीएसएस हाई स्कूल राजवाड़ा के छात्र मालती निवासी दीपक कुमार मिश्र के पुत्र ओम कुमार, उच्च विद्यालय सिमरिया का छात्र कुंदन कुमार का पुत्र आशीर्वाद गौतम, एपीएनएस हाई स्कूल, बारो का छात्र बबलू यादव का पुत्र अभिनव कुमार,उच्च विद्यालय अमरपुर का छात्र महेश कुमार का पुत्र पिंकेश कुमार, गढ़हरा निवासी भाग्य नारायण कुंवर का पुत्र हंसराज भारद्वाज,उमा शंकर सिंह की पुत्री गायत्री कुमारी, बारो निवासी सुजीत साह की पुत्री दिव्यांशी कुमारी,वेद प्रकाश आर्य की पुत्री दीपिका कुमारी को अतिथियों के द्वारा माला पहनाकर उपहार देते हुये सम्मानित किया गया। पूर्व वार्ड पार्षद शिवजी कुमार ने सभी को मुंह मीठा कराया। इस मौके पर है अतिथि बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार ने कहा कि गढ़हरा ही नहीं बेगूसराय की धरती ओजस्वी है।यहां के स्वतंत्रता सेनानियों और बुद्धिजीवियों की प्रेरणा से अच्छे माहौल बने हुये है। बच्चों के लिये साक्षात भगवान उनके माता पिता है। नित्य उनका चरण स्पर्श करने से सभी मनोकामना पूर्ण होंगे। युवा वक्ता ब्रजेश कुमार,आर्य समाज के जिला प्रधान शिवजी आर्य,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक नंद किशोर गुप्ता, उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत मिश्र, अरुण प्रकाश आर्य,योगाचार्य धर्मेंद्र आर्य,संतोष आर्य,गोविंद आर्य,महंत रामजीवन दास आदि ने विचार व्यक्त करते हुये बच्चों को साधुवाद दिया। मंच संचालन शिक्षक रंजीत कुमार सिंह ने किया।धन्यवाद ज्ञापन रामानंद सागर ने प्रस्तुत किया।

## एलपीजी आपूर्ति को लेकर लखीसराय जिला प्रशासन के सख्त तेवर,कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन की पैनी नजर

**चौथीवाणी/लखीसराय/**मध्य पूर्व में जारी युद्ध के चलते एलपीजी गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। गैस एजेंसियों पर संभावित भीड़ और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन ने विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की है।प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष की त्रिसदस्यीय टीम गठित की गई है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कालाबाजारी पर नजर रखेगी।12अप्रैल 2026 को इस अभियान के तहत एक निरीक्षण भी किया गया।सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से छापेमारी करें, रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को भेजें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। साथ ही, एलपीजी वितरकों को चेतावनी दी गई है कि जमाखोरी या कालाबाजारी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए समाहरणालय लखीसराय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 06346-232952 जारी किया गया है।जिले में वर्तमान में 16 गैस एजेंसियां संचालित हैं और 2741गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अलावा बड़हिया नगर परिषद और लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र में IndianOil Corporation Limited द्वारा पाइप नेचुरल गैस (ढठऋ) की आपूर्ति



भी की जा रही है। जिन परिवारों ने अभी तक ढठऋ कनेक्शन नहीं लिया है, वे निर्धारित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से डीपीआरओ रवि कुमार ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने या अनावश्यक भीड़ लगाने से बचें। आवश्यकतानुसार ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही बताया गया कि घरेलू उपभोक्ता अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक कर सकते हैं और बुकिंग के 2-3 दिनों के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## मिशन शक्ति के तहत झाझा ओएससी से महिलाओं को एक ही छत के नीचे मिल रही बहुआयामी सहायता

**झाझा /जमुई (चौथी वाणी)।** बिहार सरकार के महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत झाझा में स्थापित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) महिलाओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। इस केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित और समग्र सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकें। झाझा के सोहजना मोड़ स्थित पुराने प्रखंड कार्यालय भवन में इस केंद्र का शुभारंभ 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। यह केंद्र जमुई जिले का दूसरा वन स्टॉप सेंटर है, इससे पहले जिला मुख्यालय जमुई में यह सुविधा उपलब्ध है। अब झाझा क्षेत्र की महिलाओं को भी इस महत्वपूर्ण सेवा का सीधा लाभ मिल रहा है। वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के लिए चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता, अस्थाई आश्रय, पुलिस सहायता तथा मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक परामर्श जैसी सभी आवश्यक सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या अन्य संकट की स्थिति से गुजर रही महिलाओं को तत्काल सहायता मिल रही है। केस वर्कर मानसी बरनवाल ने बताया कि केंद्र पर आने वाली प्रत्येक महिला की समस्या को गंभीरता से सुना जाता है और उसकी आवश्यकतानुसार समुचित सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि ओएससी का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में न्याय और सहयोग उपलब्ध कराना है। वहीं, केंद्र प्रशासक चिंता कुमारी ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यहां आने वाली महिलाओं को हर संभव सहायता देने के लिए प्रशिक्षित टीम 24 घंटे तत्पर रहती है, ताकि किसी भी पीड़ित महिला को परेशानी का सामना न करना पड़े। काउंसलर पूजा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसिक तनाव या सामाजिक समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए काउंसलिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। इससे महिलाएं अपनी भावनाओं को साझा कर मानसिक रूप से मजबूत बन पाती हैं। महिलाओं की सहायता के लिए 181 हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल करने के बाद मामलों को ओएससी झाझा में ट्रांसफर किया जाता है, जहां से पूरे केस की निगरानी की जाती है और आवश्यक सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। झाझा में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना से क्षेत्र की महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है। यह केंद्र न केवल संकटग्रस्त महिलाओं के लिए सहारा बन रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।




**महिलाओं को निःशुल्क सुविधाओं का मिल रहा लाभ ,जमुई के बाद झाझा में खुला है जिला का दुसरा सेंटर**

उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता:

## समेकित जांच चौकी डोभी से 397 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**गया (चौथी वाणी)।** उत्पाद विभाग के अधिकारियों को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है।जिले के डोभी स्थित समेकित जांच चौकी सूर्यमंडल से उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने झारखंड नंबर की एक स्कॉर्पियो से 397 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया है।इस मामले में दो शराब कारोबारी को भी हिरासत में लिया गया है। इस आशय की पुष्टि करते हुए उत्पाद विभाग मगध रेंज के सहायक उत्पाद आयुक्त प्रिय रंजन ने बताया कि बीते देर रात झारखंड की ओर से अवैध विदेशी शराब लदी आ रही स्कार्पियो को संदेह के आधार पर रोका गया।जिसमें तलाशी के दौरान 848 बोतल विदेशी शराब व बीयर बरामद किया गया है। बरामद शराब की मात्रा 397 लीटर बताई गई है। जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपया की गई है।उन्होंने बताया कि इस मामले में चालक समेत दो शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है।इनमें मो. अरबाज (उम्र 28 वर्ष ) तथा प्रिंस कुमार (उम्र 23 वर्ष ) के रूप में पहचान की गई है।गिरफ्तार दोनों शराब कारोबारी झारखंड राज्य के चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया के रहने वाले हैं।उन्होंने बताया कि जप्त चारपहिया वाहन का नंबर जेएच01जीएल/6171 है ।छापेमारी दल में शामिल अधिकारियों में मद्य निषेध विभाग के सहायक अवर निरीक्षक हरेंद्र कुमार , दिलीप कुमार ऋषि, आलोक कुमार,धर्मेंद्र बैठा, बंटी यादव समेत सैप बल व होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## डॉ सुनील कुमार तिवारी को राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया

फतेहपुर/ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अंबर होटल में शैक्षिक संवाद मंच के तत्वाधान में पुस्तक विमोचन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों को आनंद घर बनाने के लिए उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, प्रशिक्षक को राष्ट्रीय बाल शिक्षा शिखर सम्मान-2026 से उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव सेवा निवृत आदरणीय श्री राम नगीना मौर्य जी एनसीईआरटी नई दिल्ली के सहायक संपादक श्री शिव मोहन यादव जी,श्री सुरेंद्र कुमार आर्य जी तथा प्रमोद दीक्षित मलय ने सम्मानित किया। शिक्षक राजन लाल ने अपने शिक्षण कार्य को केवल कक्षा-कक्ष तक सीमित ना रख कर विद्यालय और समुदाय के बीच




एक सशक्त सेतु का निर्माण किया है।नए-नए नवाचारों का प्रयोग जैसे स्टार ऑफ द डे,आज का जीनियस,स्टार ऑफ द मंथ,स्टार ऑफ द स्टूडेंट,स्टार ऑफ द ईयर,आज के पांच,के माध्यम से उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उनके विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति और ठहराव अधिकतम हो,जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित ना रह जाए।उनकी पहचान एक ऐसे शिक्षक के रूप में है जिन्होंने शिक्षण अधिगम सामग्री और रचनात्मक शिक्षण विधियों का उपयोग कर-के सीखने की प्रक्रिया को सरल,सहज और आनंद दायक बनाया है।उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में विद्यालय ने शैक्षिक और सह शैक्षिक दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय में विद्याधन महादान अभियान के तहत समुदाय के बच्चों के लिए निशुल्क पुस्तकालय की स्थापना की है। गरीब पांच बालिकाओं को गोद लेकर उनकी शिक्षा पूरी करा रहे हैं।जिससे कि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित ना रह जाए। उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद डॉ सुनील कुमार तिवारी ने बेसिक शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।वह न केवल अपने छात्रों के लिए बल्कि अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। किस प्रकार एक कम्पोजिट विद्यालय में भी गुणवत्तापूर्ण और उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जा सकती है। डॉ सुनील कुमार तिवारी ने सारंगी, आनंदमय गणित, गणित मेला, गणित प्रकाश का लेखन, कस्टमाइजेशन भी किया है ।

## गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप के माध्यम से बिहार और झारखंड की जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**गोपालगंज/बिहार(चौथी वाणी) ।** एलेवेट स्पोर्टस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप की घोषणा की गई है। यह क्षेत्रीय ग्रासरूट पहल बिहार और झारखंड के कबड्डी खिलाड़ियों के लिए एक संरचित और प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करने के उ द्देश्य से शुरू की गई है। यह चैंपियनशिप 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक गोपालगंज के मिन्ज स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

### खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की पहल

बिहार और झारखंड की संस्कृति में कबड्डी की जड़ें बहुत गहरी हैं, जहाँ स्थानीय मैदानों, गाँवों और समुदायों में इसे बड़े उत्साह के साथ खेला जाता है। हालांकि, अपार प्रतिभा और रुचि के बावजूद, पेशेवर मंचों की कमी रही है जहाँ खिलाड़ी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। गंगा दामोदर कबड्डी चैंपियनशिप इसी कमी को दूर करने का एक प्रयास है। इस पहल का मुख्य उ द्देश्य न केवल उभरती प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें बढ़ावा देना है, बल्कि खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा मार्ग तैयार करना है जिससे वे खेल में आगे बढ़ सकें। यह चैंपियनशिप अंतरराज्यीय खेल सहयोग को प्रोत्साहित करने और जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की दृश्यता बढ़ाने पर केंद्रित है।

# मध्य विद्यालय बहेराडीह में फोकल शिक्षक व बाल प्रेरकों का किया गया चयन

**गया (चौथी वाणी)** गया।मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के डोभी प्रखंड के मध्य विद्यालय बहेराडीह में फोकल शिक्षक एवं बाल प्रेरकों का चयन किया गया। विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका श्रीमती गुड्डी कुमारी बतायी कि आपदा प्रबंधन समिति में कक्षा 6 ,7 एवं 8 के तीन बाल प्रेरकों का चयन किया गया। इनमें मुनिया कुमारी कक्षा 7, सुषमा कुमारी कक्षा 7 अंजली कुमारी कक्षा 7 का नाम शामिल है। फोकल शिक्षक के रूप में विद्यालय प्रभारी श्रीमती गुड्डी कुमारी का नाम प्रस्तावित किया गया। उन्होंने बतायी कि विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का कार्य में ऐसे बच्चों का चयन किया जाता है जिनकी संवाद अच्छी हो एवं नेतृत्व क्षमता हो, जो अन्य बच्चों को प्रभावित मार्गदर्शन दे सके। साथ ही,प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 4 एवं 5 से बाल प्रेरकों को लिया जाता है वही मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6,7एवं 8 से 3 बच्चों को बाल प्रेरक के रूप में लिया जाता है जिसमें बाल संसद एवं मीना मंच के छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया जाता है। इन बाल प्रेरकों को विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप बाढ़ आग लगी सड़क दुर्घटना भगदड़ सुख स्वच्छता जलवायु परिवर्तन एवं प्राथमिक उपचार खोज एवं बचाव आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया जाता है। इनका प्रमुख कार्य अन्य छात्र छात्रों को इन विषयों पर हर एक सुरक्षित शनिवार के दिन फोकल शिक्षक के मदद से जानकारी देना एवं नेतृत्व क्षमता और कौशल को विकास करना होता है। इस समिति में 13 सदस्य होते हैं । इनमें विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष,फोकल शिक्षक एक- एक,बाल प्रेरक तीन,बाल संसद के सदस्य-6,मीना मंच के दो सदस्य होंगे। हजार्ड हंट आपदा प्रबंधन का एक व्यावहारिक और सहभागी तरीका है इस प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यालय परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्र में संभावित खतरों की पहचान की जाती है ।इसमें विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति फोकल शिक्षा एवं बाल प्रेरक को मिलकर सक्रिय रूप में भाग लेते हैं ।बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बांटा जाता है जिसमें प्रत्येक समूह में सीमित संख्या अधिकतम 10 बच्चे रखी जाती है। इन समूह को विद्यालय के अंदर और बाहर भ्रमण कर ऐसे स्थान का चिन्हित किया जाता है एवं कार्य दिया जाता है कि जहां किसी प्रकार का खतरा या नुकसान होने की संभावना हो। इस प्रक्रिया के लिए लगभग 30 से 40 मिनट का समय निर्धारित किया जाता है। बच्चे अपने समूह में सभी खतरों को नोट करते हैं और बाद में उन्हें प्रस्तुत करते हैं इस सामूहिक प्रस्तुति के माध्यम से खतरों को समझ कर उन्हें काम करने या समाप्त करने के उपायों पर विचार किया जाता है ।जिससे एक प्रभावी आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जा सके। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षा रगेबुल हसनैन, नीरज कुमार एवं धीरू कुमार उपस्थित थे।




# आधुनिक भारत के अग्रदूत-अंबेडकर

हरीश सुवासिया/आर.ई.एस.

डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का निमार्ता और 'आधुनिक भारत का निमार्ता'माना जाता है।अंबेडकर ने कहा-"मैं ऐसे धर्म को मानता हूं,जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा का सबक सिखलाता हैं।"अंबेडकर को अपनी योग्यता,क्षमता और कुशलता के कारण संविधान निर्माण की प्रारुप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संविधान सभा के अनेक योग्य तथा सक्षम सदस्यों में से अंबेडकर को प्रारुप समिति में चुना जाना विद्वता का परिचय है। मसौदा समिति के सदस्य संविधान निर्माण हेतु गठित विभिन्न समितियों की रिपोर्ट का अध्ययन कर संविधान में शामिल करने के लिए सदन में पेश करते थे।अंबेडकर किसी विषय पर अपनी सहमति अथवा असहमति प्रकट करते तो युक्ति संगत तर्क प्रस्तुत करते थे।नवंबर,1948 में जब मसौदा संविधान, संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया तब उसमें 315 अनुच्छेद एवं 8 अनुसूचियां शामिल थी।सदन में लंबी बहस तथा प्रत्येक धारा अथवा अनुच्छेद पर सुक्ष्म विचार-विमर्श किया गया। डॉ. अंबेडकर संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य के प्रश्नों का तर्कपूर्ण ढंग से जवाब देते जिसे सदस्य स्वीकार कर लेते थे।अंतिम रूप में संविधान को तैयार कर दो वर्ष ग्यारह माह अठारह दिन के कठोर परिश्रम के बाद 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। देश की राजनीतिक चिंतनधारा में अंबेडकर एकमात्र शख्सियत हैं,जो अस्पृश्यता जनित समस्याएं झेलकर सच्चे कर्मयोगी की भांति सदियों पुरानी समस्या पर मनन करते हैं।वे भारतीय समाज की मूलभूत विभेदकारी और असमानता वाली प्रथाओं जातिभेद, छुआछूत,अस्पृश्यता के निराकरण का संकल्प लेकर उन्मूलन करने हेतु जीवन समर्पित करते हैं।वे अस्पृश्यों के प्रति अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाकर अस्पृश्यों में आत्म-सम्मान और स्वावलंबन जगाने के लिए- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का मूलमंत्र दिया।अंबेडकर ने प्रयत्नपूर्वक अस्पृश्यों को राष्ट्रीय धारा से जोड़कर आपसी सहयोग और सामाज में एकता बढाने तथा अस्पृश्य महिलाओं को दुगुर्णों से दूर रहने का संदेश दिया।उन्होंने संविधान द्वारा अस्पृश्यता को दंडनीय बताकर नेस्तनाबूद किया।उन्होंने नागरिकों को सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की समता और बंधुत्व का अवसर प्रदान किया। डॉ अंबेडकर महिला अधिकारों के अग्रदूत,सामाजिक और आर्थिक समानता के समर्थक और मानव अधिकारों के रक्षक थे।अंबेडकर मानते कि सभ्य समाज का मूल्यांकन इस बात पर निर्भर हैं कि वहां स्त्रियों का दर्जा क्या है? सही मायने में प्रजातंत्र तब सार्थक होगा जब स्त्रियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का हिस्सा मिले।जब उन्हें पुरुषों के समान अधिकार मिलेंगे तब महिलाओं की उन्नति घर परिवार और समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। शिक्षा और आर्थिक विकास से स्त्रियों को सामाजिक बराबरी मिलेगी।अंबेडकर प्रायः कहा करते थे कि मैं हिंदू कोड बिल पास करा कर भारत की नारियों का कल्याण करना चाहता हूं।उन्होंने पतियों द्वारा छोड़ी युवतियों, प्रौढ स्त्रियों को



माता पिता,परिजनों संग रोते-बिलखते दयनीय दशा में देखा।हालांकि बाबा साहेब के जीवनकाल में हिंदू कोड बिल पास नहीं हुआ किंतु बाद में अलग-अलग भागों- हिंदू विवाह कानून, हिंदू उत्तराधिकार कानून और हिंदू गुजारा एवं गोद कानून के रुप में अलग-अलग नामों से पारित हुआ जो समाज में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देता है। अंबेडकर एक विख्यात राजनेता, विधिवेत्ता एवं संविधान विशेषज्ञ थे। वे राज्य की सत्ता और व्यक्ति की स्वतंत्रता में संतुलन और सामाजिक शांति तथा जनता के विभिन्न वर्गों के बीच न्याय और व्यवहार के लिए विधि के शासन को सर्वोपरि मानते। उनके मत में कानून समानता और स्वाधीनता का रक्षक है। कानून सरकार, समाज और राष्ट्र की कार्यकारी सत्ता को नियंत्रित करता है।यह नागरिकों को सीमाओं में बांधता है।अंबेडकर के अनुसार कानून को केवल दंड देकर लागू नहीं बल्कि शिक्षा और सामाजिक भावना के आधार पर लागू किया जाना चाहिए। डॉ भीमराव अंबेडकर लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली के प्रबल समर्थक थे।आरंभ में उन्होंने अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली का समर्थन किया किंतु बाद में संसदीय शासन प्रणाली के प्रबल समर्थक बन गये। डॉ.अंबेडकर ने भारत की विशिष्ट परिस्थितियां को देखकर कुछ बदलावों के साथ संघात्मक व्यवस्था से जुड़ी संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया जबकि ब्रिटेन में एकात्मक व्यवस्था से संबंधित संसदीय प्रणाली विद्यमान थी। अमेरिकी प्रवास के दौरान समाजवादी विचारधारा का गहन अध्ययन कर उन्होंने जाना कि समाजवाद लोगों को दबाव और शोषण से बचाने वाली शक्ति है।समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था देने वाला समाजवाद उपयोगी है।बिना समाजवाद के स्वतंत्रता का सही लाभ नहीं उठाया जा सकता।सामाजिक एकता और आर्थिक समृद्धि के बिना लोकतंत्र का मूल उद्देश्य पूर्ण नहीं होता। जनतंत्र की सुदृढ़ता के लिए लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार जरुरी है।जो लोग समाजवादी आदर्शों तथा मूल्यों के विरुद्ध है उनके हाथों में राजनीतिक शक्ति नहीं आनी चाहिए ।यदि संकीर्ण लोगों को शासन मिल जाएगा तो समाजवाद संभव नहीं हो सकता तथा लोगों को शोषण, अन्याय से सुरक्षा नहीं मिल सकती है।

वह राज्य के उत्पादन व वितरण के साधनों का समाज में समान वितरण करना चाहते थे। डॉ.भीमराव अंबेडकर ने अपने राजनीतिक विचारों में शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत का जोरदार समर्थन किया। इस सिद्धांत का समर्थन करने का मुख्य कारण न्यायपालिका की स्वतंत्रता स्थापित करना था। उनके मत में न्यायपालिका को विधायिका और कार्यपालिका के प्रभाव से मुक्त रखा जायें ताकि न्यायपालिका की कार्यप्रणाली प्रभावित नहीं हो।स्वतंत्र न्यायपालिका बिना किसी दबाव में निष्पक्षता पूर्वक दायित्व निर्वहन करती है। इससे जनसाधारण में न्यायपालिका के प्रति सम्मान बढ़ता है ।स्वस्थ लोकतंत्र के लिए,अधिकारों की रक्षा में न्यायपालिका अभिभावक हैं। अंबेडकर देश के प्राचीन इतिहास और कमजोरियों से परिचित थे।उनके विचार में जब-जब देश की केंद्रीय सत्ता कमजोर हुई तब विदेशी आक्रांताओं ने देश को गुलाम बनाया है। इसलिए अंबेडकर ने स्वतंत्र भारत में शक्तिशाली केंद्रीय सरकार का समर्थन किया जो देश की एकता और अखंडता को बनाये रखने में सक्षम है।डॉ आंबेडकर दलितों और अल्पसंख्यकों के मसीहा थे। समाज के शोषित,पिछड़े,दलित, अल्पसंख्यक समुदाय के हित तभी सुरक्षित रह सकेंगे जब केंद्रीय सरकार सक्षम,मजबूत होगी। वे शक्तिशाली केंद्र सरकार का समर्थन करते हैं किंतु केंद्र को असीमित शक्तियां नहीं सौंपते। अंबेडकर केंद्र की शक्तियों पर न्यायपालिका और विधायिका के नियंत्रण को स्वीकार करते ताकि केंद्र निरंकुश ना बन जाए। अंबेडकर ने तटस्थ नौकरशाही का समर्थन किया है। तटस्थ नौकरशाही से अभिप्राय-ऐसी नौकरशाही जो बिना दबाव के निष्पक्ष होकर कार्यपालिका को प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करती है। सरकारें और मंत्री बदलेंगे किंतु प्रशासन का संचालन नौकरशाही करती है।अंबेडकर के मत में नौकरशाही तटस्थ होकर कार्य करेगी तो सामाजिक, आर्थिक विकास की गति बढ़ जाएगी। यदि नौकरशाही को वचनबद्ध कर कार्यपालिका द्वारा हस्तक्षेप किया जायेगा तो वह कार्यपालिका के हाथों की कठपुतली बन जावेगी।ऐसी नौकरशाही से हम सामाजिक, आर्थिक लोकतंत्र की आशा नहीं कर सकते हैं। अतः अंबेडकर ने तटस्थ नौकरशाही की आवश्यकता पर बल दिया था। डॉ अंबेडकर के साहित्य में अस्पृश्यों के उद्गम का विवेचन मिलता है।उन्होंने जाति प्रथा और वर्ण व्यवस्था को हिंदू धर्म के पतन का कारण माना है।उनके मत में हिंदू धर्म ग्रंथों की जाति प्रथा और वर्ण व्यवस्था अस्पृश्यता के लिए जिम्मेदार है।समाज में अस्पृश्यता निवारण के लिए जाति प्रथा और वर्ण व्यवस्था का उन्मूलन जरुरी है।


# पंद्रहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद की गई योगमाया देवी



**नवादा ( चौथी वाणी )** नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड के अरण्यडीह गांव में दिवंगत योगमाया देवी जी की पुण्यतिथि के पावन अवसर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां गांव के सबसे वरिष्ठ नागरिक श्री विजय कुमार मिश्र, श्री मिथलेश कुमार मिश्र अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए लगभग 200(दो सौ ) मातृ-शक्तियों को अंगवस्त्र के रूप में साया , साड़ी , ब्लाउज, चूड़ी, सिंदूर प्रदान किया गया,साथ ही साथ सभी को भोजन भी कराया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन गांव के सबसे वरिष्ठ नागरिक जिन्हें आमजन शतकवीर बाबा के नाम से भी जानते हैं, इनके कर कमलों द्वारा श्रद्धेय योगमाया देवी जी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के पश्चात श्रद्धेय योगमाया देवी जी के जीवन चरित्र पर इनके बड़े सुपुत्र श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मेरी मां श्रद्धेय योगमाया देवी जी काफी अभाव में भी अपने कठिन परिश्रम एवं बुद्धिमत्ता से सभी भाई -बहनों के साथ - साथ नाती- पोते को बेहतर शिक्षा देकर गांववासियों के साथ - साथ क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धेय योगमाया देवी जी के दामाद सह प्रकांड विद्वान श्री रविन्द्र चंद्र पाठक जी ने किया। वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित गांववासियों ने इनके जीवन चर्चा की प्रस्तुति को सुनकर अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए।यह आंसू श्रद्धेय योगमाया देवी जी के द्वारा किए गए कार्यों का प्रकटीकरण ही था।इस अवसर पर पारिवारिक सदस्यों के साथ - साथ काफी संख्या में गांववासी उपस्थित रहकर उनके व्यक्तित्व में कीर्तित्व को याद किया।इस अवसर पर श्री अनिल कुमार मिश्र, श्री बिंदु कुमार मिश्र, श्री नवीन कुमार मिश्र, श्री मनोज कुमार मिश्र, श्री राकेश कुमार मिश्र, श्री अरुण कुमार मिश्र, श्री मुकेश कुमार मिश्र, श्री अमरेश कुमार मिश्र, श्री सौरभ कुमार मिश्र, श्री चंदन कुमार मिश्र, श्री मनीष कुमार मिश्र, श्री प्रशांत कुमार मिश्र, श्री निशांत कुमार मिश्र, श्री गौरव कुमार मिश्र, श्री राहुल कुमार मिश्र, श्री अंशुल कुमार मिश्र, श्री अभिषेक कुमार पाठक, श्री अंकित कुमार पाठक, सुश्री अंजलि कुमारी,श्री आनन्द कुमार मिश्र, श्री आशुतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन श्रद्धेय योगमाया देवी जी की सुपुत्री श्रीमती सुनीता पाठक जी किया। इन्होंने कहा कि मेरी मां इस दुनिया में नहीं परंतु जहां भी है,हम पारिवारिक सदस्यों को परोक्ष रूप से आशीर्वाद मार्गदर्शन कर रही है। इनके आशीर्वाद से हम सभी पारिवारिक सदस्य पल्लवित -पुष्पित हो रहे हैं।अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## रिहायशी कॉलोनी में घुसा गौर, रातभर दहशत का माहौल

**बगहा/वाल्मीकिनगर (चौथी वाणी)** ऊपरी शिविर स्थित आवासीय कॉलोनी में बीती रात एक गौर (भारतीय बाइसन) के घुस आने से अफरा-तफरी मच गई। जंगल से भटककर आए इस विशाल जंगली पशु को देख लोग सहम गए और घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।स्थानीय निवासी मुन्ना श्रीवास्तव व अरुण पटेल ने बताया कि देर रात भारी जानवर की आहट सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो सामने विशाल गौर खड़ा था, जिसे आमतौर पर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगलों में पाया जाता है।सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि पशु पर नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार भोजन या पानी की तलाश में ऐसे जानवर आबादी में आ जाते हैं। गौर संवेदनशील प्रजाति माना जाता है।



## जन-जन में करुणा है धर्म का मूल मंत्र : बोहरा

महावीर सर्किल मोहल्ले में लगाए परिण्डे, अभियान में लगेंगे 2000 परिण्डे

**बाड़मेर राजस्थान/चौथी वाणी।** जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए अलग-अलग स्थानों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं जा रहे है। जिस कड़ी में रविवार को महावीर सर्किल मोहल्ले में संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की अगुवाई में पंछियों की जल सेवा में पेड़ों व घरों की छतों पर परिण्डे लगाए गए। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि गर्मी के इस दौर में अबोल पशु-पक्षियों की सेवा पुण्य का कार्य है। जन-जन में जीवों के प्रति करुणा ही धर्म का मूल मंत्र है। जीवों के प्रति करुणा से ही सही मायनों में धर्म व मानवता की स्थापना हो सकेगी। अमन ने कहा कि संस्थान इस वर्ष आमजन के सहयोग से तकरीबन 2000 से अधिक मिट्टी के परिण्डे लगायेगी। इस दौरान मुकेश अमन, राजेन्द्र भंसाली, राजू जैन, सुरेश कुमार जैन सहित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।



# आशा भोंसले जी को श्रद्धांजलि

दे कर अनमोल खजाना अपने हृदय स्पर्शी सुरों का इस विश्व को,
12 अप्रैल 2026 को कहा अलविदा आशा भोंसले जी ने जग को,
अपने आत्मविश्वास और हुनर के दम पर ही किया दिलों पर राज,
जीवन में संगीत साधना से कई नायाब पुरस्कारों का पहना ताज ।
चाहे बंद हो नभ की ओर रास्ते सारे उन्हें अपने पंखों पर था यकीन,
जिंदगी को जिया भी अपनी जिद्द और कला के दम पर हाँ बेहतरीन,
आशा जी ने संगीत की विधाओं को प्रस्तुत किया अपने ही अंदाज,
बन गयी उनकी स्वर आराधना अरबों दिलों की पसंदीदा आवाज ।
ईश्वरीय अनंत कृपा उन पर जन्म हुआ था उनका संगीतज्ञ घराने में,
परवरिश संगीत ने उनकी की रूह में रचा बसा कर उसी जमाने में,
उतरी वो गायकी में दीदी लता जी के साथ घर की जिम्मेदारी लेकर,
अब तक 16,000 से भी अधिक कई भाषाओं में गाएं गीत जमकर ।
दिलों को आशाएं देने वाली आशा अब नहीं है हमारे बीच स्वशरीर से,
पर उनकी जादूई आवाज हमेशा के लिए अमर हुई रूहानी जमीर से,
उनके आशा रेस्टोरेंट में विदेश में खाया था मैंने भी एक बार खाना,
महसूस किया उनका अद्भुत व्यक्तित्व कैसे बना देता सबको दीवाना ।
प्रार्थना हैं उनकी पाक आत्मा को मिलें ईश "आनंद" चरणों में स्थान,
ऐसे ही कुछ नेक दिल बंदों पर रब रहता हैं सदा के लिए मेहरबान,
ये नश्वर शरीर त्यागना हैं हम सबको एक न एक दिन यह तो हैं तय,
पर जो भव्य सौगात देकर होते विदा चिरकाल तक वे पूज्य अजेय ।

\- मोनिका डागा ह्लआनंद", चेन्नई



## राशिफल/पंचांग

ज्योतिषाचार्य संजीत कुमार मिश्रा



दिनांक 13/04/2026 सोमवार

बैशाख कृष्णपक्ष एकादशी, सुबह 01:08 उपरांत द्वादशी,नक्षत्र घनिष्ठा,संध्या 04:03 उपरांत शतभिखा, राशि -कुम्भ,विक्रम सम्वत :2083,सूर्योदय 05:30 सुबह,सूर्यास्त :06:11संध्या, चंद्रोदय :03:14 सुबह (14 अप्रैल 2026 ),चंद्रास्त : 02:08 दोपहर,ऋतू बसंत, चौघडिया,दिन,चौघड़िया;अमृत 05:29 सुबह 07:04 सुबह,काल 07:04 सुबह 08:40 सुबह,शुभ 08:40 सुबह 10:15 सुबह,रोग 10:15 सुबह 11:50 सुबह,उद्वेग11:50 सुबह 01:25 दोपहर,चर 01:25 दोपहर 03:01दोपहर,लाभ 03:01 दोपहर 04:36 संध्या अमृत 04:36 संध्या 06:11 संध्या,लगन :मीन,सुबह 05:35 उपरांत मेष लगन,राहुकाल,सुबह 07:04 से 08:40 सुबह,अभिजित मुहूर्त,सुबह 11:25 सुबह से 12:16 दोपहर,दिशाशूल पूर्व यात्रा विचार :आज कही यात्रा पर जाने के पहले दर्पण में अपना चेहरा देखकर यात्रा करे लाभ होगा.

### -- दैनिक राशिफल --

**मेष :** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**वृष :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा।

**मिथुन :** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा।

**कर्क :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**कन्या :** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा।

**तुला :** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा।

**मकर :** अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें।

**कुंभ :** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।